

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 259 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 28 जून 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय जहाजों के आवागमन को मिली अनुमति, महानिदेशालय ने जारी किए सुरक्षा निर्देश

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। भारत सरकार के पोत परिवहन महानिदेशालय (डीजीएस) ने होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय जहाजों के आवागमन पर लगाई गई रोक हटा दी है। हालांकि, सभी जहाजों के कप्तानों, चालक दल और शिपिंग कंपनियों को पूर्ण सतर्कता बरतने तथा निर्धारित सुरक्षा निर्देशों का अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।



महानिदेशालय द्वारा 26 जून को जारी परिपत्र में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) ने तटीय देशों एवं समुद्री उद्योग के सहयोग से संकटग्रस्त नाविकों की सुरक्षित निकासी के लिए एक समन्वित व्यवस्था लागू की है। इस व्यवस्था में आईएमओ, यूकेएमटीओ, माइका सेंटर तथा संबंधित तटीय देश संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं।

परिपत्र के अनुसार, पोत परिवहन महानिदेशालय, बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, भारतीय नौसेना, विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए हुए है, ताकि भारतीय नाविकों की सुरक्षा और उनके हितों की प्रभावी ढंग से रक्षा की जा सके।

महानिदेशालय ने स्पष्ट किया है कि भारतीय जहाज स्वामियों, जहाज प्रबंधन कंपनियों तथा भर्ती एवं नियुक्ति एजेंसियों (आरपीएसएल) के लिए फारस की खाड़ी क्षेत्र में जहाजों के संचालन अथवा भारतीय नाविकों की तैनाती पर कोई प्रतिबंध नहीं है। सभी संबंधित पक्षों को केवल तटीय देशों एवं सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा।

परिपत्र में कहा गया है कि फारस की खाड़ी, होर्मुज जलडमरूमध्य अथवा उसके आसपास के समुद्री क्षेत्रों से गुजरने वाले सभी जहाजों के कप्तान सुरक्षा संबंधी चेतावनियों और परामर्शों पर निरंतर नजर रखें तथा जहाज की सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

इसके साथ ही महानिदेशालय ने सभी संबंधित पक्षों को विदेश मंत्रालय, पोत परिवहन महानिदेशालय, विदेशों में भारतीय मिशनों तथा अन्य सरकारी एजेंसियों द्वारा समय-समय पर जारी परामर्शों पर ध्यान देने की सलाह दी है। यदि किसी भारतीय नाविक से संबंधित कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसकी सूचना तत्काल डीजी कम्युनिकेशन सेंटर तथा क्रू शाखा को देने के निर्देश दिए गए हैं।

महानिदेशालय ने यह भी आगाह किया है कि जहाजों की सुरक्षा से जुड़ी किसी भी सूचना, वीडियो अथवा समाचार को साझा करने से पूर्व उसकी सत्यता सरकारी एवं आधिकारिक स्रोतों से अवश्य सुनिश्चित कर ली जाए। अपुष्ट समाचारों, भ्रामक सूचनाओं अथवा फर्जी वीडियो के प्रसार से बचने की सलाह दी गई है।

महानिदेशालय ने कहा है कि ये सभी कदम भारतीय नाविकों की सुरक्षा, हितों तथा उनके कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उठाए गए हैं।

### उत्तर प्रदेश में जल्द दस्तक देगा मानसून, तेज बारिश और आंधी का अलर्ट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी से राहत मिलने वाली है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अगले तीन से चार दिनों में प्रदेश में मानसून के प्रवेश की परिस्थितियां अनुकूल बन रही हैं। इसके साथ ही कई जिलों में तेज बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 30 जून और 1 जुलाई को प्रदेश के कई हिस्सों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इस दौरान गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की भी संभावना है, जिससे तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आएगी। आईएमडी के अनुसार 2 और 3 जुलाई तक अधिकतम तापमान घटकर 34 से 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश में मानसून के पूरी तरह सक्रिय होने से पहले अगले कुछ दिनों तक लू और उमस का असर बना रह सकता है। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने तथा बिजली चमकने और तेज हवाओं के समय सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

## ग्रेटर नोएडा में 9,228 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ग्रेटर नोएडा में यमुना सिटी और नोएडा क्षेत्र की कुल 9,228 करोड़ रुपये लागत की औद्योगिक एवं विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने यमुना सिटी के सेक्टर-10 स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी) में 6,750 करोड़ रुपये के निवेश वाली तीन प्रमुख औद्योगिक परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।

इन परियोजनाओं में एम्बर ग्रुप और दक्षिण कोरिया की एक कंपनी के संयुक्त उपक्रम सहित कई बड़े निवेश शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन निवेशों से प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी तथा रोजगार के व्यापक अवसर सृजित होंगे।



### उत्तर प्रदेश बन रहा इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का वैश्विक केंद्र

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश तेजी से इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि जिन इलेक्ट्रॉनिक कल-पुर्जों का भारत अब तक विदेशों से आयात करता था, अब उनका निर्माण उत्तर प्रदेश में ही किया जाएगा और उन्हें विश्व के विभिन्न देशों में निर्यात किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निवेशकों को हरसंभव सुविधाएं उपलब्ध कराकर उत्तर प्रदेश को इलेक्ट्रॉनिक कल-पुर्जों के निर्माण का सबसे बड़ा केंद्र बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

### 'जेवर अब जंगलराज नहीं, मंगलराज का प्रतीक'

मुख्यमंत्री ने कहा, "कभी जंगलराज के लिए बदनाम रहा जेवर आज मंगलराज का प्रतीक बन गया है।" उन्होंने कहा कि जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा उत्तर प्रदेश के विकास की नई पहचान बनने जा रहा है। शीघ्र ही यहां से व्यावसायिक उड़ानें प्रारंभ होंगी, जिससे क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को और गति मिलेगी तथा लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

### निवेशकों की पहली पसंद बना उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश की पहचान नकारात्मक कारणों से होती थी, लेकिन आज वही प्रदेश देश और दुनिया के निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की निवेशक-अनुकूल नीतियों, सिंगल विंडो प्रणाली और बेहतर कानून-व्यवस्था के कारण बड़ी संख्या में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियां प्रदेश में निवेश कर रही हैं।

### मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण में अग्रणी प्रदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश में मोबाइल निर्माण का प्रमुख केंद्र बन चुका है, जबकि ग्रेटर नोएडा इलेक्ट्रॉनिक्स कल-पुर्जों के उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी स्थान प्राप्त कर चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर विनिर्माण के क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई औद्योगिक परियोजनाएं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के साथ-साथ युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। (इनपुट :

## सेशेल्स में भारतीय समुदाय दोनों देशों की मित्रता का सबसे मजबूत सेतु : प्रधानमंत्री मोदी



**समाज जागरण**

विक्टोरिया (सेशेल्स)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी तीन दिवसीय सेशेल्स यात्रा के दौरान वहां रह रहे भारतीय समुदाय की सराहना करते हुए कहा कि प्रवासी भारतीय दोनों देशों के बीच मित्रता और सहयोग के सबसे मजबूत सेतु हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय समुदाय ने वर्षों से भारत और सेशेल्स के संबंधों को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

शनिवार को सेशेल्स पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर गुजराती पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति की आकर्षक झलक पेश की।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि सेशेल्स में भारतीय समुदाय ने उनका अत्यंत आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत के प्रति प्रवासी भारतीयों का गहरा लगाव तथा सेशेल्स के विकास में उनका योगदान अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि भारतीय समुदाय दोनों देशों के लोगों के बीच आत्मीय संबंधों को और अधिक मजबूत करने का कार्य कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने स्वागत समारोह के दौरान प्रस्तुत कच्छ के पारंपरिक लोकनृत्य की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय जिस प्रकार भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं को विदेशों में संरक्षित और प्रोत्साहित कर रहे हैं, वह गर्व का विषय है।

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के गर्मजोशीपूर्ण स्वागत के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेशेल्स भारत का महत्वपूर्ण समुद्री साझेदार तथा हिन्द महासागर क्षेत्र का घनिष्ठ मित्र देश है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच सहयोग के नए आयाम स्थापित करेगी तथा द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी।

अपनी राजकीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति हर्मिनी के साथ विक्टोरिया स्थित सेशेल्स नेशनल बोटैनिकल गार्डन का भी भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद विशालकाय कछुओं को भोजन कराया। इनमें 194 वर्ष आयु का 'जोनाथन' भी शामिल था, जिसे विश्व का सबसे अधिक आयु वाला जीवित स्थलीय कछुआ माना जाता है।

भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति हर्मिनी ने बोटैनिकल गार्डन परिसर में एक पौधा भी रोपित किया, जिसे पर्यावरण संरक्षण और भारत-सेशेल्स मैत्री का प्रतीक बताया गया।

### बांग्लादेश ने मोंगला बंदरगाह परियोजना चीन को सौंपी

**समाज जागरण**

ढाका। बांग्लादेश ने मोंगला बंदरगाह परियोजना का कार्य भारत के बजाय चीन की सरकारी कंपनी चाइना सिविल इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन (सीसीसीसी) को सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि यह बंदरगाह भारतीय सीमा से करीब 80 किलोमीटर दूर स्थित है। इस घटनाक्रम को भारत की पूर्वोन्मुखी नीति और क्षेत्रीय रणनीतिक हितों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



हालांकि, इससे भारत की सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक भारतीय प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### कराची में जोरदार धमाका, रेंजर्स मुख्यालय के पास चली गोलियां

कराची। पाकिस्तान के कराची शहर में शनिवार को गुलिस्तान-ए-जौहर क्षेत्र में जोरदार विस्फोट के बाद गोलीबारी की घटना सामने आई। शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार धमाका पाकिस्तान रेंजर्स के कार्यालय के निकट हुआ, जिसके बाद इलाके में दहशत फैल गई।



फिलहाल किसी के हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सुरक्षा एजेंसियां घटना के कारणों की जांच कर रही हैं।

### कांग्रेस के नए प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम का दावा, 2027 में यूपी और 2029 में केंद्र में बनेगी सरकार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने पदभार संभालने के बाद दावा किया कि पार्टी वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश और 2029 के लोकसभा चुनाव में केंद्र की सत्ता हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गांव-गांव तक संगठन को मजबूत करेगी और सामाजिक न्याय के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर भी निशाना साधा।



## अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर सीएम योगी ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 की घोषणा की

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर। अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नोएडा में आयोजित भव्य समारोह में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 के चौथे संस्करण की औपचारिक घोषणा की। यह ट्रेड शो 25 से 29 सितंबर 2026 तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में आयोजित होगा।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नोएडा प्राधिकरण के लगभग 390 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नए मुख्य प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया तथा 2,479 करोड़ रुपये की लागत वाली 70 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदली है और आज प्रदेश उद्योग, निवेश तथा रोजगार का प्रमुख केंद्र बन चुका है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां संचालित हैं, जिनसे 1.25 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत युवाओं को 5 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त एवं गारंटीमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने लोगों से स्थानीय उत्पाद खरीदने और 'एक जनपद, एक उत्पाद' (ओडीओपी) को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने एमएसएमई लाभार्थियों को टूलकिट एवं प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। साथ ही किसानों को विकसित आबादी भूखंडों के आरक्षण पत्र तथा नोएडा प्राधिकरण के 4,800 संविदा कर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ भी किया।

### राम मंदिर ट्रस्ट में बदलाव की अटकलें, 11 जुलाई की बैठक में हो सकता है बड़ा फैसला

**समाज जागरण**

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में बड़े बदलाव की अटकलें तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार, 11 जुलाई को होने वाली ट्रस्ट की बैठक में संगठनात्मक और प्रशासनिक ढांचे में व्यापक परिवर्तन पर चर्चा हो सकती है। कुछ रिपोर्टों में ट्रस्ट के पुनर्गठन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को अधिक प्रशासनिक जिम्मेदारियां दिए जाने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के इस्तीफों के बाद प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित हुई है।




# चंदा चोरी में क्यों उठ रही हैं न्यास से जुड़े सरकारी नुमाइंदों पर उंगली

अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार

प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में प्रभु रामलला मंदिर न्यास के भीतर जो चंदा सम्बंधी अनियमितता और चोरी का मामला सामने आया, वह न केवल धन के लेन-देन की सवालिया निशानियों को उजागर करता है, बल्कि यह




भी दिखाता है कि न्यास और सरकारी पदों के बीच किस तरह का गहन घालमेल होता है। दरअसल, राम लला के मंदिर में चंदा चोरी के पीछे विश्वासघात दो पक्ष दिखाई दे रहे हैं, एक, जो सार्वजनिक विश्वास का स्वामी है, और दूसरा, जो उसी विश्वास का रखवाला बनकर उसमें हेरफेर करता है। यह मामला उसी द्वंद्व का मानवीय और प्रशासकीय चित्र है। प्रभु राम लला के मंदिर में चंदा चोरी का मामला तब जनता के समक्ष आया जब मद्दे नजर चंदा खाते के असामान्य रिकार्ड, निकासी और लेन-देन की रिपोर्टें आईं। सूचनाओं के आधार पर एक विशेष जांच दल ने प्रारंभिक जाँच की और कुछ लोगों के खिलाफ गिरफ़्तारी भी हुई। पर आश्चर्य यह है कि न्यास का गठन और उसमें पदेन शामिल सरकारी अनुशासन पर किसी भी प्रकार की पूछताछ की आवाज सुनी नहीं गयी। यही वह बिंदु है जहाँ आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हुआ और प्रश्न उभरे कि क्या किसी अमुक अधिकारी ने अपनी पदेन उपस्थिति का दायित्व पूरी तरह निभाया या नहीं।

गौरतलब है, राम लला मंदिर न्यास में धार्मिक, सामाजिक और सरकारी प्रतिनिधि साथ मिलकर कार्य करते हैं। कई बार जिलाधिकारी, पुलिस प्रमुख, कर विभाग या स्थानीय शासकीय अधिकारी न्यास के आचार-नियमों के अनुसार पदेन सदस्य होते हैं। यह व्यवस्था इसलिए होती है ताकि मंदिर-सम्बन्धी संपत्ति और सार्वजनिक व्यवस्था में सरकारी निगरानी बनी रहे। पर जब उसी व्यवस्था के माध्यम से चंदे की हेराफेरी हो, तो सवाल उठते हैं कि पदेन सदस्य किस हद तक अपनी जवाबदेही निभा रहे थे। ऐतिहासिक रूप से देखा जाए तो समय-समय पर कई आईएएस और अन्य अधिकारी न्यास के साथ जुड़े रहे हैं। जिलाधिकारी की उपस्थिति स्वाभाविक रही है क्योंकि जिलाधिकारी का कर्तव्य स्थानीय शांति-व्यवस्था और सरकारी नियमों का संरक्षण करना है। जिलाधिकारी के अलावा पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी, तथा कर और राजस्व सम्वंधी अधिकारी भी न्यास की बैठकों में अक्सर शामिल होते रहे हैं। कुछ नाम सार्वजनिक अभिलेखों और सूचनाओं में दिखते हैं, पर इन्हें यहाँ सीधे आरोपी नहीं दशार्या जा सकता। यही कारण है कि अब तक आधिकारिक बयान और जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है कि किन-किन अधिकारियों का वक्तव्य रिकॉर्ड हुआ और किस स्तर की जवाबदेही तय की जायेगी।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि सरकारी अधिकारी जब पदेन सदस्य के रूप में किसी न्यास से जुड़े होते हैं तो उनका कर्तव्य स्पष्ट होता है, पारदर्शिता सुनिश्चित करना, लेखा-जोखा का लेखा परीक्षण करवाना और सभी कानूनी नियमों का पालन कराना। यदि इन कर्तव्यों में कोई चूक हुई हो, तो साधारण लोक मान्यताओं के अनुसार उनकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। पर व्यवहार में प्रशासनिक अनुशासन के नियम, विभागीय जांच और सेवा नियमों की प्रक्रियाएँ कठिन और धीमी हो सकती हैं, इसलिए जनता में असंतोष उभरता है कि तुरंत किसी सरकारी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही। ध्यान देने वाली बात यह है कि वित्तीय अनियमितता अक्सर कुशलता से गुप्त रखी जाती है। चंदे के बहाव को पतला करने के लिए कई माध्यम अपनाये जा सकते हैं अलग-अलग खातों में विभाजन, औपचारिक दस्तावेजों में छेड़छाड़, और लेखा-जोखा में देरी यह सब भ्रष्टाचार के हथकंडे हैं। जब जांच दल ने गहन जाँच की तो कहीं-कहीं उन प्रक्रियाओं के निशान मिले जो बतलाते हैं कि लंबे समय से व्यवधान की गुंजाइश मौजूद थी। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या पदेन सरकारी निगरानी उपस्थिति सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गई थी, या क्या किसी पदाधिकारी ने जानबूझकर दृष्टि अंधी की।

नागरिकों का भरोसा धार्मिक संस्थाओं पर तभी बना रहता है जब प्रशासनिक तथा धार्मिक नेतृत्व दोनों पारदर्शी और जवाबदेह हों। आज जब चंदे की चोरी जैसे आरोप सामने आते हैं, तो सिर्फ पकड़ या गिरफ़्तारी ही समाधान नहीं है। एक ठोस लेखा-जोखा प्रणाली, नियमित बाह्य लेखा-निरीक्षण, और न्यास के कामकाज में नागरिकों की निगरानी जैसी व्यवस्थाएँ लागू होनी चाहिएं। साथ ही, पदेन जुड़े सरकारी अधिकारियों की भूमिका पर स्पष्ट दिशानिर्देश और समय-समय पर उनकी जवाबदेही तय करने की प्रक्रिया भी आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना को रोका जा सके।इस पूरे घटनाक्रम में स्थानीय लोकनेता और समाज-सेवी भी सक्रिय हुए हैं। उन्होंने मांग की है कि जिन अधिकारियों ने न्यास की देखरेख में खामी की, उनकी जिम्मेदारी तय की जाए। साथ ही, जनता जानना चाहती है कि वर्तमान समय में किन-किन सरकारी अधिकारियों का नाम न्यास से जुड़ा हुआ दर्ज है। यह जानकारी आम तौर पर न्यास के दायर दस्तावेजों, सरकारी आदेशों और स्तरवार बैठकों के अभिलेखों में मिलती है। पर प्रशासनिक जवाबदेही और गोपनीयता के कारण हर विवरण सार्वजनिक नहीं किया जाता। इसलिए नागरिक संगठन और कुछ पत्रकार इन अभिलेखों की माँग कर रहे हैं ताकि पारदर्शिता लाई जा सके।

यदि हम सामर्थ्य से देखें, तो अभी जो कदम उठने चाहिए वे स्पष्ट हैं: जांच का परिधि बढ़ाना, लेखा-जोखा का सार्वजनिक करना, और पदेन जुड़े सरकारी अधिकारियों की सक्रिय जाँच। इसके साथ ही, संबंधित विभागों को निर्देश मिलने चाहिए कि भविष्य में न्यास के वित्तीय लेन-देन पर नियमित अंतराल पर निगरानी रखी जाये। स्थानीय प्रशासन को भी यह बताना होगा कि जिलाधिकारी और अन्य पदेन सदस्य किस तरह से अपनी निगरानी का लेखा-जोखा रखते हैं, क्या वे नियमित रिपोर्ट लेते हैं, क्या बाह्य लेखा-निदेशक के आदेश लागू होते हैं, और क्या समय-समय पर लेखा परीक्षण कराया जाता है। नहीं भूलना चाहिए कि चंदा चोरी के बाद अब जनता का विश्वास तब लौटेगा जब पारदर्शिता और कानून का समुचित पालन दोनों साथ हों। चंदा केवल धन नहीं, वह भरोसे का प्रमाण है। जब उसी भरोसे को ठेस पहुँचती है, तो केवल कुछ पकड़े जाने भर से काम नहीं चलता। गहन, निष्पक्ष और समयबद्ध जाँच की आवश्यकता है, ताकि दोषी चाहे किसी भी पद पर हों, उनके खिलाफ उचित कार्रवाई हो सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं के लिए मजबूत रोकथाम तैयार की जाए।

# जम्मू कश्मीर में जनभागीदारी से मजबूत होती सुरक्षा

महेन्द्र तिवारी

जम्मू कश्मीर लंबे समय से आतंकवाद, घुसपैठ और सीमा पार से प्रायोजित हिंसा जैसी चुनौतियों का सामना करता आ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा बलों ने अनेक सफल अभियान चलाकर आतंकवादी ढांचे को कमजोर किया है, लेकिन दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों, घने जंगलों और सीमावर्ती गांवों में समय-समय पर आतंकवादी गतिविधियां सामने आती रही हैं। ऐसी परिस्थितियों में केवल सुरक्षा बलों की मौजूदगी पर्याप्त नहीं मानी जाती, बल्कि स्थानीय समाज का सहयोग भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। इसी सोच को आधार बनाकर ग्रामीण सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके अंतर्गत ग्रामीण सुरक्षा दलों को आधुनिक प्रशिक्षण देकर उन्हें अपने गांवों की सुरक्षा में सक्रिय भागीदार बनाया जा रहा है। हाल के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हथियार संचालन, निशानेबाजी, बुनियादी युद्धाभ्यास, सतर्कता और सुरक्षा बलों के साथ समन्वय पर विशेष जोर दिया गया है।

ग्रामीण सुरक्षा दलों की अवधारणा नई नहीं है। अतीत में भी आतंकवाद से प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को आत्मरक्षा और गांवों की सुरक्षा के लिए संगठित किया गया था। समय के साथ सुरक्षा चुनौतियों का स्वरूप बदला तो इन दलों की भूमिका भी अधिक व्यवस्थित होती गई। आज इनका उद्देश्य किसी नियमित सैन्य बल का स्थान लेना नहीं है, बल्कि सुरक्षा एजेंसियों के सहयोगी के रूप में कार्य करना है। स्थानीय निवासी अपने क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों, रास्तों, जंगलों, पहाड़ियों और सामाजिक गतिविधियों से भलीभांति परिचित होते हैं। यही जानकारी किसी भी संदिग्ध गतिविधि का समय रहते पता लगाने में महत्वपूर्ण सिद्ध होती है।

हाल के महीनों में जम्मू क्षेत्र के कई संवेदनशील इलाकों में सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए हैं। इन शिविरों में ग्रामीणों को हथियारों के सुरक्षित उपयोग, निशानेबाजी, बंकरों के उपयोग, गश्त के दौरान सावधानियों, आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया तथा सुरक्षा बलों के साथ संपर्क बनाए रखने का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित एजेंसियों तक पहुंचे और आवश्यकता पड़ने पर प्रारंभिक स्तर पर गांव की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

इस अभियान की सबसे उल्लेखनीय विशेषता महिलाओं की बढ़ती भागीदारी है। पहले सुरक्षा संबंधी गतिविधियों में पुरुषों की संख्या अधिक होती थी, लेकिन अब अनेक गांवों में महिलाएं भी उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उन्हें हथियारों के सुरक्षित संचालन, चौकसी, सूचना संग्रह, संकट की स्थिति में परिवारों की सुरक्षा और स्थानीय समन्वय की शिक्षा दी जा रही है। इससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा



है और समाज में सुरक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना भी मजबूत हुई है। कई स्थानों पर महिलाओं ने यह संदेश दिया है कि गांव की सुरक्षा केवल पुरुषों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समुदाय का दायित्व है।

सीमावर्ती और दूरदराज के गांवों की परिस्थितियां सामान्य क्षेत्रों से भिन्न होती हैं। यहां कई बार सुरक्षा बलों को कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण घटनास्थल तक पहुंचने में समय लग सकता है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित ग्रामीण प्रारंभिक सतर्कता बनाए रखने, लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना देने का कार्य कर सकते हैं। इससे सुरक्षा बलों को भी अधिक सटीक और समय पर जानकारी मिलती है, जिससे अभियान अधिक प्रभावी बनते हैं।

सरकार द्वारा ग्रामीण सुरक्षा दलों को बेहतर हथियार उपलब्ध कराने की दिशा में भी कदम उठाए गए हैं। पहले जहां कई स्थानों पर पुराने हथियार उपलब्ध थे, वहीं अब आधुनिक स्वचालित क्षमता वाले हथियार और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई है। इससे ग्रामीणों का मनोबल बढ़ा है और उन्हें यह विश्वास मिला है कि सरकार उनकी सुरक्षा संबंधी भूमिका को गंभीरता से ले रही है। हालांकि हथियारों का उपयोग निर्धारित नियमों और सुरक्षा एजेंसियों के मार्गदर्शन में ही किया जाता है।

प्रशिक्षण केवल हथियार चलाने तक सीमित नहीं रहता। इसमें अनुशासन, संयम, कानूनी दायित्व, नागरिकों की सुरक्षा, सूचना की गोपनीयता और संकट प्रबंधन जैसे विषय भी शामिल किए जाते हैं। प्रशिक्षकों द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के प्रति कार्रवाई का अंतिम अधिकार सुरक्षा एजेंसियों के पास होता है। ग्रामीणों की भूमिका मुख्य रूप से सतर्कता, सूचना और आत्मरक्षा तक सीमित रहती है। इससे कानून व्यवस्था और नागरिक अधिकारों के बीच संतुलन बनाए रखने में सहायता मिलती है।

आतंकवाद का उद्देश्य केवल हिंसा फैलाना नहीं होता बल्कि लोगों के मन में भय पैदा करना भी होता है। जब किसी गांव के लोग स्वयं संगठित होकर सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करते हैं तो आतंकवादियों के लिए स्थानीय समर्थन प्राप्त करना कठिन हो जाता है। ग्रामीणों की सतर्कता के कारण संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जल्दी मिलती है और सुरक्षा बल समय रहते कार्रवाई कर सकते हैं। यही कारण है कि सुरक्षा विशेषज्ञ सामुदायिक भागीदारी को आतंकवाद विरोधी रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा मानते हैं।

जम्मू कश्मीर के अनेक गांव ऐसे हैं जहां लोगों ने वर्षों तक आतंकवाद का दंश झेला है। कई परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है और लंबे समय तक भय के वातावरण में जीवन बिताया है। इसलिए जब सुरक्षा व्यवस्था में स्थानीय लोगों को सम्मानजनक भागीदारी का अवसर मिलता है तो उनमें आत्मविश्वास का नया संचार होता है। यह भावना केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं रहती बल्कि सामाजिक एकता और विकास को भी प्रोत्साहित करती है।

स्थानीय युवाओं की भागीदारी भी इस अभियान की सफलता का महत्वपूर्ण आधार है। प्रशिक्षित युवा अपने गांवों में जागरूकता फैलाते हैं, लोगों को अफवाहों से बचने की सलाह देते हैं और सुरक्षा एजेंसियों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखते हैं। इससे गलत सूचनाओं के प्रसार पर भी नियंत्रण रखने में मदद मिलती है। आधुनिक समय में सामाजिक माध्यमों के जरिए फैलने वाली अफवाहें भी सुरक्षा के लिए चुनौती बन सकती हैं, इसलिए सूचना की सत्यता पर विशेष बल दिया जाता है।

सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए केवल हथियार पर्याप्त नहीं होते। सड़क, संचार, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और रोजगार जैसी सुविधाएं भी उतनी ही आवश्यक हैं। जिन क्षेत्रों में विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ते हैं वहां युवाओं के सामने सकारात्मक अवसर बढ़ते हैं और हिंसा का प्रभाव अपेक्षाकृत कम होता है। इसलिए सुरक्षा और विकास को एक दूसरे का पूरक माना जाता है। जब गांवों में शिक्षा, रोजगार और आधारभूत सुविधाएं बेहतर होती हैं तो समाज अधिक स्थिर और आत्मविश्वासी बनता है।

इस पूरी प्रक्रिया में सुरक्षा बलों और स्थानीय नागरिकों के बीच विश्वास का संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण है। नियमित संवाद, प्रशिक्षण और संयुक्त अभ्यास से यह विश्वास मजबूत होता है। ग्रामीण जब यह अनुभव करते हैं कि उनकी बात सुनी जा रही है और उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है, तब वे भी अधिक सक्रिय होकर सहयोग करते हैं। इसी सहयोग के कारण कई बार महत्वपूर्ण सूचनाएं समय रहते प्राप्त हो जाती हैं, जो बड़े हमलों को रोकने में सहायक बनती हैं।

सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि आतंकवाद से मुकाबला केवल सैन्य शक्ति के बल पर नहीं जीता जा सकता। इसके लिए स्थानीय समाज का विश्वास, प्रशासन की सक्रियता, विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय भी समान रूप से आवश्यक है। ग्रामीण सुरक्षा दल इसी व्यापक रणनीति का एक महत्वपूर्ण भाग हैं। इनकी भूमिका सुरक्षा बलों के पूरक के रूप में है, न कि उनके विकल्प के रूप में।

भविष्य की दृष्टि से यह पहल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे सीमांत क्षेत्रों में आत्मनिर्भर सुरक्षा संस्कृति विकसित हो सकती है। यदि प्रशिक्षण नियमित रूप से जारी रहे, उपकरणों का रखरखाव सुनिश्चित हो, सूचना तंत्र मजबूत बनाया जाए और नागरिकों के अधिकारों का पूरा सम्मान किया जाए तो यह व्यवस्था लंबे समय तक प्रभावी सिद्ध हो सकती है। साथ ही समय-समय पर प्रशिक्षण का पुनरावलोकन और नई चुनौतियों के अनुरूप सुधार भी आवश्यक होंगे।

जम्मू कश्मीर की सुरक्षा केवल सीमा की रक्षा का प्रश्न नहीं है बल्कि वहां रहने वाले लाखों नागरिकों के सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन से भी जुड़ा विषय है। जब गांवों के लोग स्वयं अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक होते हैं, महिलाएं समान उत्साह से आगे आती हैं, युवा जिम्मेदारी निभाते हैं और सुरक्षा बल उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते हैं, तब आतंकवाद के लिए अपनी जड़ें मजबूत करना कठिन हो जाता है। यही कारण है कि ग्रामीण सुरक्षा दलों का यह अभियान केवल एक सुरक्षा कार्यक्रम नहीं बल्कि जनभागीदारी, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय एकजुटता का भी सशक्त उदाहरण बनकर उभर रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में यह पहल इस बात का संकेत है कि आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष केवल बंदूक का नहीं बल्कि जागरूक समाज, मजबूत विश्वास और सामूहिक जिम्मेदारी का भी संघर्ष है। यही सामूहिक शक्ति भविष्य में जम्मू कश्मीर के सीमांत क्षेत्रों को अधिक सुरक्षित, अधिक आत्मविश्वासी और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# घर बैठे अखिलेश कैसे करेंगे बीजेपी के वोट में सेंधमारी

संजय सक्सेना

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव कब तक सोशल मीडिया पर ट्वीट करके अपनी राजनीति चमकाते रहेंगे। वह क्यों अपने एयर कंडीशनर रूम से बाहर आकर जनता से संवाद नहीं करते हैं। बिना हाथ-पैर हिलाए और चलाए अखिलेश कभी मोदी तो कभी योगी सरकार पर हर उस मुद्दे के खिलाफ हमला बोलते रहते हैं, जिससे उन्हें लगता है कि बीजेपी के वोट बैंक में वह सेंधमारी कर सकते हैं। आज तक अयोध्या जाकर प्रभु श्री रामलला के दर्शन नहीं करने वाले अखिलेश यादव चंदा चोरी के नाम पर चोरी के आरोपियों को नहीं, योगी-मोदी सरकार को ज्यादा कोस रहे हैं। लेकिन वह यह भूल गए हैं कि जनता की याददाश्त कमजोर नहीं है।

सपा की सरकार के समय चाहे मुख्यमंत्री मुलायम सिंह रहे हों या फिर अखिलेश यादव, मुस्लिम तुष्टिकरण की सियासत में ही लगे रहते थे। इसके लिए वह किसी भी हद तक जाने से परहेज नहीं करते थे। मुलायम सिंह ने कारसेवकों पर गोली चलाने से परहेज नहीं किया, और बाद में यहां तक कहा कि इससे अधिक हम (मुलायम) मुसलमानों के लिए क्या कर सकते थे। तो अखिलेश यादव ने मुजफ्फरनगर दंगे के दौरान पीड़ितों का धर्म देखकर सिर्फ मुसलमानों को मुआवजा देने का आदेश जारी किया था। आतंकवादियों के मुकदमों वापस लेने जैसा शर्मनाक कारनामा भी अखिलेश सरकार में ही हुआ था। सपा मुखिया मुसलमानों को खुश करने के लिए कब्रिस्तान में सरकारी धन पानी की तरह बहाते थे।

समाजवादी गुंडों ने लखनऊ में बसपा सुप्रीमो मायावती पर कैसे जानलेवा हमला किया था, यह जगजाहिर है। इस हमले में अतीक अहमद जैसा माफिया भी शामिल था। व्यक्तिगत रूप से भी अखिलेश ने कई बार मयार्दाएं तोड़ने में देरी नहीं की। अपने पिता के साथ भरे मंच पर अभद्रता, चाचा शिवपाल को बार-बार अपमानित करने का आरोप भी अखिलेश यादव पर लगा हुआ है। यह और बात है कि समाजवादियों और उनके मुखिया को यह सब याद नहीं है। अखिलेश यादव द्वारा चंदा चोरी मामले को आस्था से इतर जिस तरह से राजनीतिक रंग दिया जा रहा है, उससे समाजवादी पार्टी को किस तरह से सियासी फायदा मिल सकता है। यह यक्ष प्रश्न है। फिलहाल, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की आजकल हर उस मुद्दे पर त्वरित प्रतिक्रिया आती है, हर विवाद पर उनका बयान तैयार रहता है। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या सोशल मंच पर की जाने वाली यह राजनीति जमीनी हकीकत से जुड़ी है? क्या केवल कमरे में बैठकर किए गए संदेशों से जनता का दिल जीता जा सकता है? राजनीति के जानकार मानते हैं कि जो नेता जनता के बीच जाकर संवाद नहीं करता, वह केवल अपने समर्थकों को संबोधित करता रहता है, नए मतदाताओं तक उसकी पहुंच नहीं बन पाती।

अखिलेश की रणनीति स्पष्ट दिखती है। जब भी कोई ऐसा मुद्दा उठता है जिससे भारतीय जनता पार्टी के मतदाताओं में दरार डाली जा सके, वे तुरंत सक्रिय हो जाते हैं। चाहे केंद्र की सरकार हो या प्रदेश की, उनके निशाने पर दोनों रहते हैं। यह राजनीतिक चालाकी तो है, लेकिन इसमें एक खोखलापन भी है। जो नेता स्वयं अपने कार्यकाल में जनहित के कार्य न कर पाया हो, वह दूसरों की कमियां गिनाकर कितने समय तक अपनी राजनीति चमका सकता है, यह विचारणीय है। चंदा चोरी के ताजे विवाद को लेकर अखिलेश यादव जिस तरह से सक्रिय हुए हैं, उसमें एक सोची-समझी रणनीति नजर आती है। इस मामले को आस्था और धर्म से परे ले जाकर उन्होंने इसे सरकारी विफलता का प्रतीक बनाने की कोशिश की है। उनका तर्क है कि यदि सरकार सक्षम होती तो श्रद्धालुओं के साथ ऐसा धोखा न होता। इस तर्क में एक सतही आकर्षण है जो सामान्य मतदाता को प्रभावित कर सकता है। लेकिन जो बात वे नहीं कहते, वह यह है कि स्वयं उन्होंने आज तक अयोध्या जाकर श्री रामलला के दर्शन नहीं किए। जिस मंदिर और उस नगरी से करोड़ों हिंदुओं की आस्था जुड़ी है, उसके प्रति उनका यह व्यवहार उनकी मानसिकता को उजागर करता है। बहरहाल, चंदा चोरी के इस मामले को राजनीतिक रंग देने से समाजवादी पार्टी को कुछ सीमित लाभ अवश्य मिल सकता है। पहला, इससे उनका वह मतदाता वर्ग और मजबूती से जुड़ सकता है जो पहले से ही सत्तारूढ़ दल से नाराज है। दूसरा, जो लोग इस घटना से सीधे प्रभावित हुए हैं या जिनके परिचित प्रभावित हुए हैं, उनमें से कुछ सपा की ओर झुक सकते हैं। तीसरा, इस विषय को उठाकर वे यह संदेश देने की कोशिश करते हैं कि वे आम आदमी की पीड़ा के साथ खड़े हैं।

परंतु इस रणनीति की एक बड़ी सीमा भी है। जब कोई नेता हर मुद्दे को राजनीतिक चश्मे से देखता है, तो जनता धीरे-धीरे उसकी नीयत को पहचान लेती है। आस्था के मामले में राजनीति करना उल्टा भी पड़ सकता है, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां धार्मिक भावनाएं बहुत गहरी हैं। वैसे भी समाजवादी पार्टी और उसके नेतृत्व का इतिहास विवाद के मामले में बहुत उज्ज्वल नहीं रहा है। जब मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने कारसेवकों पर गोली चलाने का आदेश दिया था। इस घटना में अनेक निर्दोष श्रद्धालुओं की जान गई थी। बाद में मुलायम सिंह ने स्वयं कहा था कि उन्होंने मुसलमानों के लिए जो किया, उससे अधिक और क्या किया जा सकता था। यह बयान उनकी राजनीतिक प्राथमिकताओं को साफ-साफ बता देता है। हिंदू श्रद्धालुओं की जान लेकर एक वर्ग विशेष को संतुष्ट करने की यह राजनीति समाजवादी पार्टी की पहचान बन गई थी। अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री काल में भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाया गया। मुजफ्फरनगर दंगों के समय पीड़ितों को मुआवजा देने में धर्म के आधार पर भेदभाव किए जाने के गंभीर आरोप उन पर लगे। जो हिंदू परिवार उस हिंसा में पीड़ित हुए, उन्हें सरकारी सहायता से वंचित रखा गया, ऐसा आरोप विपक्ष ने बार-बार लगाया। इससे भी आगे बढ़कर उनकी सरकार में

आतंकवादियों के विरुद्ध दर्ज मुकदमे वापस लेने की कोशिश की गई, जो देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ था। इस शर्मनाक कारनामे को कोई भी देशभक्त नागरिक भूल नहीं सकता। कब्रिस्तानों के निर्माण और रखरखाव पर सरकारी धन का अत्यधिक व्यय करना भी उनकी तुष्टिकरण की नीति का हिस्सा था। इन सबके बावजूद अखिलेश यादव अपनी पार्टी को प्रासंगिक बनाए रखने में कुछ हद तक सफल रहे हैं। इसका कारण यह है कि उत्तर प्रदेश में एक बड़ा मतदाता वर्ग ऐसा है जो भाजपा का विकल्प चाहता है। इस शून्य को भरने की कोशिश में अखिलेश यादव हर उस मुद्दे को हाथ लगाते हैं जो सत्तारूढ़ दल के लिए असहज हो। चंदा चोरी का मामला भी इसी श्रृंखला की एक कड़ी है। इससे उन्हें अल्पकालिक राजनीतिक लाभ मिल सकता है, परंतु दीर्घकालिक विश्वसनीयता के लिए उन्हें अपने अतीत की कालिख से मुक्ति पानी होगी।

# रूठे मेघ तरसती आंखे

*रूठ गए हैं सावन के बादल,*
*सूना-सूना सारा आकाश।*
*पलकों पर आशाएँ ठहरीं,*
*टूट न जाए मन का विश्वास।*
*बेसब्र आँखों से किसान अब,*
*नभ की राह निहारे रोज।*
*सूखी धरती, सूखे सपने,*
*मन में उठते कितने सोज।*
*हल तो चला, बीज भी बोए,*
*श्रम का अर्घ्य चढ़ाया है।*
*लेकिन मेघों ने अब तक तो,*
*अपना वचन निभाया कहाँ है?*
*पसीने की हर एक बूँद से,*
*धरती का आँचल भीग रहा।*
*पर अमृत बरसाने वाला,*
*बादल जाने कहाँ ठहर गया।*
*उमस भरी इस लंबी साँस ने,*
*जन-जीवन को व्याकुल कर डाला।*
*तपती गलियाँ, तपते आँगन,*
*हर चेहरा लगता है काला।*
*बच्चों की मुस्कान थम-सी गई,*
*जन्तुपक्षी भी नीरव बैठे हैं।*
*वन-उपवन की सूनी शाखें,*
*मानो आँसू पीते रहते हैं।*
*अरपा की धारा मौन खड़ी है,*
*जंगल भी उदास नजर आते।*
*बिलासपुर की प्यासी धरती,*
*मेघों को बार-बार बुलाते।*
*छत्तीसगढ़ का धान का कटोरा,*
*आज व्यथा की कथा सुनाता।*
*हर किसान की धड़कन बनकर,*

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# हर विधानसभा क्षेत्र को मिलेगा विकास का समान अवसर, कोई क्षेत्र नहीं रहेगा उपेक्षित : मुख्यमंत्री योगी

## मेरठ मंडल में 6,568.36 करोड़ रुपये की 1,284 विकास परियोजनाओं को मिलेगी गति, जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता के आधार पर तैयार होगी कार्ययोजना

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को विकास कार्यों में समान महत्व दिया जाएगा और कोई भी क्षेत्र विकास योजनाओं से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकताओं के अनुरूप विकास योजनाएं तैयार कर उन्हें शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए।

शनिवार को गौतमबुद्धनगर में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने मेरठ मंडल के सांसदों, विधायकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लोक निर्माण विभाग की प्रस्तावित कार्ययोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान बताया गया कि मेरठ मंडल में अब तक 6,568.36 करोड़ रुपये की लागत वाली 1,284 विकास परियोजनाएं चिन्हित की जा चुकी हैं, जिनके माध्यम से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास योजनाएं ऐसे क्षेत्रों के लिए तैयार की जाएं, जहां अब तक इस प्रकार के कार्य नहीं हुए हैं। इससे विकास का लाभ नए क्षेत्रों तक पहुंचेगा और उपलब्ध संसाधनों का संतुलित एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित होगा।



उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना में समुचित स्थान दिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्वीकृत परियोजना का कार्य अधूरा है तो उसे भी नई कार्ययोजना में शामिल कर शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि आम जनता को समय पर उसका लाभ मिल सके। सभी परियोजनाओं की स्वीकृति प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो और कार्य समयबद्ध ढंग से प्रारंभ किए जाएं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धार्मिक एवं धर्मार्थ कार्यों से संबंधित प्रस्तावों के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रस्ताव केवल उन स्थानों के लिए तैयार किए जाएं, जहां श्रद्धालुओं की संख्या अधिक हो तथा निर्माण कार्य के लिए पर्याप्त एवं उपयुक्त स्थान उपलब्ध हो। स्थानीय आवश्यकता और जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए ही इन प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों के सुझावों और स्थानीय आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। प्रदेश सरकार का उद्देश्य संतुलित क्षेत्रीय विकास के माध्यम से प्रत्येक नागरिक तक विकास का लाभ पहुंचाना है।

बैठक में औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री के.पी. मलिक, पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कुमार कश्यप, सैनिक कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सोमेंद्र तोमर, लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री एवं गौतमबुद्धनगर के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह, जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक, मेरठ मंडल के सांसद एवं विधायक, मंडलायुक्त भानु चंद्र गोस्वामी, नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणेश, पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी मेधा रूपम सहित शासन, प्रशासन, प्राधिकरण एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### नोएडा सेक्टर-49 की नत्थू कॉलोनी में तीन घंटे से बिजली गुल, लोगों ने विभाग से लगाई गुहार

नोएडा। सेक्टर-49 स्थित नत्थू कॉलोनी में शनिवार रात करीब तीन घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। क्षेत्र के एक निवासी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बिजली विभाग से शिकायत दर्ज कराते हुए शीघ्र आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

शिकायतकर्ता के अनुसार, श्रीराम अस्पताल के निकट स्थित नत्थू कॉलोनी में रात करीब 9 बजे से बिजली आपूर्ति ठप है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में बिजली कटौती की समस्या लगातार बनी हुई है, जिससे स्थानीय निवासियों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ रही है। शिकायत में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल), पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) तथा मुख्यमंत्री कार्यालय से तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराने की मांग की गई है।

हालांकि, समाचार लिखे जाने तक बिजली विभाग की ओर से इस शिकायत पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

### कृषि विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश, दो आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश पुलिस ने नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी कृषि विभाग में संविदा एवं रोजगार दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवाओं से ठगी करते थे। मुजफ्फरनगर पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार आधार कार्ड, फर्जी कर्मचारी पंजीकरण एवं ज्वाइनिंग लेटर, आयकर विभाग के आवेदन पत्रों की प्रतियां, विभिन्न अभ्यर्थियों के नाम से तैयार कूटरचित दस्तावेज तथा एक चार पहिया वाहन बरामद किया है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी सरकारी विभागों में संविदा भर्ती के नाम पर फर्जी विज्ञापन जारी कर नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को अपने जाल में फंसाते थे।

# टीएमयू में भक्ति और आध्यात्म का अनुपम संगम, श्रीकृष्ण भक्ति संध्या में गूंजे भजन

## आध्यात्मिक गुरु डॉ. पवन सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति में भक्तिमय हुआ परिसर, जस्टिस समित गोपाल, डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया, कुलाधिपति सुरेश जैन और वाइस चेयरमैन मनीष जैन रहे मौजूद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) का ऑडिटोरियम शनिवार को श्रद्धा, संगीत और आध्यात्म का अनुपम संगम बन गया। पावन चिंतन धारा आश्रम के संस्थापक एवं आध्यात्मिक गुरु डॉ. पवन सिन्हा 'गुरुजी' की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित श्रीकृष्ण भक्ति संध्या ने पूरे परिसर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित भजनों की मधुर स्वर लहरियों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भक्ति में लीन दिखाई दिए।

कार्यक्रम में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जस्टिस समित गोपाल अपनी धर्मपत्नी सहित विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुरादाबाद के जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया, टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।



कार्यक्रम के प्रारंभ में टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने आध्यात्मिक गुरु डॉ. पवन सिन्हा और जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया का भारतीय परंपरा के अनुसार पटका एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इसके उपरांत पावन चिंतन धारा आश्रम की विचारधारा, आध्यात्मिक उद्देश्यों और सामाजिक सरोकारों पर आधारित प्रेरणादायी डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया।

भक्ति संध्या का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित लोकप्रिय भजन "श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी" से हुआ। सुप्रसिद्ध भजन गायक डॉ. संजय अंदुरकर, करण मल्होत्रा, ख्याति मेहरा और आस्तिक सिन्हा ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं महिमा वाचक सुरभि दीदी ने श्रीकृष्ण भक्ति की महिमा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक अनुभूति से जोड़ दिया।

पूरे कार्यक्रम के दौरान सभागार में भक्ति, श्रद्धा और भारतीय संस्कृति की अनुपम छटा दिखाई दी। श्रद्धालु भजनों के साथ श्रीकृष्ण नाम का संकीर्तन करते हुए भक्ति रस में डूबे नजर आए। संगीत, अध्यात्म और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का यह समागम उपस्थित लोगों के लिए अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

अपने संबोधन में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि सत्य, कर्तव्य और नैतिक मूल्य जीवन की सफलता का आधार हैं तथा आध्यात्मिकता व्यक्ति को सही दिशा प्रदान करती है। वहीं डॉ. पवन सिन्हा 'गुरुजी' ने तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की संस्कारनिष्ठ शिक्षा व्यवस्था, अनुशासित वातावरण तथा भारतीय जीवन मूल्यों के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक भक्ति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा के वातावरण में हुआ। इस अवसर पर श्री अभिषेक कपूर, प्रो. एस.के. जैन, प्रो. एन.के. सिंह, प्रो. हरवंश दीक्षित, प्रो. एम.पी. सिंह, प्रो. आर.के. द्विवेदी, प्रो. एस.के. सिंह, प्रो. मनु मिश्रा, श्रीमती नीलिमा जैन, डॉ. विनोद जैन सहित बड़ी संख्या में पावन चिंतन धारा आश्रम के अनुयायी और टीएमयू के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. माधव शर्मा एवं नेहा उन्नी ने किया।

### जारचा पुलिस ने अवैध पिस्टल और कारतूस के साथ युवक को किया गिरफ्तार

संदीप गर्ग / नोएडा। गौतमबुद्धनगर की थाना जारचा पुलिस ने अवैध शस्त्र के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल (.32 बोर), एक मैगजीन तथा एक जिंदा कारतूस (.32 बोर) बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए झम्मनपुरा से दादूपुर खटाना जाने वाले मार्ग से अभियुक्त प्रियांशु पुत्र अमित सिंह को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ग्राम दादूपुर खटाना, थाना जारचा, जनपद गौतमबुद्धनगर का निवासी है और उसकी उम्र 22 वर्ष बताई गई है। थाना जारचा पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आयुध अधिनियम की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। बरामद अवैध पिस्टल, मैगजीन एवं कारतूस को कब्जे में लेकर पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।



### नोएडा सेक्टर-73 की वेदा कॉलोनी में घंटों बिजली गुल रहने से लोगों में नाराजगी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-73 स्थित वेदा कॉलोनी में लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। क्षेत्र के एक निवासी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बिजली विभाग से शिकायत करते हुए बताया कि सुबह करीब 9 बजे से बिजली आपूर्ति बाधित रही।

शिकायत के अनुसार, रात करीब 10 बजे कुछ समय के लिए बिजली आई, लेकिन लगभग 20 मिनट बाद फिर से आपूर्ति ठप हो गई। बार-बार बिजली आने-जाने से क्षेत्रवासियों को उमस भरी गर्मी में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शिकायतकर्ता ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल), पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) तथा संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द नियमित बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

# दादरी पुलिस ने चोरी के आभूषणों सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

संदीप गर्ग / नोएडा। थाना दादरी पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी के आभूषणों की बरामदगी के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के आभूषण, घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार तथा एक अवैध चाकू बरामद किया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुंवरपाल पुत्र रामवीर, निवासी ग्राम इमलियाका, थाना इकोटेक प्रथम, गौतमबुद्धनगर (उम्र 46 वर्ष) तथा काव्यांश गोयल पुत्र रोहित गोयल, निवासी हथियापाड़ा, थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर (उम्र 21 वर्ष) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार कुंवरपाल को डाबरा गांव के श्मशान घाट के पास तथा काव्यांश गोयल को सिरसा कट के पास से गिरफ्तार किया गया। कुंवरपाल के कब्जे से चोरी के चांदी के आभूषण–एक कमरबंद, दो जोड़ी पायल, एक बिंदा, एक अवैध चाकू तथा घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार बरामद हुई। वहीं काव्यांश गोयल के कब्जे से एक डायमंड जड़ी सोने की अंगूठी, गला हुआ सोने का पेंडल तथा माथे का टीका बरामद किया गया।



पूछताछ में कुंवरपाल ने बताया कि उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ 24 जून 2026 को सेक्टर ज्यू-3 स्थित बी-ब्लॉक के एक बंद मकान में चोरी की थी। इस संबंध में थाना दादरी में मुकदमा संख्या 283/2026, धारा 305 एवं 331(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज है।

आरोपी ने बताया कि चोरी किए गए चांदी के आभूषण उसके हिस्से में आए थे, जबकि सोने के आभूषण उसने अपने साथियों के साथ एक ज्वेलर्स की दुकान पर काव्यांश गोयल को बेच दिए। पूछताछ में काव्यांश ने स्वीकार किया कि उसे मालूम था कि आभूषण चोरी के हैं, फिर भी उसने कम कीमत में उन्हें खरीद लिया। उसने सोने के पेंडल और माथे के टीके को गलाकर सोने के दानों में बदल दिया, जबकि अंगूठी अपने पास रख ली। इसके बदले आरोपियों को 20 हजार रुपये नकद दिए गए थे तथा शेष 1.50 लाख रुपये का भुगतान होना बाकी था।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 305, 331(3), 317(2) तथा कुंवरपाल के विरुद्ध आयुध अधिनियम की धारा 4/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# योगी सरकार के 'प्रोजेक्ट प्रवीण' से युवाओं को मिलेगा रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण

## वर्ष 2026-27 में 36,103 विद्यार्थियों को मिलेगा प्रशिक्षण, 15 जुलाई से शुरू होंगी कक्षाएं

समाज जागरण/संदीप गर्ग

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को कौशल आधारित शिक्षा देकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के अंतर्गत अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण (एसटीटी) का लक्ष्य जारी कर दिया है। इस योजना के तहत प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के 36,103 छात्र-छात्राओं को विभिन्न रोजगारपरक क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि योगी सरकार का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक युवा को हुनरमंद बनाकर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के माध्यम से विद्यार्थियों को सामान्य शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण आईटी-आईटीईएस, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स, अपैरल, ब्यूटी एंड वेलनेस, मैनेजमेंट, ग्रीन जॉब्स और कृषि जैसे प्रमुख क्षेत्रों में दिया जाएगा। प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक बैच में अधिकतम 35 प्रशिक्षणार्थियों को शामिल किया जाएगा तथा पाठ्यक्रम की अवधि अधिकतम 300 घंटे निर्धारित की गई है।

प्रदेश के आगरा, बरेली, आजमगढ़, ललितपुर, वाराणसी, रामपुर, शाहजहांपुर, जालौन, सोनभद्र सहित विभिन्न जनपदों के राजकीय विद्यालयों में सूचीबद्ध प्रशिक्षण प्रदाताओं के माध्यम से यह प्रशिक्षण संचालित किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे द्वारा जारी निदेशों के अनुसार सभी प्रशिक्षण प्रदाताओं को 15 जुलाई 2026 तक प्रशिक्षण केंद्रों पर कक्षाएं हर हाल में प्रारंभ करनी होंगी। साथ ही बैच शुरू होने के सात कार्य दिवस के भीतर सभी विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री वितरित कर उसकी जानकारी एवं फोटो मिशन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई प्रशिक्षण प्रदाता निर्धारित समय सीमा का पालन नहीं करता या उसके विरुद्ध शिकायत प्राप्त होती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# यमुना एक्सप्रेसवे की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, हथियारबंद युवकों के उत्पात का वीडियो वायरल

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। यमुना एक्सप्रेसवे पर कथित रूप से हथियारनुमा वस्तुओं और डंडों से लैस कुछ युवकों के उत्पात का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के आधार पर एक्सप्रेसवे की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।

सोशल मीडिया पर किए जा रहे दावों के अनुसार, यूपी-65 ईपी-9384 नंबर की एक स्कॉर्पियो में सवार 10 से 15 युवकों ने यमुना एक्सप्रेसवे पर अन्य वाहनों के आगे अचानक ब्रेक लगाकर उन्हें रोकने और दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न करने का प्रयास किया। यह भी दावा किया गया है कि उक्त वाहन जेवर टोल प्लाजा से बिना टोल शुल्क दिए बैरियर तोड़कर निकल गया। पोस्ट में यह भी कहा गया है कि वाहन के आगे की नंबर प्लेट नहीं लगी थी।

इस घटना को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की कानून-व्यवस्था और



एक्सप्रेसवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए गए हैं तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से संबंधित आरोपियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है।

हालांकि, इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस अथवा यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। यदि वीडियो की सत्यता की पुष्टि होती है तो मामले में पुलिस की कार्रवाई के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा, भविष्य में बदल सकती है एनसीआर की स्काईलाइन

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे को लेकर सोशल मीडिया पर भविष्य के शहरी विकास को लेकर चर्चा तेज हो गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक उपयोगकर्ता ने दावा किया कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे कॉरिडोर आने वाले वर्षों में एनसीआर की स्काईलाइन को नई पहचान दे सकता है।

पोस्ट में कहा गया है कि मैनहैटन (न्यूयॉर्क) का मुख्य क्षेत्र लगभग 21.6 किलोमीटर लंबा और 3.7 किलोमीटर चौड़ा है, जबकि नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे लगभग 25 किलोमीटर लंबा तथा आसपास के सेक्टरों को मिलाकर करीब 4 किलोमीटर चौड़ा क्षेत्र कवर करता है। पोस्ट के अनुसार, यदि इस कॉरिडोर में लग्जरी परियोजनाओं और 250 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली गगनचुंबी इमारतों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, तो भविष्य में यह क्षेत्र एनसीआर की स्काईलाइन को पूरी तरह बदल सकता है। साथ ही यह भी दावा किया गया कि एक्सप्रेसवे के आसपास अभी कई बड़े भूखंड खाली पड़े हैं, जहां भविष्य में बड़े स्तर पर विकास की संभावनाएं मौजूद हैं।

हालांकि, यह सोशल मीडिया पर व्यक्त की गई व्यक्तिगत राय है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे क्षेत्र में 250 मीटर से अधिक ऊंची इमारतों के निर्माण या इस प्रकार की किसी विकास योजना को लेकर संबंधित प्राधिकरण की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

### नोएडा में नई विकास परियोजनाओं और निवेश का स्वागत, सोशल मीडिया पर मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के नए मुख्यालय भवन के लोकार्पण, नई आधारभूत संरचना परियोजनाओं और जेवर-यीडा क्षेत्र में प्रस्तावित निवेश को लेकर सोशल मीडिया पर सकारात्मक प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वरिष्ठ पत्रकार देश राज सिंह ने लिखा कि यह नोएडा के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने कहा कि नोएडा प्राधिकरण के नए मुख्यालय, विभिन्न आधारभूत संरचना परियोजनाओं तथा जेवर-यीडा क्षेत्र में सोलर विनिर्माण परियोजना सहित नए निवेश इस क्षेत्र की बढ़ती औद्योगिक और आर्थिक महत्ता को दर्शाते हैं।



पोस्ट में विशेष रूप से एसएईएल की प्रस्तावित सौर उपकरण निर्माण परियोजना का उल्लेख करते हुए इसे क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया गया है।

हालांकि, यह टिप्पणी सोशल मीडिया पर व्यक्त व्यक्तिगत प्रतिक्रिया है। नई परियोजनाओं और निवेश से संबंधित विस्तृत जानकारी संबंधित सरकारी विभागों और प्राधिकरणों द्वारा जारी आधिकारिक घोषणाओं के आधार पर ही स्पष्ट होगी।

### ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-1 बिसरख में लो वोल्टेज से लोग परेशान, बिजली विभाग से समाधान की मांग

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-1, बिसरख क्षेत्र में पिछले काफी समय से लो वोल्टेज की समस्या से स्थानीय निवासी परेशान हैं। इस संबंध में एक उपभोक्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के माध्यम से नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) और विद्युत विभाग के अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की है।

शिकायतकर्ता के अनुसार, क्षेत्र में लंबे समय से कम वोल्टेज की आपूर्ति हो रही है, जिससे भीषण गर्मी के बीच लोगों को दैनिक कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बिजली विभाग से जल्द से जल्द समस्या का स्थायी समाधान कराने की अपील की है। शिकायत में उपभोक्ता संख्या 200014394 का भी उल्लेख किया गया है, ताकि विभाग मामले का शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई कर सके।

हालांकि, समाचार लिखे जाने तक बिजली विभाग या संबंधित अधिकारियों की ओर से इस शिकायत पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया जारी नहीं की गई थी।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न, विभागीय समन्वय और स्वच्छता पर दिया गया विशेष जोर

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारियों एवं जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय, विभागवार दायित्वों, माइक्रो प्लान तथा कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की गई।



बैठक में 28 जून से प्रारम्भ होने वाले पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र बच्चे तक समय से वैक्सीन पहुंचे तथा अभियान का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने रूट चार्ट का शत-प्रतिशत अनुपालन करने के भी निर्देश दिए। साथ ही स्टॉप डायरिया कैम्पेन की समीक्षा करते हुए छोटे बच्चों की दूध पीने की बोतलों को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने पर बल दिया।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज बिश्नोई ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक तथा दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य, नगर विकास, पंचायती राज, आईसीडीएस, शिक्षा, पशुपालन सहित सभी संबंधित विभागों के माइक्रो प्लान एवं विभागवार कार्यों की अंतर्विभागीय समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में ई-कवच पोर्टल पर की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक रणनीति पर चर्चा की गई। आईसीडीएस विभाग को निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री एवं आशा कार्यकर्ता संयुक्त रूप से भ्रमण कर अभियान को प्रभावी बनाएं। नगर विकास विभाग की समीक्षा के दौरान नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में नियमित फॉगिंग, झाड़ियों की कटाई, नालों एवं नालियों की तलीझाड़ सफाई तथा जलभराव की रोकथाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। हाई रिस्क क्षेत्रों, ड्रेनेज सिस्टम, मलिन बस्तियों तथा खुले नालों की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। आमजन को जागरूक करने हेतु आवश्यक स्थानों पर साइन एज ((Signage)) लगाने पर भी बल दिया गया। पंचायती राज विभाग को मुख्य एवं संपर्क मार्गों की नियमित साफ-सफाई, वेक्टर कंट्रोल तथा माइक्रो प्लान के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नेशनल हाईवे के समीप नाली निर्माण के प्रस्तावों पर भी आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया।

पशुपालन विभाग को पशुपालकों का व्यापक संवेदीकरण करने तथा माइक्रो प्लान के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग से वीएचएसएनडी सत्रों, जियो-टैग फोटो अपलोड तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग को विद्यालयों में संचारी रोगों से बचाव, व्यक्तिगत एवं पर्यावरणीय स्वच्छता के संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की सफलता सभी विभागों के प्रभावी समन्वय, नियमित मॉनिटरिंग एवं व्यापक स्वच्छता अभियान पर निर्भर है। उन्होंने निर्देश दिए कि पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी), चन्दौसी में गंभीर कुपोषित (SAM) बच्चों को समय से भर्ती कराया जाए तथा आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं द्वारा ई-कवच पोर्टल पर सूचनाएं समयबद्ध रूप से अपडेट की जाएं।

बैठक के द्वितीय चरण में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा की गई। डिप्टी सीएमओ डॉ. हरेंद्र सिंह बंसल ने पॉवर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से योजना की प्रगति एवं प्रमुख बिंदुओं की जानकारी दी। बैठक में जीरो पॉवर्टी फैमिली के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड की प्रगति, गोल्डन कार्ड से परिवारों के शत-प्रतिशत संतृप्तीकरण, अंत्योदय डाटाबेस कवरेज, श्रमिक भवन निर्माण तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड निर्माण की साप्ताहिक समीक्षा नियमित रूप से की जाए तथा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज बिश्नोई, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किरतपुर थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा में जीजा ने धारदार हथियार से गोद कर साले को उतारा मौत के घाट

**दैनिक समाज जागरण अजमल अंसारी जनपद बिजनौर**

किरतपुर के गांव भनेड़ा में जीजा ने साले को उतारा मौत के घाट, शुक्रवार की शाम जीजा और साले में आपस में कहासुनी हो गई थी, मामूली बात ने लिया



विकराल रूप, सुत्रों के अनुसार जीजा ने रात्रि में लगभग दो बजे धारदार हथियार से गोदकर कर दी साले की हत्या, हत्या से गांव में फैली सनसनी, पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए तड़के में शव का पंचनामा भरकर पीएम के भेजा बिजनौर, गांव में शांति का माहौल, उच्च अधिकारियों ने घटनास्थल का किया निरीक्षण, मृतक दलित समाज का बताया जा रहा है.... कोई साथी अगर भनेड़ा पहुंचे तो मजीद जानकारी हासिल कर सकते हैं

## सीसीटीवी फुटेज से खुली क्लीनिक चोरी की गुत्थी, शातिर चोर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

धामपुर नई बस्ती निवासी तनवीर के क्लीनिक में हुई चोरी का थाना धामपुर पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी शुभम उर्फ शिवम सैनी को गिरफ्तार कर लिया।



थाना धामपुर पुलिस के अनुसार 9 जून 2026 को तनवीर अपनी क्लीनिक बंद कर मरीज देखने गए थे। वापस लौटने पर क्लीनिक का सामान बिखरा मिला और गल्ले में रखे 30 हजार रुपये तथा दो मोबाइल फोन गायब थे। पड़ोसी दुकान के सीसीटीवी फुटेज की जांच में रामलीला ग्राउंड के पास रहने वाला शुभम चोरी करते हुए दिखाई दिया। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। 25 जून को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का एक ओप्पो मोबाइल और 2000 रुपये नकद बरामद किए। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में अतिरिक्त धाराएं बढ़ाई गई हैं। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी चोरी और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

## भारतीय किसान क्रांति यूनियन ने जसराना क्षेत्राधिकारी को सौंपा ज्ञापन।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। भारतीय किसान क्रांति यूनियन के पुष्पेन्द्र कुमार एडवोकेट राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं ब्रज प्रांत अध्यक्ष योगेश यादव के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने जसराना के क्षेत्राधिकारी श्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय जी को किसानों एवं आमजन की विभिन्न समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने क्षेत्र में किसानों की फसलों, कृषि उपकरणों एवं पशुओं की चोरी की बढ़ती घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने, गांवों में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने, अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई



करने तथा आमजन की शिकायतों का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने की मांग की। संगठन ने विशेष रूप से आग्रह किया कि पुलिस किसान हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए किसानों की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करे, थानों में आने वाले किसानों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा का वातावरण मजबूत किया जाए।

भारतीय किसान क्रांति यूनियन का कहना है

कि किसान देश की रीढ़ हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा और समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता होना चाहिए। क्षेत्राधिकारी प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने संगठन की बातों को गंभीरता से सुना और सभी मांगों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एडवोकेट पुष्पेंद्र यादव, कमल किशोर , अतुल कुमार, रवीश कुमार, गौतम कुमार, वीर प्रताप, अंकित एवं संगठन के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में चार शिकायतें आई, एक का मौके पर निस्तारण

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

अफजलगढ़। कोतवाली परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल चार शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित लेखपालों व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया। थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने कहा कि पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी विवाद से शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका हो तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।



वही कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार ने कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा और प्रत्येक फरियादी की समस्या का

निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर एसआई कमल सिंह,एसआई मनवीर सिंह,एसआई छविनाथ सिंह, एसआई चंद्रप्रकाश गंगवार, एसआई जयवीर सिंह, कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार,पूर्व प्रधान रमेश सिंह चौहान, कानूनगो योगेंद्र कुमार, कानूनगो नरेश कुमार तथा संबंधित क्षेत्र के लेखपाल और राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित ने पल्स पोलियो जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया शुभारम्भ

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

बिजनौर पल्स पोलियो राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस (एन०आई०डी०) अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनमानस में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट परिसर से अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित ने पल्स पोलियो जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया।



इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान का उद्देश्य प्रत्येक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर उन्हें पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि अभियान के दौरान अपने सभी पात्र बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलवाएं तथा अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश यक है। प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह अपने आसपास के लोगों को भी इस अभियान के प्रति जागरूक करे, जिससे कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रह जाए।

जागरूकता रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारम्भ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए आमजन को पल्स पोलियो अभियान के प्रति जागरूक करने का संदेश देती हुई आगे बढ़ी। रैली में प्रतिभागियों ने पोलियो उन्मूलन संबंधी जागरूकता नारों के माध्यम से लोगों को अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां, आशा कार्यकर्ता तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## थाना रजावली में थाना समाधान दिवस का आयोजन।

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। नवीन मॉडर्न थाना रजावली (कातिकी) में "थाना समाधान दिवस" का आयोजन किया गया इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुख्य रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने जनता की शिकायतों को बेहद गंभीरता से सुना जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे को समाधान दिवस के दौरान कई शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें मुख्य रूप से भूमि विवाद, अवैध कब्जे और आपसी मारपीट से संबंधित मामले शामिल रहे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने प्राप्त प्रार्थना पत्रों का अवलोकन कर मौके पर मौजूद राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये। जमीन से जुड़े विवादों और अवैध कब्जों की शिकायतों को देखते हुए जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार टूंडला और थाना प्रभारी रजावली को निर्देशित किया कि वे राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाये। और निर्देशित किया गया कि वे स्थल का निष्पक्षता से जांच कर 07 दिवस के भीतर मामले का अंतिम निस्तारण सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि यदि कोई भी भू-माफिया या दबंग



व्यक्ति किसी की कृषि भूमि या शांति व्यवस्था में खलल डालने का प्रयास करता है, तो उसके खिलाफ तत्काल सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। ग्राम रूधाऊ पहाड़पुर (तहसील टूंडला) के गाटा संख्या 428 (रकबा 0.505) पर कुछ स्थानीय दबंगों द्वारा अवैध कब्जा करने और प्रार्थी को परेशान करने के संबंध में सोरन सिंह व अन्य द्वारा दिये गये। प्रार्थना पत्र पर तत्काल संयुक्त टीम को जांच सौंपते हुए 7 दिन में निस्तारण के निर्देश दिए गये। मौजा कातिकी के खसरा संख्या 823 पर पूर्व में राजस्व टीम द्वारा की गई मेड़बंदी को दबंगों द्वारा बलपूर्वक जोतने और प्रार्थी धर्मेंद्र कुमार को खेती न करने देने की शिकायत पर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये गये। ग्राम लाल गढ़ी (थाना रजावली) के निवासी मुकेश द्वारा विपक्षीगणों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में दी गई तहरीर पर थाना प्रभारी को तत्काल गुणवत्तापूर्ण विधिक कार्रवाई करने को कहा गया। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार की प्राथमिकता पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाना है।

# बीमारी के चलते हुई महिला की मृत्यु तीन बेटियोका मां का सांया हुआ खत्म

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

शेरकोट बीमारी के चलते 30 वर्षीय महिला की मौत, तीन बेटियों के सिर से उठा मां का साया



शेरकोट, मोहल्ला समना सराय निवासी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व नगर कार्यवाह राकेश कुमार की पत्नी राजकुमारी (30) का शुक्रवार दोपहर बीमारी के चलते निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं और उनका उपचार भी कराया जा रहा था। बीमारी के कारण शुक्रवार दोपहर उन्होंने अंतिम सांस ली।

स्थानीय श्मशान घाट पर राजकुमारी का अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें परिजन, रिश्तेदार, परिचितों के साथ नगर के अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिवार में शोक छा गया और सांत्वना देने वालों का घर पर तांता लगा रहा।

राजकुमारी अपने पीछे पति राकेश कुमार तथा तीन छोटी बेटियों को छोड़ गई हैं। कम उम्र में उनके निधन से परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद लोगों ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। अंतिम संस्कार में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धामपुर खंड संचालक घासीराम सिंह, धामपुर खंड के शारीरिक कार्यवाह योगेंद्रसिंह, सुरेंद्र सिंह, रणजीत सिंह दारा, मास्टर मेहर सिंह, मास्टर रामकुमार सिंह,, ब्रिटिश कुमार, बेघराज सिंह उर्फ बीटू, मास्टर दीपक सिंह, कृष्ण पाल सिंह, सैकड़ो लोग उपस्थित रहे

## अगले सप्ताह बिजनौर में झमाझम बारिश के आसार, गर्मी और उमस से मिलेगी राहत

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर जिले में भीषण गर्मी और उमस से लोगों को फिलहाल कुछ दिन और जूझना पड़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार अगले सप्ताह मानसून सक्रिय होने की संभावना है, जिससे जिले में अच्छी बारिश हो सकती है। बारिश होने पर लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिलेगी, वहीं किसानों की फसलों को भी बड़ा लाभ पहुंचेगा। आमतौर पर जिले में जुलाई के शुरू में मानसून दस्तक दे देता है और उससे पहले प्री-मानसूनी बारिश भी शुरू हो जाती है, लेकिन इस वर्ष मानसून काफी विलंब से पहुंच रहा है। जिले में 12 जून को हुई हल्की बारिश के बाद अब तक कोई उल्लेखनीय वर्षा नहीं हुई है। आसमान में बादल तो दिखाई दे रहे हैं, लेकिन उनसे बारिश की उम्मीद नहीं बन पा रही है। लगातार बढ़ती गर्मी और उमस ने लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। तेज धूप शरीर को झुलसा रही है और यदि पुरवा हवा कुछ तेज चलती है तो तापमान में मामूली गिरावट देखने को मिलती है। गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान




38.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश का सबसे अधिक इंतजार किसानों को है। विशेष रूप से गन्ना और धान की फसल के लिए इस समय वर्षा बेहद जरूरी मानी जा रही है। अच्छी बारिश होने से फसलों की बढ़वार बेहतर होगी और सिंचाई का संकट भी काफी हद तक कम हो जाएगा। नगीना स्थित वेधशाला के प्रेक्षक सतीश कुमार के अनुसार, इस वर्ष मानसून पहले ही काफी देर से पहुंच रहा है, लेकिन अगले सप्ताह जिले में अच्छी बारिश होने की संभावना है। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को भीषण गर्मी एवं उमस से राहत मिलेगी।

## मास्टर मोहम्मद अफजाल बने राष्ट्रीय महासचिव

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

बिजनौर। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक /राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा ने मोहम्मद अफजल पुत्र श्री हाजी मुन्ने खान निवासी ग्राम कमालपुर तहसील चांदपुर जिला बिजनौर को जिला प्रभारी बिजनौर के साथ राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया जाता है और उनसे उम्मीद की जाती है कि वह संगठन को बहुत आगे लेकर जाएं और सभी को एक साथ लेकर कम करें मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं वही नवनियुक्त



राष्ट्रीय महासचिव मास्टर अफजाल ने कहा कि मुझे राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने पर मैं राष्ट्रीय नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विकलांग एसोसिएशन श्री पाशा जी राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूं मुझ पर जताए गए इस विश्वास के लिए मैं कृतज्ञ हूं विकलांग एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के सहयोग से मैं इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा व समर्पण से निर्वहन करुंगा राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशा अनुसार काम करूंगा और विकलांग एसोसिएशन के हितों के लिए में राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन को मजबूती प्रदान करूंगा जिंदाबाद राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पाशा जिंदाबाद

## श्यामप्रसाद मुखर्जी अखंड भारत के प्रणेता थे।

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती संस्मरण पक्ष के निमित्त भारतीय जनता पार्टी महानगर फिरोजाबाद द्वारा जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन महानगर जिलाध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर की अध्यक्षता में जानकी महल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्रवाद, अखंड भारत और जनसेवा का विचार आज भी प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने तथा पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती संस्मरण पक्ष 23 जून से शुरू होकर 6 जुलाई तक चलेगा। इसमें बूथों पर बूथसमिति के सदस्यों के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसी के साथ डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन योगदान व केंद्रीय मंत्री के रूप में एवं जनसंघ संस्थापक अध्यक्ष के बारे में भी बताया जाएगा। शिक्षण संस्थानों में भी श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संस्मरण सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।




महानगर जिला अध्यक्ष डॉक्टर सतीश दिवाकर कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ मुखर्जी के संस्मरण में प्रत्येक नगर एवं शहर में किसी चौराहे, पार्क, सड़क का नाम उनके नाम पर रखा जाएगा। पौधरोपण भी किया जाएगा भारतीय जन संघ के संस्थापक एवं प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को राष्ट्र निर्माण सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की चेतन को जागृत करने और भारत की अखंडता के प्रति के रूप में जाना जाता है वह एक प्रख्यात शिक्षाविद् कुशल प्रशासक दूरदर्शी राजनेता और प्रखर राष्ट्र भक्त थे भारतीय जनता पार्टी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की स्मृति में अब बूथवार पूरे महानगर में पुष्पांजलि समारोह करेगी। 23 जून से 6 जुलाई तक ये पुष्पांजलि सभाएं होंगी। हर बूथ पर ये सभाएं की जाएंगी

सम्मेलन में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम के संयोजक महानगर उपाध्यक्ष विष्णु सक्सेना महानगर महामंत्री प्रमोद पाल बघेल, पूर्व विधायक ओम प्रकाश वर्मा, ब्लॉक प्रमुख लक्ष्मी नारायण यादव, राम कैलाश यादव ,पूर्व नगर अध्यक्ष दयाशंकर गुप्ता, चंद्रप्रकाश राठौर,

केशव फौजी, विनोद पचौरी,दीपक गुप्ता कालू, आकाश गुप्ता महानगर मीडिया प्रभारी, शैलेंद्र कुमार गुप्ता शालू, विशाल गुप्ता, नमन बंसल,अनुपम शर्मा, मुन्नी देवी, नीता, मंडल अध्यक्ष, देश दीपक गुप्ता, लायक सिंह, भरत सिंह वर्मा, अनार सिंह कुशवाहा, सत्य प्रकाश यादव, आशीष दिवाकर,आदि लोग उपस्थित थे।

## उदित और आदित्य के स्मार्ट आर्मी टैंक ने साइंस घर में सभी को किया अचंभित।

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में समर में जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें 27 वें दिवस पर कक्षा 12 के छात्र उदित प्रताप और आदित्य प्रताप ने अपने स्मार्ट आर्मी टैंक के प्रस्तुतिकरण में बताया कि इस मॉडल का निर्माण सीमावर्ती क्षेत्रों में सैनिकों की सुरक्षा और आधुनिक रक्षा तकनीकों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से किया गया है। इसमें एक उन्नत टैंक की अवधारणा प्रस्तुत की गई है, जो किसी भी संदिग्ध गतिविधि या घुसपैठ की स्थिति में स्वचालित रूप से सतर्क होकर रक्षा संबंधी कार्य करता है। मॉडल में एक सहायक लघु टैंक को भी दशार्या गया है, जो आवश्यकता पड़ने पर मुख्य टैंक से अलग होकर निगरानी, सूचना एकत्र करने तथा सैनिकों की सहायता करने का कार्य करता है। इसके अतिरिक्त, मरुस्थलीय क्षेत्रों जैसी कठिन परिस्थितियों में कार्य करने की इसकी क्षमता को भी प्रदर्शित किया गया है। मॉडल में धुएँ के माध्यम से सुरक्षा आवरण (स्मोक कवर) की अवधारणा दिखाई गई है, जिससे सैनिकों को सुरक्षित रूप से अपनी स्थिति बदलने और बचाव करने में सहायता मिलती है। इसमें प्रयुक्त मेटल शील्ड टैंक के भीतर मौजूद सैनिकों को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करती है। यदि किसी कारणवश मुख्य टैंक क्षतिग्रस्त हो जाए, तो सहायक टैंक आपातकालीन परिस्थितियों में महत्वपूर्ण सहायता उपलब्ध करा सकता है। अश्वनी कुमार जैन ने उदित प्रताप और आदित्य प्रताप के स्मार्ट आर्मी टैंक के नवाचार प्रयास की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि यह मॉडल आधुनिक रक्षा प्रणालियों, सैनिक सुरक्षा तथा तकनीकी नवाचार का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। साइंस घर में प्रतिदिन विद्यार्थी अपने नवाचार मॉडलों का प्रस्तुतिकरण कर रहे हैं। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# सदर तहसील के समक्ष अधिवक्ताओं ने नारेबाजी कर किया विरोध प्रदर्शन

- तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं मनमानी का लगाया आरोप
- डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने 4 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। सदर तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं मनमानी के विरुद्ध शनिवार को तहसील के समक्ष अधिवक्ताओं ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही अपने 4 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, सोनभद्र के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने शनिवार को उप जिलाधिकारी, रॉबर्ट्सगंज को ज्ञापन सौंपकर तहसील रॉबर्ट्सगंज में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमितताओं एवं मनमानी कार्यशैली के विरुद्ध कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। डीबीए के पूर्व अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट ने कहा कि तहसील में अनेक वादों का निस्तारण बिना संबंधित पक्षों एवं अधिवक्ताओं को समुचित अवसर दिए किया जा रहा है, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि नायब तहसीलदार विजयगढ़ द्वारा वादों का त्वरित एवं मनमाने ढंग से निस्तारण किया जा रहा है, जिससे अधिवक्ताओं एवं वादकारियों में व्यापक असंतोष व्याप्त है। आगे कहा कि कुछ वादकारियों द्वारा अवैध धनराशि लेकर प्रकरणों के निस्तारण किए जाने संबंधी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर



दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। बार एसोसिएशन के महामंत्री राजेंद्र कुमार यादव एडवोकेट ने कहा कि अधिवक्ताओं की बातों को गंभीरता से नहीं सुना जाता तथा वादकारियों के साथ असम्मान जनक व्यवहार एवं अनावश्यक विलंब की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं, जिससे न्यायिक व्यवस्था की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। एसोसिएशन ने प्रशासन से मांग की कि तहसील रॉबर्ट्सगंज में न्यायिक एवं राजस्व कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, प्रत्येक पक्ष को निष्पक्ष सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाए तथा भ्रष्टाचार एवं मनमानी पर तत्काल प्रभावी अंकुश लगाया जाए डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो अधिवक्ता समुदाय जनहित एवं न्यायहित में लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अधिवक्ता कामता प्रसाद यादव, को राजेश यादव, पवन कुमार सिंह, सुरेश सिंह कुशवाहा, टीटू प्रसाद गुप्ता, आदर्श देव पांडेय, राजकुमार सिंह, संतोष कुमार यादव, शाहनवाज आलम खान, रविंद्र पटेल, राकेश सिंह पटेल, रोशन खान आदि लोग शामिल रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हर्षोल्लास के साथ मनाया हिंदू साम्राज्य स्थापना दिवस उत्सव

- सोनभद्र नगर स्थित रामलीला मैदान परिसर में हुआ आयोजन

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सोनभद्र नगर द्वारा हिंदू साम्राज्य स्थापना दिवस उत्सव के अनुक्रम में शनिवार को सोनभद्र नगर स्थित रामलीला मैदान में हिंदू साम्राज्य स्थापना दिवस का कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्रपति शिवाजी महाराज, परम पूजनीय डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार (डॉक्टर साहब) एवं परम पूजनीय श्री गुरुजी (माधव सदाशिव



गोलवलकर) के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर, एकल गीत एवं अमृत वचन के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रांत संघ चालक अंगराज, जिला संघ चालक हर्ष अग्रवाल तथा नगर संघ चालक संगम मंचासीन रहे। प्रांत संघ चालक अंगराज ने अपने बौद्धिक उद्बोधन में कहा कि हिंदू साम्राज्य दिवस केवल एक ऐतिहासिक उत्सव नहीं, बल्कि स्वराज्य, आत्मगौरव, संगठन और राष्ट्रचेतना का प्रेरणा दायी पर्व है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक भारतीय इतिहास की वह गौरवशाली घटना है, जिसने निराशा के वातावरण में समाज में आत्मविश्वास का संचार किया तथा हिंदवी स्वराज्य की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने अपने अद्वितीय पराक्रम, कुशल नेतृत्व, सुशासन, संगठन क्षमता एवं दूरदर्शी नीतियों के बल पर राष्ट्र, धर्म और संस्कृति की रक्षा का कार्य किया। उन्होंने महिलाओं के सम्मान, न्यायपूर्ण शासन, अनुशासित सेना, सुदृढ़ प्रशासन तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने की नीति अपनाई, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए समाज में संगठन, समरसता, सेवा और राष्ट्रीय चेतना के कार्यों को गति दें तथा संघ के शताब्दी वर्ष में अधिकाधिक लोगों को राष्ट्र निर्माण के इस अभियान से जोड़ें। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला कार्यवाह दिनेश ने किया तथा कार्यक्रम का समापन संघ की प्रार्थना के साथ हुआ। कार्यक्रम में सह नगर संघ चालक संतोष, विभाग के रामलगन, अवध, नीरज, जिला व्यवस्था प्रमुख कीर्तन, जिला प्रचार प्रमुख नीरज, नगर कार्यवाह विश्वनाथ, सह नगर कार्यवाह अनिल, नगर प्रचार प्रमुख कृष्ण प्रताप, नगर व्यवस्था प्रमुख जे.बी. सिंह, नगर शारीरिक प्रमुख नीतीश, नगर व्यवस्था प्रमुख जंग बहादुर, नगर बौद्धिक प्रमुख कृष्ण कुमार, महाविद्यालय विद्यार्थी प्रमुख आशुतोष, विद्यार्थी कार्य प्रमुख अंकित, विनय, बच्चन, ललित, विनोद, नित्यानंद, पवन, धीरज, सत्यम सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने गोठानी शिव मंदिर में की पूजा-अर्चना, पर्यटन विकास कार्यों का किया निरीक्षण

## गोठानी शिव मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु तैयार होगी व्यापक कार्ययोजना

मंदिर मार्ग के सड़क निर्माण में देरी पर जिलाधिकारी नाराज, तत्काल कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश

भूमि मुआवजा वितरण के लिए सोमवार से तहसील में कैंप लगाने के निर्देश

प्रस्तावित बंधी निर्माण स्थल का निरीक्षण, किसानों के हितों को प्राथमिकता देने के निर्देश

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। जिलाधिकारी ने आज गोठानी स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा जनपदवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके उपरांत उन्होंने गोठानी शिव मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने हेतु प्रस्तावित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोठानी शिव मंदिर को एक आकर्षक धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए ऐसी समग्र कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें और क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिले। इस दौरान जिला धिकारी ने गोठानी शिव मंदिर तक



पहुंचने हेतु स्वीकृत नवनिर्मित सड़क का कार्य अब तक प्रारंभ न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण का कार्य तत्काल प्रारंभ कराया जाए। साथ ही उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह को निर्देश दिए कि जिन किसानों की भूमि सड़क निर्माण में अधिग्रहित हुई है, उन्हें मुआवजा वितरण हेतु सोमवार से तहसील में विशेष कैंप आयोजित कर धनराशि का वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने भूमि संरक्षण विभाग द्वारा प्रस्तावित नई बंधी के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने भूमि संरक्षण अधिकारियों को निर्देशित किया कि बंधी का निर्माण वैज्ञानिक एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप कराया जाए, जिससे अधिक से अधिक किसानों को सिंचाई एवं जल संरक्षण का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि बंधी निर्माण की कार्ययोजना को अंतिम रूप देने से पूर्व उसकी थर्ड पार्टी से तकनीकी जांच कराई जाएगी। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए कि निजी व्यक्तियों की भूमि पर जिला खनिज फाउंडेशन न्यास (डीएमएफ) के माध्यम से किसी भी प्रकार की स्वीकृति प्रदान नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी रॉबर्ट्सगंज, भूमि संरक्षण अधिकारी चोपन, जिला कृषि रक्षा अधिकारी संतपाल वर्मा सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ईसीआरकेयू की विशेष बैठक में उठीं प्रशासनिक तानाशाही के मुद्दे

रेलकर्मियों के मुद्दों पर करेंगे व्यापक आंदोलन - श्रीवास्तव

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन धनबाद मंडल की एक विशेष बैठक शनिवार को ईसीआरकेयू धनबाद वन शाखा कार्यालय में आयोजित हुई। इसमें मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में ईसीआरकेयू के महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता सह संचालन केन्द्रीय सहायक महामंत्री सह डिविजनल कोर्डिनेटर ओमप्रकाश ने किया। इस मौके पर केन्द्रीय उपाध्यक्ष मनीष कुमार, पूर्व केंद्रीय पदाधिकारी बी के सिंह, केन्द्रीय संगठन मंत्री नेताजी सुभाष तथा एआईआरएफ जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को मजबूत करने और रेलकर्मियों के विभिन्न मुद्दों पर सभी शाखाओं के सचिव सहित केन्द्रीय पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी।उपस्थित सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश साझा करते हुए कॉमरेड श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि आज धनबाद मंडल के रेलकर्मी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संरक्षा नियमों को ताक पर रख कर तानाशाही आदेशों द्वारा रेलकर्मियों पर काम करने का दबाव दिया जा रहा है। इसके तहत सबसे ज्यादा रनिंग कर्मचारी और ट्रैक मेंटेनर्स त्रस्त हो रहे हैं। आवासों की हालत गंभीर होती जा रही है, बेवजह स्थानांतरण



किया जा रहा है, बड़ी संख्या में बात बेबात चार्जशीट दिया जा रहा है, काम कराने के घंटों का कोई रोस्टर नहीं है, एक कर्मचारी को दूसरे कर्मचारी को छोटी-छोटी बातों पर लड़ाया जा रहा है। ईसीआरकेयू इन सभी बातों को लेकर मंडल स्तर पर रेलकर्मियों में व्यापक जागरुकता पैदा कर मंडलीय कार्यालय पर धरना व प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने सभी रेलकर्मियों का आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और एकजुट होकर ईसीआरकेयू के बैनर तले होने वाले आंदोलन के तहत धरना और प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल हों।

उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू चोपन वन के शाखा सचिव उमेश कुमार सिंह ने बताया कि बैठक के अंतिम चरण में ईसीआरकेयू के पूर्व केंद्रीय पदाधिकारी रंजीत राय तथा बी एन सिंह की मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस विशेष बैठक में अजय कुमार तिवारी, जितेन्द्र कुमार साव, पी के सिन्हा,बी के साव, आर के सिंह, ए के दास, सरयू प्रसाद, एम पी महतो, आर प्रसाद,पी सिंह, विशाल कुमार पासवान, रंजीत कुमार यादव, रविन्द्र कुमार रवानी, दीनबंधु कुमार, बिमान मंडल, अजय कुमार सिन्हा, राजेश कुमार गोप, मो इजहार आलम, सी एस प्रसाद, दिलीप कुमार, परमेश्वर कुमार, रुपेश कुमार, एस चक्रवर्ती मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने विकास भवन परिसर से पल्स पोलियो जनजागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की दो बूंद पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी- मुख्य विकास अधिकारी

28 जून से शुरू होगा सघन पल्स पोलियो महाअभियान

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। सघन पल्स पोलियो महा अभियान के सफल संचालन एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से शनिवार को विकास भवन परिसर से पल्स पोलियो जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती जागृति अवस्थी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, आशा कार्य कर्त्रियाँ, आंगनबाड़ी कार्य कर्त्रियाँ, विभिन्न विभागों के कर्मचारी तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। रैली को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसहभागिता का महाअभियान है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील



की कि 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं तथा अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायतें, स्वयं सहायता समूह, आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्त्रियाँ अभियान को घर-घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं, जिससे कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि 28 जून 2026 को जनपद के सभी निर्धारित पोलियो बूथों पर प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके उपरांत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि अपने बच्चों

को निकटतम पोलियो बूथ पर अवश्य लेकर आएं और पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय सह भागिता निभाएं।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने चोपन थाना दिवस में सुनीं जनशिकायतें, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शनिवार को चोपन थाना परिसर में आयोजित थाना दिवस में पहुंचकर फरियादियों की जनसमस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर शिकायतों का निष्पक्ष, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करे, ताकि आमजन को अनावश्यक



परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार

सिंह सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अवैध खनन के विरोध में सपा का प्रदर्शन, निषाद समाज के बच्चों को न्याय दिलाने की उठी मांग

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के मितापुर में सोन नदी में अवैध खनन से बने गड्ढे में डूबकर तीन किशोरों की मौत के विरोध में शनिवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वर्ण जयंती चौक पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान सपा नेताओं ने सरकार और प्रशासन पर अवैध खनन रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया तथा निषाद समाज के मृतक बच्चों के परिजनों को न्याय और उचित मुआवजा देने की मांग की। सपा जिला सचिव प्रमोद यादव ने कहा कि सोनभद्र में लगातार अवैध बालू खनन हो रहा है, जिससे नदी में 30 से 40 फीट गहरे गड्ढे बन रहे हैं और हादसे हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार, जनप्रतिनिधि और प्रशासन इस पूरे मामले में



मूकदर्शक बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि मृतक परिवारों को केवल औपचारिक मुआवजा देकर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। सपा नेता मनीष त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं दिनेश साहनी और सुरेश अग्रहरि ने कहा कि जिले में खनन हादसे लगातार हो रहे हैं, लेकिन सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। प्रदर्शन कारियों ने चेतावनी दी कि यदि मृतक परिवारों को न्याय नहीं मिला और अवैध खनन पर प्रभावी रोक नहीं लगी तो समाजवादी पार्टी व्यापक आंदोलन करेगी। कार्यक्रम का संचालन अल्पसंख्यक सभा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष जुनैद अंसारी ने किया। प्रदर्शन में मनीष केड़िया, लालू यादव, अशोक केवट, शौर्य त्रिपाठी, संदीप भारती, अर्जुन खर वार, सुरेंद्र प्रजापति, अनिल विश्व कर्मा, सरजू प्रसाद सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोयला लदा ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलटा, बाल-बाल बचा चालक

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। जनपद के चोपन थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक कोयला लदा ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। यह घटना मालो घाट टोल प्लाजा से लगभग पांच सौ मीटर पहले गुरमुरा की ओर वाराणसी-शक्तिनगर राज्य मार्ग पर हुई। हादसे में ट्रेलर में लदा कोयला सड़क पर बिखर गया। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को लगभग पौने चार बजे यह ट्रेलर अनपरा की तरफ से कोयला लेकर आ रहा था। मालो घाट टोल प्लाजा से करीब पांच सौ मीटर पहले गुरमुरा की दिशा में अज्ञात कारणों से ट्रेलर अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में चकरघट्टा, चंदौली निवासी



ट्रेलर चालक जाफर खान पुत्र अहियान खान सुरक्षित बच गए, हालांकि ट्रेलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी।

# खनन के धमाकों ने छीना सुकून, पत्थरों के साए की दहशत में जी रहे खैरटिया के ग्रामीण, अधिकारियों की मौन ने उठाएं गंभीर सवाल

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

ओबरा/ सोनभद्र। स्थानीय तहसील क्षेत्र के खैरटिया गांव में स्थित मे0 डी. एस. इंटरप्राइजेज नामक खदान के खिलाफ ग्रामीणों का उग्र विरोध जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि खदान में लगातार हो रही ब्लास्टिंग से उनके घरों तक पत्थर आ रहे हैं, जिससे जान का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि खनन कार्य के कारण उनके घरों तक पत्थर पहुंच रहे हैं। इसके अलावा, खदान क्षेत्र में पानी के लिए की गई बोरिंग को भी नष्ट कर दिया गया है। यह बोरिंग खेती कार्य के लिए पानी का स्रोत थी, जिसके नष्ट होने से उन्हें चिलचिलाती धूप में पानी के लिए दूर जाना पड़ रहा है। खनन और ब्लास्टिंग से पानी का स्तर नीचे जाने की भी आशंका जताई जा रही है। शनिवार को ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन के दौरान दोनों पक्षो की तरफ से डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि, पुलिस की मौजूदगी के बावजूद जेसीबी से खुदाई का काम जारी रहा, जिससे ग्रामीण और अधिक उग्र हो गए। ग्रामीणों का आरोप है कि यह सब मिलीभगत से हो रहा है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि गांव के बीच में यह खदान किस नियम के तहत शुरू की गई और बिना उचित जांच के इसे पट्टा कैसे दे दिया गया। नियमानुसार, खदान का पट्टा देते समय संभावित चुनौतियों पर ग्रामीणों के साथ जन सुनाई (चौपाल) लगाकर चर्चा की जाती है, लेकिन इस खदान के संचालन से पहले ऐसा कोई चौपाल नहीं लगाया गया। विरोध करने वाले गरीब आदिवासियों को लगातार धमकियां भी दी जा रही हैं।

देवकली और परमेश्वरी नामक महिलाओं ने आरोप लगाया है कि उनकी जमीन पर जेसीबी मशीन से जबरन खनन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके खेतों में लगी बोरिंग को भी उखाड़ दिया गया है।

देवकली ने बताया कि उनकी जमीन पर जबरन खनन किया जा रहा है। उनके अनुसार, यह जमीन उनकी है, लेकिन उनके ही पट्टीदारों ने इसे गलत तरीके से लीज पर दे दिया है। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस के मना करने के बावजूद मशीन को दोबारा खनन के लिए भेज दिया गया। देवकली ने आरोप लगाया कि खनन के दौरान उनके खेत में कराई गई बोरिंग को मशीन से उखाड़ दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि भारी ब्लास्टिंग के कारण उनके घर तक पत्थर आकर गिरते हैं। महिला ने सबूत के तौर पर लिए पत्थर को उनके हाथ से राहुल दुबे ने छीन लिया जिससे आरोप लगने पर खदान की पत्थर की पहचान ना हो सके। महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि खनन से जुड़े कुछ लोग उन्हें लगातार धमका रहे हैं। इसके बावजूद, शांति से जीवन यापन करने के लिए स्थानीय निवासी खनन बंद कराने की मांग पर अड़े हुए हैं।

इसी तरह की शिकायत परमेश्वरी ने भी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी जमीन में दोबारा जेसीबी मशीन घुसाई गई।

परमेश्वरी ने बताया कि इससे पहले भी जेसीबी लाई गई थी, जिसका उन्होंने विरोध किया था और उसे वहां से हटवा दिया गया था। परमेश्वरी ने आगे आरोप लगाया कि मशीन हटाए जाने के बाद डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन मशीन को हटवाने के बजाय उसे फिर से खेत में प्रवेश करा दिया गया। उन्होंने कहा कि वह और उनके परिवार के लोग लगातार इसका विरोध कर रहे हैं, लेकिन उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं।

ग्राम पंचायत सदस्य दुर्गा सिंह गोड़ ने क्षेत्र में चल रहे खनन कार्यों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि खनन कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा है, जिससे ग्रामीणों की सुरक्षा और जीवन पर खतरा मंडरा रहा है। गोड़ ने बताया कि खनन का एग्रीमेंट एक व्यक्ति के नाम पर है, जबकि खुदाई कोई अन्य व्यक्ति करवा रहा है। इसी अनियमितता का विरोध करने के लिए स्थानीय ग्रामीण मौके पर एकत्र हुए थे, जिसके बाद उन्हें भी घटनास्थल पर पहुंचना पड़ा।

उन्होंने आरोप लगाया कि आबादी के बीच खदान संचालित होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ब्लास्टिंग के दौरान पत्थर उड़कर घरों तक पहुंच रहे हैं, जिससे लोगों की सुरक्षा खतरे में है। इसके अलावा, पेयजल के लिए कराई गई बोरिंग भी सूखने लगी है और ब्लास्टिंग से उड़कर आए पत्थर की चपेट में आने से एक गाय भी घायल हो चुकी है। सदस्य ने भारी वाहनों के बस्ती से गुजरने पर दुर्घटना की आशंका जताई, क्योंकि आसपास बच्चे खेलते रहते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि रात के समय भी खनन कार्य जारी रहता है और पूरी रात खदान में कंप्रेसर मशीनें चलती रहती हैं, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी होती है। दुर्गा सिंह गोड़ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि अनियमितताएं पाई जाती हैं, तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि यदि खनन करना आवश्यक है, तो उसे आबादी से दूर और निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित किया जाए। प्रदर्शन के दौरान देवकली, प्रमेशरी, जीरवती, शिवकुमार, शान्ति, रीता अंजू, शारदा, भगवती, सोनिया, सुशिला गुंजा, चन्दा, खुलपत, राज कुमारी, इशरावती और शकुंतला मुख्य रूप से शामिल रही।

# बुढ़ाना बस अड्डे पर परचून की दुकान का ताला तोड़कर चोरी, नगदी समेत हजारों का सामान ले उड़े चोर

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे के बुढ़ाना बस अड्डे स्थित एक परचून की दुकान का ताला तोड़कर चोर नकदी और हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी शनिवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे व्यापारी को हुई। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।कस्बा निवासी अशोक जैन की बुढ़ाना बस अड्डे पर परचून की दुकान है, जिससे वह अपने



परिवार का भरण-पोषण करते हैं। शनिवार सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो शटर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था और गल्ले में रखी नकदी के साथ हजारों रुपये का कीमती सामान गायब था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पीड़ित व्यापारी ने चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर जल्द कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

# थाना समाधान दिवस में पहुंचीं तीन शिकायतें, अधिकारियों ने दिए निस्तारण के निर्देश

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

शासन के निर्देश पर शनिवार को थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार एवं नायब तहसीलदार सतीश यादव ने की। समाधान दिवस में कुल तीन शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।एलम निवासी योगेंद्र पवार ने शिकायत करते हुए बताया कि वह अपने प्लॉट की चारदीवारी कराना चाहते हैं, लेकिन पड़ोसी इसमें बाधा उत्पन्न कर रहा है। वहीं एलम के पूर्व सभासद सोनू पवार ने खाद



गड्ढों पर किए गए कथित अतिक्रमण की शिकायत करते हुए उन्हें कब्जामुक्त कराने की मांग की।इसके अलावा गांव मलकपुर निवासी वासिफ ने आरोप लगाया कि उसके पड़ोसी जाबिर ने खेत की नाली काटकर अपने खेत में मिला ली है। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती है। अधिकारियों ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई एवं शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।समाधान दिवस के दौरान राजस्व विभाग की टीम एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# तंत्र क्रिया के नाम पर महिला से ठगी, चोर का नाम बताने के बहाने ऐंठे रुपये

**समाज जागरण कांधला।**
कस्बे में तंत्र क्रिया के नाम पर एक महिला से हजारों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि तांत्रिक ने चोरी का खुलासा करने के नाम पर महिला से दो बार रुपये लिए और अलग-अलग लोगों पर चोरी का आरोप लगाकर विवाद खड़ा करा दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के गांव गढ़ीश्याम निवासी सतबीरी के घर से एक सप्ताह पहले 30 हजार रुपये चोरी हो गए थे। महिला को जानकारी मिली कि कस्बे में एक व्यक्ति तंत्र क्रिया के जरिए चोरी का पता बताता है। इस पर वह उसके पास पहुंची। आरोप है कि आरोपी ने चोर का नाम बताने के नाम पर पहले 5,100 रुपये लिए और दावा किया कि पड़ोस की एक वृद्ध महिला ने चोरी की है।महिला ने घर पहुंचकर वृद्ध महिला पर चोरी का आरोप लगा दिया, जिससे दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। मामला शांत होने पर वृद्ध महिला के परिजनों ने आरोप का आधार पूछा तो पीड़िता ने तांत्रिक के बारे में बताया।इसके बाद दोनों पक्ष आरोपी के पास पहुंचे। आरोप है कि उसने दोबारा 2,100 रुपये लेकर इस बार एक अन्य पड़ोसी का नाम चोर के रूप में बता दिया। इससे पीड़िता को ठगी का एहसास हुआ और उसने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

आरोप है कि वह लंबे समय से तंत्र क्रिया के नाम पर लोगों से रुपये ठग रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कूड़ा सड़कों पर डाला गया जल निकासी हुई प्रभावित

**समाज जागरण**
शामली। शहर के मोहल्ला कलंदर शाह में नगर पालिका की उदासीनता के चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। नगर पालिका द्वारा नालों की सफाई के किए जा रहे कार्य के चलते कूडा करकट सडक पर डाल दिया गया, जिससे जल निकासी पूरी तरह से प्रभावित होने से लोगों के घरों में गंदा पानी भर रहा है। नगर पालिका द्वारा शहर में इन दिनों बरसात से पूर्व नालों की साफ सफाई का अभियान चलाया जाता रहा है। जिसके चलते पिछले दो दिनों से शहर के मोहल्ला कलंदरशाह में नालों की साफ सफाई की गई है। इस दौरान नगर पालिका ने सफाई अभियान के नाम पर मोहल्लेवासियों के चबूतरे तक तोड डाले। बाद में नालों से निकला गाद और कूडा सडक पर डाल दिया गया, जिसके बाद पूरा रास्ता पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। सडक पर लगे



कूडे के ढेर के कारण जल निकासी प्रभावित हो रही है और नालों का गंदा पानी सडकों पर बह रहा है। ऐसे में स्कूल जाने वाले वाले छोटे बच्चे भी गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर है। कई बुर्जुग और बच्चे गडढों में फंसकर गिरकर चोटिल भी हो चुके है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि नाले की साफ सफाई साल में एक बार की जाती है, जबकि समय समय पर साफ सफाई की जाये तो इस तरह की परेशानियों का सामना न करना पडे। उन्होने नगर पालिका प्रशासन से जल्द से जल्द समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

# पति ने पत्नी को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**
कैराना। एक व्यक्ति ने दुकान से आटा मंगाने पर पत्नी के साथ मारपीट कर घायल किया। गांव बरनावी निवासी नसरीन ने कोतवाली पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार को उसने दुकान से आटा मंगवाया था। इसी बात को लेकर उसके पति अफसर ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**समाज जागरण**
कैराना। शुक्रवार रात करीब नौ बजे पुलिस तितरवाड़ा रोड पर गश्त कर रही थी। इस दौरान एक युवक हाथ में प्लास्टिक की कैन लेकर जा रहा था, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। उसके पास से पांच लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक निवासी गांव बुच्चाखेड़ी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके चालान कर दिया।

# सात शिकायतों में से दो का निस्तारण

**समाज जागरण**
कैराना। एसडीएम की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस में सात शिकायतों में से मौके पर दो का निस्तारण किया गया। शनिवार को कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम शिवाजी यादव ने क्षेत्र से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। उनके समक्ष सात शिकायती पत्र पहुंचे, जिनमें से दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायती पत्रों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर उनके एक सप्ताह के भीतर निस्तारण के निर्देश दिए गए।

# जामुन के पेड़ से गिरकर 15 वर्षीय किशोर की मौत

## --मजदूरी कर विधवा मां चार बहनों और दिव्यांग भाई का कर रहा था पालन-पोषण, गमगीन माहौल में सुपुर्द- ए- खाक

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी 15 वर्षीय किशोर की जामुन के पेड़ से गिरने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। किशोर की असमय मौत से परिवार में कोहराम मच गया। शनिवार को परिजनों ने गमगीन माहौल में उसे सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी 15 वर्षीय इखलास पुत्र स्वर्गीय औरंगजेब पड़ोस के एक व्यक्ति के साथ जामुन तोड़ने गया था। बताया जाता है कि जामुन तोड़ते समय अचानक उसका पैर फिसल गया, जिससे वह पेड़ से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन तत्काल उसे उपचार के लिए शामली के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत



गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद करनाल के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।करनाल के अस्पताल में उपचार के दौरान इखलास ने दम तोड़ दिया। किशोर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और मोहल्ले में भी मातम का माहौल छा गया।किशोर के पिता का पहले ही निधन हो चुका था। पिता की मौत के बाद परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी उसके नन्हे कंधों पर आ गई थी। वह मजदूरी कर किसी तरह अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। परिवार में चार बहनें अभी अविवाहित हैं, जबकि एक बहन का विवाह हो चुका है। इसके अलावा उसका एक छोटा भाई दिव्यांग है। ऐसे में इखलास की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और उनके सामने आर्थिक संकट भी गहरा गया है।शनिवार को शव को गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, लाठी-डंडे व धारदार हथियार चले

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में पुरानी रंजिश के चलते एक ही समुदाय के दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते कहासुनी ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले, जिसमें कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया और कई लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी वसी हैदर और इस्ताखार पक्ष के बीच काफी समय से विवाद चला आ रहा था। शनिवार को पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई जो कुछ ही देर में मारपीट में बदल गई। संघर्ष के दौरान दोनों ओर से लाठी-डंडों के साथ धारदार हथियार भी चले, जिससे कई लोग घायल हो गए।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हल्का बल प्रयोग कर दोनों पक्षों को अलग किया। पुलिस ने घायल रजब अली और अमीर मोहम्मद जो वासी हैदर पक्ष व इस्तखार पक्ष से दिलावर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इसके अलावा कई लोगों को हिरासत में लिया है।दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक

सतीश कुमारका कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीराम कथा में भगवान श्रीराम के वनवास प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के हनुमान धाम स्थित अग्रसेन भवन में श्रीराम लखन सेवा समिति के तत्वावधान में चल रही श्रीराम कथा के सातवें दिन कथा व्यास दीपक महाराज ने भगवान श्रीराम के वनवास प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीराम का वनवास रामायण की अत्यंत महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक है, जो राजा दशरथ द्वारा रानी कैकेयी को दिए गए दो वरदानों के कारण घटित हुआ। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैकेयी ने एक युद्ध के



दौरान राजा दशरथ की प्राण रक्षा की थी, जिससे प्रसन्न होकर राजा ने उन्हें दो वरदान देने का वचन दिया था, जिन्हें उस समय कैकेयी ने नहीं माँगा था।कथा में बताया गया कि राज्याभिषेक की तैयारी के समय दासी मंथरा ने कैकेयी के मन में यह भय उत्पन्न किया कि श्रीराम के राजा बनने से उनके पुत्र भरत का अधिकार समाप्त हो जाएगा। इसके बाद कैकेयी ने राजा दशरथ से अपने दो वरदान मांग लिए। पहला भरत को अयोध्या का राजा बनाने और दूसरा श्रीराम को 14 वर्षों का वनवास देने का।राजा दशरथ इस निर्णय से अत्यंत दुखी और धर्मसंकट में पड़ गए, किंतु रघुकुल परंपरा के अनुसार वचन पालन को सर्वोपरि मानते हुए उन्होंने वरदानों को स्वीकार किया। भगवान श्रीराम ने पिता के वचन की रक्षा को अपना धर्म मानते हुए वनवास स्वीकार कर लिया। उनके साथ माता सीता और भ्राता लक्ष्मण भी वन के लिए प्रस्थान कर गए।कथा में आगे बताया गया कि भरत ने इस निर्णय का विरोध किया और श्रीराम को वापस लाने वन पहुंचे, किंतु श्रीराम ने पिता के वचन को सर्वोपरि मानते हुए अयोध्या लौटने से इंकार कर दिया। इसके बाद भरत ने श्रीराम की चरण पादुकाओं को सिंहासन पर स्थापित कर उनके प्रतिनिधि के रूप में राज्य का संचालन किया। इस अवसर पर संजय त्यागी, सुरेंद्र बंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल, यशपाल पंवार, सचिन जैन भगतजी, राजकुमार तायल, अवनीश संगल, अशोक गोयल, सचिन मित्तल, अनिल गोयल, शिव कुमार मित्तल, संदीप मित्तल, राज कमल मित्तल, विजय गोयल, सुभाष तायल आदि मौजूद रहे।

# व्यापारी खुलकर करें व्यापार, असामाजिक तत्वों का खुलकर करें मुकाबला,घनश्याम दास गर्ग

**समाज जागरण**

शामली। संपूर्ण उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने प्रदेश के व्यापारियों से निडर होकर व्यापार करने और माहौल खराब करने वाले असामाजिक तत्वों का डटकर मुकाबला करने का आह्वान किया है। उन्होंने बड़ौत में दिनदहाड़े दुकान पर बैठे व्यापारी सोहनलाल और उनके पुत्र विकास की हत्या पर गहरा रोष एवं चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं से व्यापारियों में भय का वातावरण बनता है।
प्रेसनोट जारी करते हुए उन्होंने प्रदेश सरकार से व्यापारियों की सुरक्षा के लिए सभी जिलों एवं कस्बों में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश का व्यापारी सुरक्षित एवं निडर होकर अपना व्यापार कर सके, इसके लिए प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था आवश्यक है। घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि व्यापारी वर्ग दिन-रात मेहनत कर देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देता है तथा सरकार के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान करता है। यदि व्यापारी भय के माहौल में रहेगा तो व्यापार प्रभावित होगा, जिसका सीधा असर प्रदेश और देश के विकास पर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि संगठन की ओर से 6 जुलाई से प्रदेशव्यापी समीक्षा दौरे की शुरूआत की जाएगी। यह दौरा शामली से शुरू होकर सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ सहित प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित समीक्षा बैठकों के माध्यम से 12 सितंबर को लखनऊ में संपन्न होगा। लखनऊ में मुख्यमंत्री को व्यापारियों की समस्याओं एवं मांगों से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि 27 सितंबर को मथुरा में प्रांतीय व्यापारी सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें प्रदेश के सभी 75 जिलों से हजारों व्यापारी भाग लेंगे।

# प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों का हंगामा, सुविधा नहीं देने का आरोप

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के करनाल रोड स्थित एमएस फार्म में आयोजित उत्तर प्रदेश वुशु राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल खिलाडियों ने शनिवार को मैनेजमेंट कमैटी के पदाधिकारियों द्वारा कोई सुविधा न देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। उन्होने भीषण गर्मी में कोई व्यावस्था न करने, ठंडे पानी की सुविधा न देने का आारोप लगाया है। साथ ही परेशानियों की वीडियों सोशल मीडिया पर भी वायरल की गई है। शहर के करनाल रोड स्थित एमएस फार्म में गत 24 जून से उत्तर प्रदेश वुशु राज्य स्तरीय प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में कई जनपदों के सैकडों खिलाडी प्रतिभाग कर रहे है, लेकिन शनिवार को प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडियों ने मैनेजमेंट कमैटी के लोगों पर प्रतियोगिता के दौरान खिलाडियों को कोई सुविधा न देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। प्रतियोगिता में शामिल खिलाडी सोरम, सागर, शुभम, अभय, विक्रांत, रिषभ, निकुंज, अहमद, शिवम आदि ने बताया कि प्रतियोगिता के बीच भीषण गर्मी का कोई प्रबंध नही किया गया। भीषण गर्मी में प्रतियोगिता के दौरान कुछ कूलर लगाए गए है, वो भी रेफरी के ऊपरी लगे है। खिलाडियों पर कोई पंखा तक नही है। रात्रि में विश्राम के लिए उनको बिग्रेडियर होशियार सिंह इंटर कालेज में रात्रि साढे 10 बजे भेजा जाता है, जहां न कूलर है और न ही पीने के पानी की कोई सुविधा है। जिसकी वीडियों भी उन्होने सोशल मीडिया पर वायरल की है। जिसमें बताया कि सवेरे नहाने के लिए भी टयूबैल पर जाना पडता है। रात्रि में जमीन पर सोना पड रहा है, जहां मच्छर और अन्य छोटे जीव परेशान करते है। ऐसे में खिलाडी अपनी प्रतियोगिता पर कोई फोसक नही कर पा रहे है।

उन्होने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद उनसे झूठ बोलकर अगले दिन किसी अन्य स्थान पर ठहरने की व्यावस्था करने का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार की प्रतिभागों को आगे बढाने की मुहिम को पलीता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने मांग की कि खिलाडियों के लिए उचित व्यावस्था की जाये।

# विश्व हिंदू साम्राज्य दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया

**समाज जागरण**
शामली। शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विश्व हिंदू साम्राज्य दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक गौरव का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आचार्या गीता कांबोज ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में छत्रपति



शिवाजी महाराज के शौर्य, पराक्रम एवं कुशल प्रशासन पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे शिवाजी महाराज के राष्ट्रप्रेम, अदम्य साहस एवं उच्च नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक दिवस स्वराज्य और स्वाभिमान का प्रतीक है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने युवा पीढ़ी को अपनी गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने तथा राष्ट्रहित में निरंतर योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

# 85 यूपी बटालियन एनसीसी कैंप के तीसरे दिन कैडेट्स को शस्त्र चलाने का दिया प्रशिक्षण

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) शहर के देशभक्त इंटर कॉलेज में चल रहे 85 यूपी बटालियन एनसीसी कैंप के तीसरे दिन कैडेट्स को शस्त्र चलाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान फायरिंग रेंज पर कैडेट्स ने फायरिंग का अभ्यास किया। लेफ्टिनेंट आशीष कुमार तथा हवलदार मीन बहादुर थापा के



नेतृत्व में यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल सीपी भदौला ने कैडेट्स को मिलिट्री स्टडी विषय तथा सेना के तीनों अंगोंकृथल सेना, नौसेना एवं वायु सेनाकृके बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर चीफ ऑफिसर नीरज कुमार ने पर्यावरण संरक्षण पर बल देते हुए कैडेट्स को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कीटनाशकों के दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी। हवलदार अनूप राणा ने कैडेट्स को व्यक्तित्व विकास के संबंध में प्रशिक्षण दिया, जबकि हवलदार ओमप्रकाश तथा सूबेदार मोर मुकुट ने ड्रिल अभ्यास के अंतर्गत खोल लाइन, निकट लाइन एवं लाइन तोड़ का अभ्यास कराया।कैंप के दौरान समस्त एनसीसी अधिकारी एवं पीआई स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# उद्योग बंधु बैठक में व्यापारियों एवं उद्यमियों के हितों से जुड़े उठाए गये महत्वपूर्ण मुद्दे

**समाज जागरण/**
**अवधेश कुमार गुप्ता**
सोनभद्र। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, जनपद सोनभद्र की एक अति महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में की गयी तथा बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग विनोद चौधरी द्वारा किया गया। बैठक में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, जनपद सोनभद्र के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र जायसवाल ने व्यापारियों, उद्यमियों एवं जनहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए। प्रमुख मांगों में प्रत्येक माह व्यापारी कल्याण दिवस का आयो जन, उत्कृष्ट जीएसटी कर दाताओं एवं उद्यमियों का सम्मान, मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना की प्रभावी समीक्षा, बैंक ऋण प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाना, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों की निष्पक्ष जांच तथा स्वास्थ्य संस्थानों की पारदर्शी जांच व्यवस्था सुनिश्चित करना शामिल



रहा।बैठक में संगठन के प्रभारी मुख्य संरक्षक हाजी सलीम हुसैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने जिला ध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत सभी प्रस्तावों का समर्थन करते हुए कहा कि व्यापारियों एवं उद्यमियों की सम स्याओं का त्वरित समाधान जिले के व्यापारिक एवं औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर संगठन के रोहित जायसवाल, गोपी सोनकर एवं रमाशंकर पाण्डेय सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे तथा सभी ने सर्वसम्मति से प्रस्तुत प्रस्तावों का समर्थन किया।

# चिल्काडांड मार्केट के पास ट्रक और बाइक की भिड़ंत, दो युवक घायल

**समाज जागरण/**
**अवधेश कुमार गुप्ता**
सोनभद्र। शक्तिनगर थाना क्षेत्र के चिल्काडांड मार्केट के पास शक्ति नगर-वाराणसी मुख्य मार्ग पर शनिवार को एक ट्रक और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल एनटीपीसी संजीवनी चिकित्सालय पहुंचाया। घायलों का



उपचार जारी है। घायलों की पहचान सिंगरौली (मध्य प्रदेश) के नवनागर निवासी पुष्पेन्द्र कुशवाहा और मनीष शाह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मनीष शाह के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि पुष्पेन्द्र कुशवाहा भी घायल हुए हैं।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुर्घटना के समय दोनों युवक नशे की हालत में थे, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच और चिकित्सकीय परीक्षण के बाद ही हो सकेगी। सूचना मिलते ही शक्तिनगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक और ट्रक को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

# बीएसएम स्कूल में आयोजित टैलेंट इंडिया रियलिटी शो की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) शहर के बीएसएम स्कूल में आयोजित टैलेंट इंडिया रियलिटी शो की तीन दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन का आयोजन उत्साह, ऊर्जा एवं रचनात्मकता से भरपूर रहा। पूरे दिन विद्यालय परिसर में संगीत, नृत्य और प्रतिभा विकास की गतिविधियों का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध पंजाबी गायक मिस्टर गुरसेवक मान अतिथि के रूप में



उपस्थित रहे। उनके साथ मानव प्रोडक्शन हाउस के निमार्ता एवं निर्देशक मिस्टर संजीव सिसोदिया तथा 2019 इंडिया हिप-हॉप चौंपियनशिप के गोल्ड मेडलिस्ट एवं बॉलीवुड कोरियोग्राफर मिस्टर जैक साइबर ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। स्कूल की मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह, डायरेक्टर अंकित गुप्ता एवं उप-प्रधानाचार्या आशु पंडित ने अतिथियों का पुष्प भेंट कर स्वागत किया।विशेष प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों के गायन, नृत्य एवं मंच प्रस्तुति का अवलोकन कर उन्हें सुर, लय, ताल, अभिव्यक्ति, मंच संचालन एवं आत्मविश्वास से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने प्रतिभागियों की कमियों को पहचानकर सुधार के उपाय भी बताए, जिससे विद्यार्थियों में सीखने का उत्साह और बढ़ गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने आगामी चरणों के लिए और अधिक मेहनत करने का संकल्प लिया।

# कुछ दशकों से खेलों में भी नशा बढ़ रहा है, जिससे बचने की जरूरत: चरणदास महाराज

: मीडिया 11 ने कड़े मुकाबले के चलते डीएन अकादमी एकादश को 3 रनों से दी मात

: खिलाड़ियों ने खेल के माध्यम से दिया नशे से दूर रहने का संदेश



**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 27जून। अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस के अवसर पर युवाओं एवं आमजन को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृति सेवा समिति एवं युवा जागृति एवं जन कल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा 11 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध दिवस के दूसरे दिन गांव ढाणा नरसान क्रिकेट मैदान में एक दिवसीय टी 20 क्रिकेट मुकाबला आयोजित किया गया। जिसमे सानिध्य महंत चरण दास महाराज का रहा। इस दौरान मीडिया एकादश और डीएन अकादमी एकादश के बीच इस सामाजिक संदेश के साथ खड़ा मुकाबला रहा। टॉस जीतते हुए डीएन अकादमी टीम ने पहले फिल्डिंग करने का फैसला लिया।

इस दौरान डीएन अकादमी के तेज गेंदबाजी के चलते 7 ओवर में मीडिया टीम लड़खड़ाती हुई नजर आई। यहाँ मीडिया टीम मात्र 42 बोल में 42 रन बना पाई। इसके बाद यहां मिडिया टीम के कप्तान दीपक, बिक्की, कपिल, जॉनी कुमार, सुंदर दिनोदिया और अभय ग्रेवाल ने पारी को संभाला, यहां गेंदबाज नहीं चल पाए और मीडिया टीम के कप्तान दीपक ने 51 की साझेदारी की और मीडिया टीम ने डीएन अकादमी के समक्ष 150 रनों का स्कोर खड़ा किया। दूसरी इनिंग खेलते हुए डीएन अकादमी की टीम के बल्लेबाज विकास, दयानंद, टीटू, मोहन, अमन कुमार, पंकज ने मीडिया टीम के तेज गेंदबाजो की बोलिंग पर पहले 9 ओवर में चौके व छक्के जड़ते हुए स्कोर 100 के आंकड़े से पार कर दिया, इस दौरान मीडिया एकादश के कप्तान बोलर चेंज करते हुए जॉनी कुमार को मैदान में उतारा यहां जॉनी ने डीएन टीम ओपनर रहे खिलाड़ी विकास को बोल्ड कर कामयाबी हासिल की । डीएन टीम के पास विकेट काफी शेष थी, इस दौरान डीएन टीम एक तरफा जीत की तरफ बढ़ चुकी थी। यहां मिडिया टीम ने अशोक भारद्वाज को मध्य गति की गेंदबाजी के साथ आगे लाई यहां रन रेट पर ब्रेक लगाते हुए अशोक भारद्वाज ने तीन ओवर में 11रन देते हुए 5 विकेट धराशाई कर दी और मुकाबला उलटफेर कर दिया डीएन टीम जीत की तरफ नहीं बढ़ पाई और मीडिया टीम ने कड़े मुकाबले के चलते यह मुकाबला मात्र तीन रनों से जीत लिया। बेहतरीन गेंदबाजी के चलते अशोक भारद्वाज को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। इस दौरान बेस्ट बल्लेबाज का खिताब दीपक शर्मा को दिया गया। बेस्ट फिल्डर जॉनी कुमार रहे।

11दिवसीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महंत चरण दास महाराज पहुंचे उन्होंने बोलते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। कहा कि कुछ दशकों से खेलों में भी नशा तेजी पकड़ रहा है। इस यह मुकाबला यही संदेश देता है कि हमें खेलों से देश का नाम रोशन करना है और अपने शरीर को सही रखना है तथा नशे से दूर रहना है।

इस अवसर पर भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज व समाजसेवी राजीव मित्तल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस 26 जून से 5 जुलाई तक मनाया जा रहा है। आज खिलाड़ियों के बीच यह दिवस मनाया है, जिसके तहत नशे से दूर रहने की नसीहत दी गई है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश में नशे की समस्या चिंताजनक रूप ले रही है। विशेष रूप से युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए समाज, परिवार, शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।

# 30 जून प्रदेशध्यक्ष के आगमन को लेकर भाजपाईयों में उत्साह

**समाज जागरण**



कालांवाली 27 जून 2026 (सुरेश जोरासिया) हरियाणा सरकार भाजपा के प्रदेशध्यक्ष अर्चना गुप्ता सिरसा के जिला डबवाली विधान सभा कालां वाली में आगमन समरोह कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। जिला डबवाली के जिलाध्यक्ष रेनू शर्मा ने प्रैसवार्ता करते हुऐ जानाकारी दी। उनके साथ पूर्व सांसद चरनजीत रोड़ी ड़ा भीम शर्मा चेयरमैन सतपाल शर्मा, डा. संजीव सिंगला, मंडल अध्यक्ष लवली गर्ग, संजय गाबा एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला ध्यक्षा ने बताया कि प्रदेशध्यक्ष के साथ विशेष तौर हरियाणा सरकार के केबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी एवं अन्य वरिष्ठ नेतागण कार्यक्रम में शिरकत करेगे। इस कार्यक्रम में सैकड़ो के संख्या में कार्यकर्ता शामिल होगे जिले कि समूची लीडरशीप सभी कार्यकाताओं शहरवासीयों एवं ग्रामवायों को निमयंत्रण दें रहे। कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं में भारी उत्साह एवं खुशी कि लहर देखी जा रही है। उन्होंने बताया कि उनके स्वागत के लिए शहरवासी पलके बिछाऐ हुऐ है। इस समारोह में किसान मार्चा, मजदूर मार्चा, महिला मौर्चा व तमाम समाजिक संस्था के प्रतिनिधि खास तौर पर शामिल होगे। कार्यक्रम को लेकर हमारे कार्यकर्ता पुरी मेहनत से तैयारीयों में लगे हुऐ है।

इस अवसर पर नरेश महेशवरी, मोहन लाल वाजपई, सुरेन्द्र शर्मा अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पहाड़ी माता मंदिर आभूषण चोरी मामले में पूर्व सुपरवाइजर गिरफ्तार

## लोहारू कोर्ट ने तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा, बरामद आभूषणों और अन्य पहलुओं पर होगी पूछताछ

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



लोहारू। पहाड़ी माता मंदिर के आभूषण चोरी मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मंदिर के पूर्व सुपरवाइजर आशीष कुमार निवासी गांव पहाड़ी को शुक्रवार देर रात उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ लोहारू थाने में चोरी का मामला दर्ज किया है। शनिवार को आरोपी को लोहारू न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से उसके पास से बरामद सोने-चांदी के आभूषणों के संबंध में गहन पूछताछ की जाएगी। साथ ही पुलिस इस बात की भी जांच करेगी कि इस मामले में किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका रही है या नहीं। गौरतलब है कि शुक्रवार को जिला अतिरिक्त उपायुक्त बाबूलाल करवा के समक्ष मामले की सुनवाई हुई थी। आशीष कुमार के घर से मिले आभूषणों के बिलों को लेकर संदेह बरकरार रहने पर एडीसी ने मामले की अगली सुनवाई 30 जून निर्धारित की थी। इस दौरान सभी संबंधित पक्षों को बिल और संबंधित दुकानों की सीसीटीवी फुटेज सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। वहीं, उसी रात लोहारू पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

मामले की जांच उस समय नया मोड़ ले गई थी जब मंदिर में आभूषण चोरी की शिकायत के बाद पूर्व सुपर वाइजर आशीष कुमार के घर से कुछ आभूषण बरामद हुए। इसके बाद एडीसी ने एसडीएम लोहारू, तहसीलदार, उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त भिवानी, थाना प्रभारी तथा बीडीपीओ को जांच में शामिल करते हुए विस्तृत जांच के निर्देश दिए थे। एडीसी बाबूलाल करवा ने स्पष्ट किया है कि 30 जून को प्रस्तावित प्रशासनिक सुनवाई पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी। सभी संबंधित पक्षों को यह स्पष्ट करना होगा कि संबंधित बिल कब जारी किए गए थे तथा उससे संबंधित दुकानों की सीसीटीवी फुटेज भी प्रस्तुत करनी होगी।

शिकायतकर्ता नरेश ने कहा कि उनकी मांग है कि जांच निष्पक्ष हो, निर्दोष को किसी प्रकार की परेशानी न हो और दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। फिलहाल पुलिस की आपराधिक जांच और प्रशासनिक जांच दोनों समानांतर रूप से जारी हैं।

# भारत के उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन ने 'एमएसएमई दिवस 2026-उद्यमी भारत' की अध्यक्षता की

लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने भारत की लघु एवं मध्यम उद्यम प्रणाली तंत्र को मजबूत करने के लिए कई डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किए; एनएसआईसी को ( सीपीएसई) अनुसूची 'ए' में शामिल किया गया सभी 22 अनुसूचित भारतीय भाषाओं में बहुभाषी, एआई-सक्षम सेवाओं के साथ डिजिटल समावेशन का विस्तार किया गया

एमएसएमई दिवस 2026 में सरकार के एक लचीले, प्रौद्योगिकी-संचालित और भविष्य के लिए तैयार एमएसएमई प्रणाली तंत्र संबंधी दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया गया



भारत के उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन ने आज नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में आयोजित 'एमएसएमई दिवस 2026 - उद्यमी भारत' कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री जीतन राम मांझी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे, खादी एवं ग्राम उद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष श्री मनोज गोयल और मंत्रालय तथा इसके संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में नीति निमार्ता, उद्योग जगत के दिग्गज, महिला उद्यमी, वित्तीय संस्थान, शिक्षाविद और एमएसएमई क्षेत्र के अन्य प्रमुख हितधारक भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम ने अधिक लचीले, प्रौद्योगिकी-आधारित, प्रतिस्पर्धी और भविष्य के लिए तैयार एमएसएमई प्रणाली तंत्र के निर्माण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान, उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी) को अनुसूची 'बी' से अनुसूची 'ए' केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) में शामिल किए जाने पर बधाई दी। इस अवसर पर श्री गुंटुकु कामेश्वर प्रसाद और श्री पम्मिना सत्यनारायण ने उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन को जीआई-टैग प्राप्त पोंडुरु खादी का एक उत्कृष्ट नमूना भेंट किया जो आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के इस पारंपरिक वस्त्र की समृद्ध विरासत और असाधारण शिल्प कौशल को दशार्ता है। इस अवसर पर कॉयर बोर्ड द्वारा उपराष्ट्रपति का एक चित्र भी भेंट किया गया।

उपराष्ट्रपति ने भारत भर में लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कई परिवर्तनकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म, पोर्टल और प्रकाशनों का शुभारंभ किया। इनमें पीएमईजीपी 2.0 पोर्टल, समाधान 2.0 पोर्टल, पीएमएस पोर्टल, एमएसएमई ग्लोबल मार्ट 2.0 पोर्टल, एमएसएमई टेस्टिंग पोर्टल और एमएसएमई आइडिया हैकाथॉन 6.0 शामिल हैं। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया जो योजना के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में है और कारीगरों की प्रेरणादायक सफलता की कहानियों के माध्यम से इसके परिवर्तनकारी प्रभाव को दशार्ती है। आत्मनिर्भर भारत (एसआरआई) कोष पर भी एक पुस्तक का विमोचन किया गया जिसमें उद्यम विकास, रोजगार सृजन, नवाचार और महिला उद्यमिता में कोष के योगदान को दशार्या गया है। मंत्रालय ने एमएसएमई पोर्टलों पर बहुभाषी पहुंच की शुरूआत की है जिससे एमएसएमई वेबसाइटों और पोर्टलों पर बहुभाषी और आवाज द्वारा संचालित प्रणाली सक्षम हो गई है। इस पहल के तहत एमएसएमई सेवाओं तक सभी 22 अनुसूचित भारतीय भाषाओं में पहुंच प्रदान की जाती है और इसमें एआई द्वारा संचालित आवाज शिकायत निवारण और दस्तावेज अनुवाद सुविधाएं शामिल हैं जिससे पहुंच और डिजिटल समावेशन को बढ़ावा मिलता है। उपराष्ट्रपति ने कहा, मैं लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को आकार देने वाले उद्यमियों और सभी हितधारकों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। मैंने अपने करियर की शुरूआत एमएसएमई क्षेत्र से ही की थी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने अपने पेशेवर सफर की शुरूआत कॉयर बोर्ड से की थी और वे स्वयं भी एक उद्यमी रह चुके हैं। उन्होंने कहा, अगर आप दृढ़ निश्चयी हैं तो कोई भी चीज आपको रोक नहीं सकती। आप निश्चित रूप से अपने लक्ष्य हासिल करेंगे। विश्व की हर अर्थव्यवस्था का विकास लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के योगदान से हुआ है। एमएसएमई दिवस के अवसर पर मैं एमएसएमई मंत्रालय, एनएसआईसी, केवीआईसी और एमएसएमई क्षेत्र में योगदान देने वाले सभी हितधारकों को बधाई देता हूं। उपराष्ट्रपति ने खादी और ग्राम उद्योग आयोग (केवीआईसी)

द्वारा विकसित कई नवोन्मेषी और पर्यावरण अनुकूल उत्पादों का भी शुभारंभ किया। इन उत्पादों में टुकुन (शिशु वस्त्र), रंगताल (टेबल रनर और मैट), बेला (शिशुओं के लिए रैप शीट), वन्या (एरी स्टोल) और उमंग (ऊनी स्टोल) शामिल थे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री जीतन राम मांझी ने कहा, "भारत सरकार एक ऐसा प्रणाली तंत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आज से तेलंगाना के महत्वपूर्ण तीन दिवसीय संगठनात्मक प्रवास पर रहेंगे

**(नई दिल्ली रघुनंदन पराशर/ दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

नई दिल्ली,27 जून :भारतीय जनता पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन 28 जून (रविवार) से 30 जून 2026 (मंगलवार) तक तेलंगाना के एक अत्यंत महत्वपूर्ण तीन दिवसीय संगठनात्मक प्रवास पर रहेंगे। अपने इस विस्तृत प्रवास के दौरान श्री नवीन प्रदेश में पार्टी के सांगठनिक ढांचे को नई ऊर्जा प्रदान करने, जमीनी स्तर पर जनसंपर्क को व्यापक बनाने और आगामी रणनीतियों को धार देने के उद्देश्य से कई उच्च-स्तरीय बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। इसके साथ ही वे नवनिर्मित जिला कार्यालयों का लोकार्पण करेंगे, युवाओं व बूथ अध्यक्षों से संवाद करेंगे तथा तेलंगाना प्रदेश भाजपा की राज्य कार्यकारिणी बैठक का विधिवत उद्घाटन कर कार्यकताओं का मार्गदर्शन करेंगे।प्रवास के पहले दिन, 28 जून (रविवार) को दोपहर 3:15 बजे श्री नितिन नवीन राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, शमशाबाद (हैदराबाद) पहुंचेंगे, जहां पार्टी कार्यकताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा।माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अपराह्न 4:00 बजे रांगारेड्डी ग्रामीण जिला भाजपा कार्यालय का भौतिक उद्घाटन करेंगे, तथा साथ ही नौ अन्य नवनिर्मित जिला कार्यालयों का वर्चुअल माध्यम से ऐतिहासिक लोकार्पण भी करेंगे। इसके पश्चात वे नामपल्ली स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में जीएचएमसी (ग्रेटर हैदराबाद म्युनि सिपल कॉरपोरेशन), सीएमसी (साइबराबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन) और एमएमसी (मलकाजगिरी म्युनिसिपल कॉरपोरेशन) के बूथ अध्यक्षों के



साथ एक अहम संवाद करेंगे। सायंकाल के समय श्री नवीन प्रदेश के माननीय सांसदों, विधायकों और विधान परिषद सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर उनका मार्गदर्शन करेंगे।प्रवास के दूसरे दिन, 29 जून (सोमवार) को माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रातः 10:30 बजे घाटकेसर स्थित विज्ञान भारती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित 'विकसित भारत छात्र सम्मेलन' में सम्मिलित होंगे और युवाओं से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरित करेंगे। इसके उपरांत दोपहर 12:00 बजे वे भोंगीर पहुचेंगे जहां भाजपा कार्यकताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। तत्पश्चात दोपहर 2:00 बजे माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष हनमकोंडा के साईं नगर स्थित अशोका कन्वेंशन में जनजातीय समाज के प्रमुख नेताओं एवं विभिन्न सामुदायिक प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण संवाद करेंगे।तत्पश्चात श्री नितिन नवीन हनमकोंडा स्थित आट्र्स कॉलेज ग्राउंड में संयुक्त वारंगल जिले के बूथ अध्यक्ष स्तर से ऊपर के सभी जिला पदाधिकारियों के साथ सघन सांगठनिक विमर्श करेंगे। इन सांगठनिक कार्यक्रमों के पश्चात, शाम 5:00 बजे वे ऐतिहासिक श्री भद्रकाली माता मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना करेंगे। सायंकाल वे पुनः हैदराबाद लौटकर भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की एक विस्तृत बैठक की अध्यक्षता करेंगे और संगठन की भावी रूपरेखा एवं आगामी कार्य योजना पर गहन मंथन करेंगे।प्रवास के तीसरे और अंतिम दिन, 30 जून (मंगलवार) को श्री नवीन प्रातः 11:30 बजे घाटकेसर स्थित रॉक एन्क्लेव कन्वेंशन सेंटर में तेलंगाना प्रदेश भाजपा इकाई की अहम 'राज्य कार्यकारिणी बैठक' का विधिवत उद्घाटन करेंगे और अपने विस्तृत उद्बोधन से प्रदेश नेतृत्व व कार्य कताओं को दिशा-निर्देशित करेंगे। इन सभी महत्वपूर्ण सांगठनिक कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक समापन के तत्पश्चात, माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी ने आज गांधीनगर से गुजरात के लिए भारत टैक्सी का शुभारंभ किया, अहमदाबाद, सूरत, राजकोट सहित गुजरात के सभी बड़े शहरों में टू-व्हीलर, ऑटो और फोर-व्हीलर तीनों श्रेणियों में सेवा शुरू

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'सहकार से समृद्धि' के मंत्र को मोबिलिटी के क्षेत्र में चरितार्थ करते हुए आज भारत टैक्सी सारथियों के जीवन में बदलाव ला रही है

भारत टैक्सी से जुड़े 7 लाख सारथी, चालक ही इसके मालिक हैं - इससे उन्हें सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि मिल रही है स्पर्धी कंपनियों द्वारा अचानक दाम घटाना भारत टैक्सी की एंट्री रोकने की कोशिश है ताकि वे फिर मनमानी कर सकें, पर ह्यभारत टैक्सी' सेवा के संकल्प के साथ मैदान में डटी रहेगी आगामी 2 वर्षों में भारत टैक्सी 500 से अधिक शहरों और कस्बों तक पहुंचेगी, वहीं 31 जुलाई से पहले देश के 7 प्रमुख शहरों में इसकी सेवाएं उपलब्ध हो जाएंगी 'ड्राइवर' और 'सारथी' की अवधारणा में यही मूल अंतर है - निजी कंपनियां उन्हें केवल ड्राइवर मानती हैं, जबकि भारत टैक्सी उन्हें सारथी का सम्मान देती है

भारत टैक्सी में सारथी केवल ड्राइवर नहीं, बल्कि इसके शेयर होल्डर हैं, वे किसी ऐप कंपनी पर निर्भर नहीं हैं भारत टैक्सी को सफल बनाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी सारथियों और ग्राहकों की है - तात्कालिक लाभ के बजाय आगे आकर इसे अपनाएं

'भारत टैक्सी' सारथियों की अपनी कोऑपरेटिव है - यह ऋण में सहायता, बीमा की सुरक्षा और बिजनेस एक्सपेंशन मॉडल को भी पोषित करेगी भारत टैक्सी ने गुजरात मेट्रो रेल कॉरपोरेशन, गुजरात स्टेट कोऑपरेटिव बैंक, ट्रैफिक पुलिस, अहमदाबाद एयरपोर्ट और पश्चिम रेलवे के साथ टडव किए

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात के गांधी नगर स्थित महात्मा मंदिर सम्मेलन एवं प्रदर्शनी केंद्र में सहकारिता आधारित मोबिलिटी प्लेटफॉर्म भारत टैक्सी का गुजरात में शुभारंभ किया। भारत टैक्सी का उद्देश्य टैक्सी, ऑटो और दोपहिया मोबिलिटी सेवाओं से जुड़े सारथियों को

मालिकाना हिस्सेदारी, सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि से जोड़ते हुए नागरिकों को विश्व सनीय और सेवा-भाव आधारित यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्रभाई पटेल, उपमुख्यमंत्री श्री हर्ष संघवी, गुजरात के सहकारिता मंत्री श्री जीतूभाई वाघाणी, गुजरात के सहकारिता राज्य मंत्री श्री रमेशभाई कटारा, सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी, गुजरात के मुख्य सचिव श्री मनोज दास, भारत टैक्सी के अध्यक्ष डॉ. जयेन मेहता सहित सहकारिता क्षेत्र के वरिष्ठ प्रतिनिधि, अधिकारीगण और बड़ी संख्या में सारथी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने संबोधन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि आज भारत के मोबिलिटी क्षेत्र के लिए एक बहुत बड़ा दिन है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के साथ टैक्सी और यातायात सेवाओं की आवश्यकता घर-घर तक पहुंची है और अब टैक्सी की अवधारणा चारपहिया वाहन तक सीमित नहीं रही, बल्कि दोपहिया, ऑटो और अन्य शहरी परिवहन सेवाएं भी इसका हिस्सा बन चुकी हैं। गुजरात में भारत टैक्सी का शुभारंभ इसी व्यापक मोबिलिटी जरूरत को सहकारिता के माध्यम से नई दिशा देने वाला कदम है।

श्री अमित शाह ने कहा कि अन्य कंपनियां वाहन चलाने वालों को ड्राइवर मानती हैं, लेकिन भारत टैक्सी उन्हें सारथी मानती है। उन्होंने कहा कि यह केवल शब्दों का अंतर नहीं, बल्कि पूरी सोच का अंतर है। सारथी केवल सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि इस सहकारी संस्था के सम्मानित भागीदार और ह्यमालिकह्ण हैं। भारत टैक्सी का मूल उद्देश्य सारथियों और ग्राहकों–दोनों का शोषण रोकना, सेवा की गुणवत्ता बढ़ाना और मोबिलिटी क्षेत्र में न्यायपूर्ण व्यवस्था स्थापित करना है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पिछले वर्षों में ऐप आधारित टैक्सी सेवाओं को लेकर अनेक शिकायतें सामने आईं–कहीं सारथियों की कमाई से अत्यधिक कमीशन लिया गया, कहीं भुगतान समय पर नहीं पहुंचा, तो कहीं बिना सुनवाई के रजिस्ट्रेशन बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि हर समस्या का समाधान केवल कानून से नहीं होता; कई बार सही संस्थागत मॉडल ही स्थायी समाधान देता है। इसी सोच से सहकारी मॉडल पर भारत टैक्सी की परिकल्पना की गई। श्री अमित शाह ने कहा कि सहकारिता ने देश में कई क्षेत्रों में शोषण समाप्त कर लोगों को अधिकार और समृद्धि दी है। अमूल का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि मात्र ₹100 के शेयर से सहकारी व्यवस्था से जुड़ने वाली ग्रामीण पशुपालक बहन आज ₹1.25 लाख करोड़ के कारोबार वाले विश्वसनीय खाद्य ब्रांड की भागीदार है। अमूल ने यह सिद्ध किया है कि सहकारिता के माध्यम से बिना बिचौलियों, बिना शोषण और पूरी पारदर्शिता के साथ एक विशाल आर्थिक व्यवस्था खड़ी की जा सकती है। इस मॉडल ने दुग्ध क्षेत्र में शोषण को समाप्त किया और पशुपालक बहनों की मेहनत की कमाई को सीधे उनके बैंक खातों तक पहुंचाया। आज ग्रामीण भारत की पशुपालक बहन अपने श्रम का पूरा मूल्य सम्मान के साथ प्राप्त कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार इफको और कृभको जैसी सहकारी संस्थाएँ आज देश के किसानों की उर्वरक आवश्यकता का लगभग 35 प्रतिशत पूरा करती हैं। यह भी सहकारिता की एक बड़ी सफलता की कहानी है। भारत टैक्सी इसी सफल सहकारी परंपरा को मोबिलिटी क्षेत्र में आगे बढ़ाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने यह सवाल उठाया कि भारत टैक्सी जैसी पहल के लिए संसाधन कहाँ से आएंगे। इस पर देश की प्रमुख सहकारी संस्थाओं से संवाद किया गया और उन्हें इस महत्वपूर्ण पहल से जुड़ने का आग्रह किया गया। यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि एनसीडीसी, इफको, कृभको, एनडीडीबी, नाबार्ड, एनसीईएल और अमूल जैसी प्रतिष्ठित सहकारी संस्थाओं ने मिलकर मोबिलिटी क्षेत्र में सारथियों की अपनी सहकारी संस्था खड़ी करने का निर्णय लिया है, ताकि देश की बड़ी निजी कंपनियों के सामने एक सशक्त, पारदर्शी और सारथी-केंद्रित सहकारी विकल्प प्रस्तुत किया जा सके।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि अब तक भारत टैक्सी के साथ 7 लाख से अधिक सारथी जुड़े चुके हैं। । भारत टैक्सी सारथियों को सम्मान देगी, सुरक्षा देगी और आने वाले समय में समृद्धि का रास्ता भी प्रशस्त करेगी। उन्होंने कहा कि यह सहकारी संस्था सारथियों की कमाई की रक्षा करने के साथ-साथ उन्हें भविष्य में ऋण, बीमा और अपने व्यवसाय के विस्तार में भी सहयोग करेगी। अब तक लगभग 37 लाख से ग्राहक भारत टैक्सी की सेवाओं का लाभ उठा चुके हैं, जो इसकी बढ़ती लोकप्रियता और जनविश्वास का स्पष्ट प्रमाण है। श्री अमित शाह ने कहा कि कुछ समाचार पत्रों में यह बात भी आई कि भारत टैक्सी का किराया अधिक है। मैं देशभर के ग्राहकों से कहना चाहता हूँ कि जहाँ-जहाँ भारत टैक्सी पहुँच रही है, वहाँ प्रतिस्पर्धी कंपनियाँ घाटा सहकर अस्थायी रूप से किराए कम कर रही हैं, लेकिन यह स्थिति कब तक चलेगी? उन्होंने कहा कि मैं पूरे विश्वास के साथ कहना चाहता हूँ कि भारत टैक्सी न थकेगी, न पीछे हटेगी और न ही मैदान छोड़ेगी। भारत टैक्सी सेवा और सहकार की भावना के साथ मजबूती से डटी रहेगी और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करेगी। हमारा उद्देश्य किसी का नुकसान करना नहीं, बल्कि मोबिलिटी क्षेत्र में एक न्यायपूर्ण, पारदर्शी और स्थायी व्यवस्था खड़ी करना है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज जो कंपनियाँ किराया घटाकर और सारथियों को अस्थायी रूप से अधिक कमीशन देकर बाजार में दबाव बनाने की कोशिश कर रही हैं, उनका उद्देश्य केवल भारत टैक्सी की प्रगति को रोकना है। वे चाहती हैं कि भारत टैक्सी मैदान से बाहर हो जाए और उसके बाद फिर मनमानी शुरू की जा सके। लेकिन मैं आज स्पष्ट कहना चाहता हूँ कि उनकी यह इच्छा कभी पूरी नहीं होगी। भारत टैक्सी सेवा के संकल्प, सहकारिता की शक्ति और सारथियों के विश्वास के साथ आगे बढ़ती रहेगी। उन्होंने कहा कि जो लोग अफवाहें फैला रहे हैं, उन्हें हमारा उत्तर हमारी सहकारी भावना, हमारी निरंतरता और हमारी सेवा-निष्ठा से मिलेगा। भारत टैक्सी को सफल बनाना सबसे बड़ी जिम्मेदारी हमारे सारथियों की है। यदि हम केवल तत्काल लाभ को देखकर निर्णय करेंगे, तो आने वाले वर्षों में फिर उसी शोषण का सामना करना पड़ सकता है, जिससे बाहर निकलने के लिए भारत टैक्सी की स्थापना की गई है। श्री अमित शाह ने सारथियों से कहा कि आप वर्षों से अलग-अलग कंपनियों के साथ काम करते आए हैं और आप जानते हैं कि कई बार बिना सुनवाई के निर्णय हुए, कमाई में कटौती हुई और आपके परिश्रम का पूरा सम्मान नहीं हुआ। मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि भारत टैक्सी कभी आपका शोषण नहीं करेगी, क्योंकि यह कोई बाहरी कंपनी नहीं, बल्कि आपकी अपनी सहकारी संस्था है। उन्होंने कहा कि कुछ कंपनियाँ घाटा उठाकर अनुचित प्रतिस्पर्धा के माध्यम से भारत टैक्सी को बाजार से बाहर करने का प्रयास कर रही हैं। ऐसी रणनीतियाँ दुनिया के कुछ देशों में चल सकती हैं, लेकिन भारत में नहीं चलेंगी, क्योंकि भारत की आत्मा सहकारिता, सेवा और सबके कल्याण की भावना में बसती है। यहाँ केवल अपना लाभ नहीं, बल्कि सबका हित सर्वोपरि माना जाता है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने सारथियों और ग्राहकों से अपील करते हुए कहा कि यदि हम एक दीर्घकालिक, विश्व सनीय और न्यायपूर्ण परिवहन व्यवस्था चाहते हैं, तो भारत टैक्सी को सफल बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। आप भारत टैक्सी के साथ बने रहिए, भारत टैक्सी हमेशा आपके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में हमने अनेक सफल उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। अमूल को भी निजी डेयरियों की प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा, इफको, कृभको और एनडीडीबी को भी निजी कंपनियों से मुकाबला करना पड़ा, लेकिन सहकारिता की शक्ति, पारदर्शिता और जनविश्वास के बल पर ये संस्थाएँ सफल हुईं।

श्री अमित शाह ने सारथियों से कहा कि भारत टैक्सी आपकी अपनी संस्था है और यह आपके शोषण को रोकने के लिए बनी है, आपको सम्मान देने के लिए बनी है और आपको समृद्ध बनाने के लिए बनी है। आने वाले समय में यही संस्था आपको ऋण उपलब्ध कराने, बीमा सुरक्षा देने और आपके व्यवसाय के विस्तार में सहयोग करने का काम भी करेगी। उन्होंने कहा कि यह कार्य कोई निजी प्लेटफॉर्म नहीं कर सकता, क्योंकि उनका उद्देश्य अपना लाभ होता है, जबकि भारत टैक्सी का उद्देश्य अपने सारथियों का कल्याण है। उन्होंने कहा कि अल्पकालिक लाभ के बजाय दीर्घकालिक सुरक्षा, सम्मान और स्थिर आय को प्राथमिकता देनी होगी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रतिस्पर्धी कंपनियाँ आखिर कितने शहरों में किराया कम करेंगी? भारत टैक्सी अगले डेढ़ से दो वर्षों में 500 से अधिक शहरों और कस्बों तक पहुँचेगी। नागपुर, पुणे, मुंबई, लखनऊ, चंडीगढ़, जयपुर, कोलकाता सहित देश के अनेक शहरों में भारत टैक्सी अपनी सेवाओं का विस्तार करेगी। 31 जुलाई, 2026 से पहले सात प्रमुख शहरों में भारत टैक्सी पहुँच जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दो वर्षों में दोपहिया, ऑटो और चारपहिया–तीनों श्रेणियों में भारत टैक्सी का मॉडल देश के 500 से अधिक शहरों और कस्बों में लागू किया जाएगा। गुजरात में भारत टैक्सी के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री अमित शाह ने कहा कि आज आप सात लाख सारथियों के विशाल परिवार का हिस्सा बने हैं और भारत टैक्सी से जुड़कर सहकारिता आंदोलन को नई शक्ति प्रदान कर रहे हैं।

# वनवासी बच्चों को शिक्षा के माध्यम से समाज के मुख्य धारा में आज जोड़ना जरूरी है

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। किसी भी देश की प्रगति का आधार वहां के शिक्षित समाज पर निर्भर करता है। लेकिन देश मे वनवासी बच्चे अशिक्षित होकर समाज मे उपेक्षित जीवन जीने को मजबूर हैं। इस बड़े चुनौती को जन कल्याण सोशल सोसाइटी वनवासी बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित करने का सराहनीय कार्य कर रहा है।



हरहुआ ब्लाक के आयर वनवासी बस्ती में जन कल्याण सोशल सोसाइटी के तत्वाधान में समुदाय के बच्चों को स्कूल शिक्षा के लिए प्रेरित करने के दिशा में कदम बढ़ाया है। इस कार्यक्रम में इंजीनियर शिवांग अग्रवाल ने बच्चों को पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं कॉपी प्रदान कर स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित किया। सोसाइटी के डायरेक्टर सुरेंद्र कुमार ने स्वच्छता पर जागरूक करते हुए नाखून साफ रखने, हाथ धोने और नहाकर स्कूल जाने की सलाह दी। कोचिंग सेंटर की अध्यापिकाओं में आकांक्षा गुप्ता एवं नेहा पटेल ने प्रतिदिन कोचिंग सेंटर आने पर प्रदत्त सुविधाओं, मनोरंजन ,खेलकूद ,भ्रमण के द्वारा अच्छे स्थलों को देखने सहित अन्य की प्रेरणा दी। धन्यवाद ज्ञापित महेंद्र कुमार गौतम ने किया। समन्वयक अनिल कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जन कल्याण सोशल सोसाइटी शिक्षा एवं वंचित समुदाय के उत्थान के लिए निरंतर कार्यरत रहेगी। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार पटेल ने किया।

# हरहुआ मण्डल में क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया का प्रथम आगमन, किया गया भव्य स्वागत

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी हरहुआ मण्डल में क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया के प्रथम आगमन पर कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों की गूंज, गगनचुंबी नारों और "हर हर महादेव" के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।

क्षेत्रीय अध्यक्ष के स्वागत में सैकड़ों कार्यकर्ता एकजुट हुए और पुष्पवर्षा कर उनका भव्य अभिनंदन किया। इस दौरान "भारत माता की जय" और "भाजपा जिंदाबाद" के नारे भी गूंजते रहे।



स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से अमन श्रीवास्तव, शैलेश पाण्डेय, विनय सिंह 'हिटलर', मण्डल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा 'अजय', पंकज तिवारी, अरुणेद्र सिंह, अनिल पाण्डेय, मनोज पटेल, ओमकार पटेल, अरुण मिश्रा, विमल मिश्र, बिपिन सिंह, अजय पटेल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यकताओं ने कहा कि क्षेत्रीय अध्यक्ष के आगमन से संगठन को नई ऊर्जा मिली है। हरहुआ मण्डल के कार्यकर्ता 2027 विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह कमर कस चुके हैं और पार्टी को ऐतिहासिक जीत दिलाने का संकल्प लिया।

# साइबर ठगी के शिकार युवक को मिली राहत, करीमुद्दीनपुर पुलिस ने वापस कराए 50 हजार रुपये

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**गाजीपुर समाज जागरण**

गाजीपुर। साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में थाना करीमुद्दीनपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। साइबर हेल्प डेस्क की तत्परता और तकनीकी कार्रवाई के चलते ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए एक युवक की पूरी 50 हजार रुपये की धनराशि वापस कराई गई।




जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बीबीपुर खास निवासी आकाश गुप्ता के साथ ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की घटना हुई थी, जिसमें उनके खाते से 50 हजार रुपये निकल गए थे। पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद साइबर हेल्प डेस्क ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की।

पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राज नारायण के नेतृत्व में साइबर टीम ने संबंधित बैंकिंग और तकनीकी माध्यमों से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई की। टीम के प्रयासों से ठगी गई पूरी धनराशि वापस पीड़ित के खाते में पहुंचा दी गई।

पुलिस की इस कार्रवाई से न केवल पीड़ित को बड़ी राहत मिली, बल्कि आमजन में यह संदेश भी गया कि साइबर ठगी की स्थिति में समय रहते शिकायत दर्ज कराने पर धनराशि वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

वरिष्ठ उपनिरीक्षक एवं साइबर हेल्प डेस्क प्रभारी शैलेश कुमार राय, हेड कांस्टेबल अमित कुमार, कांस्टेबल जय सिंह, कांस्टेबल अश्वनी कुमार तथा महिला कांस्टेबल पूनम देवी ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पति से विवाद के बाद पत्नी लापता बाण सागर नहर बंद कराकर तलाश जारी

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के बरुआ गांव में शुक्रवार की रात्रि में पति पत्नी के विवाद के बाद पत्नी घर से लापता हो गयी है लापता पत्नी का परिजनों व ग्रामीणों द्वारा बाण सागर नहर का पानी बंद कराकर तलाश किया जा रहा है लेकिन पत्नी का पता नहीं चल सका है थाना क्षेत्र के बरुआ गांव निवासी लवलेश उर्फ मुलायम की पत्नी सविता पति से विवाद होने पर बाण सागर नहर की तरफ निकली की वापस लौट कर नहीं आने पर पति लवलेश ग्रामीणों के साथ बाण सागर नहर पर पहुंचकर पत्नी की तलाश शुरू किया लेकिन पता नहीं चलने पर बाण सागर नहर के कर्मियों को सूचना देकर नहर के पानी को बंद कराया लेकिन बाण सागर नहर का पानी कम होने के बाद भी लापता पत्नी का कंही पता नहीं चल सका है लापता महिला के परिजनों द्वारा आशंका जताई जा रही है की महिला ने बाण सागर नहर के पानी में छलांग लगा दिया जिससे पानी के तेज बहाव में बह गइ होगी समाचार लिखें जाने तक लापता महिला का पता नहीं चल सका है

# ताजमहल पर बुरी नजर डालने वाले सावधान, सुरक्षा में तैनात है पूरी फौज, मॉकड्रिल में दिखा पावर

**समाज जागरण**

ताजमहल की सुरक्षा को जांचने के लिए शनिवार को मॉकड्रिल चलाई गई. मॉकड्रिल के दौरान जैसे ही ताजमहल परिसर में संदिग्धों के घुसने की सूचना मिली, सभी सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट हो गईं. ताज सुरक्षा पुलिस, बीडीडीएस टीम, सीआईएसएफ और क्विक रिस्पांस टीम ने मोर्चा संभालते हुए बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन किया. टीम ने एक संदिग्ध को मार गिराया.

दुनिया के सात अजूबों में शामिल ताजमहल की शोहरत किसी से छिपी नहीं है. रोजाना हजारों की संख्या में टूरिस्ट इसकी सुंदरता का दिदार करने पहुंचते हैं. लोगों को किसी विशेष परिस्थिति का सामना न करना पड़े इसके लिए सुरक्षा सख्त रखी जाती है. इसी क्रम में शनिवार यानी कि आज मॉकड्रिल चलाया गया. इसका उद्देश्य किसी भी संभावित आतंकी हमले या आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा एजेंसियों की तैयारियों, मुस्तैदी और उनके आपसी तालमेल को जांचना था.



मॉकड्रिल की शुरूआत सुरक्षा कंट्रोल रूम को ताजमहल परिसर के भीतर कुछ अज्ञात संदिग्ध की जानकारी के बाद किया गया. इनपुट मिलते ही पूरे परिसर को हाई अलर्ट कर दिया गया. सभी संबंधित एजेंसियां तुरंत एक्शन मोड में आ गईं. देखते ही देखते सुरक्षाबलों ने ताजमहल के एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स को अपने नियंत्रण में ले लिया.

# हरहुआ हनुमान मंदिर पर हर शनिवार खिचड़ी महाप्रसाद के साथ गर्मी से राहत के लिए इस बार शिकंजी किया गया वितरित

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी पंचक्रोशी परिक्रमा मार्ग के किनारे स्थित हनुमान मंदिर(उड़िया बाबा,ध्रुवेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण) पर हर शनिवार को 'जय श्री राम सेवा समिति संस्थान हरहुआ' द्वारा खिचड़ी प्रसाद के साथ गर्मी से राहत के लिए शिकंजी वितरण किया गया।



मन्दिर संरक्षक प्रधान अमित कुमार सिंह, समिति व व्यापार मंडल हरहुआ के महामंत्री वीरेंद्र गुप्ता, अभय मौर्य,सचिन दुबे व विशाल पटेल के अनुसार श्री रामचन्द्र जी के सेवक हनुमान जी का पंचकोशी मार्ग के किनारे पगधुली इस जगह को पवित्र बना दिया जहाँ लोग अपनी कामना ,मन्नते लेकर पहुंचते हैं दर्शन पूजन करते हैं उनका दुःख दूर हो जाता है। शनिवार को दीन दुखियों ,असहायों ,व्यवसायियों सहित आस पास गाँवों के महिला पुरुष बड़ी संख्या में पधारते हैं। उनको प्रसाद के रूप में खिचड़ी खिलाकर पुण्य कार्य को शुरू किया गया है जो भीषण गर्मी से राहत देने के लिए इस बार खिचड़ी के साथ शिकंजी प्रसाद वितरित किया गया। मौसम को देखते हुए हर शनिवार को महाप्रसाद खिचड़ी के रूप में भक्तजनों को शाम 6बजे से 8 बजे तक प्रसाद नियमित मिलेगी।

प्रभु श्री राम एवं पवनपुत्र हनुमान जी के कृपा से इस सेवा कार्य का हिस्सा बनें और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

मन्दिर संरक्षक,समिति के सभी सदस्य पुण्य प्राप्त करने के कामना से हनुमान जी की महती कृपा को लेकर उनके श्री चरणों मे सेवा का कार्य कर धन्य हो रहे हैं।उनका कहना है प्रेम और सेवा ही हमारा उद्देश्य है,आपका सहयोग हमारी शक्ति है, ब्रत में फलाहार वितरण, प्रतिदिन पौष्टिक,सात्विक और स्वादिष्ट खिचड़ी प्रसाद के साथ इस बार शीतल ,ताजगी भरी ठंडी शिकंजी पेय से भक्तजनों के आत्मा को संतृप्त कर पुण्य के भागी बन हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

# गोंड़ वीरांगना महारानी दुर्गावती स्मृति भवन न्यास चक्का में किया गया स्वागत, दिया ज्ञापन

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। शनिवार को गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती स्मृति भवन न्यास परिसर चक्का, हरहुआ वाराणसी का अजगरा विधायक त्रिभुवन राम भ्रमण किया विधायक टी0 राम ने कहा कि गोंड समाज के धरोहर के रूप में यह प्रांगण भविष्य में बहुत बड़ा इतिहास कायम करेगा और आदिवासी समाज का प्रमुख सांस्कृतिक धरोहरों में से एक है ' वरुणा नदी के तट पर अवस्थित यह प्रांगण आदिवासियों की आन- बान और शान है जो गोंड वीरांगना माँ दुर्गावती के वैभवशाली इतिहास को प्रदर्शित करता है' परिसर के भ्रमण कर उन्होंने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारक पर पुष्प वर्षा किया। आदिवासी समाज कम सुबिधाओं में होते हुए भी इतने बड़े मिसाल को कायम किया है जो काबिले तारीफ हैं '



इस अवसर पर आदिवासी समाज से डॉ. बृजभान 'मरावी' ने विधायक को जनजाति इतिहास और आदिवासी समाज के योगदान से अवगत कराया '

कार्यक्रम के अगली कड़ी में न्यास के अध्यक्ष दिनेश कुमार गोंड ने बताया कि विकट परिस्थितियों में हमने इस प्रांगण को मेहनत से समाज के एक-एक व्यक्ति के सहयोग से खड़ा किया हैं। मांग पत्र के माध्यम से परिसर का बाउंड्रीकरण, सुंदरीकरण और लाइट की व्यवस्था के साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का स्मारक के सुंदरीकरण का पत्रक दिया। विधायक ने अपने संबोधन में पूर्ण करने का आश्वासन दिया '

कार्यक्रम में जिलामहामंत्री ग्राम प्रधान मधुबन यादव अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया' भ्रमण कार्यक्रम में प्रमुख रूप कपिल नारायण पाण्डेय,पूर्व कैप्टन सतीश यादव बृजभान मरावी, दिनेश गोंड़, बसंतलाल गुप्ता, दीना गोंड,दीना गोंड़, गब्बर, मनीष कुमार, दिलीप कुमार गोंड,लौटना गोंड, राजनारायण आदि लोग उपस्थित रहें।

# जनपद के 18 केन्द्रो पर 7392 परीक्षार्थी परीक्षा में होंगे शामिल- सभी कक्षो में सी0सी0टी0वी0 हो क्रियाशील -जिलाधिकारी

## उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा (यू0पी0 टी0ई0टी0) को शान्तिपूर्ण व नकल विहीन सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने तैयारियो के सम्बंध में बैठक कर अधिकारियो को दी हिदायत

**समाज जागरण**

मीरजापुर /आगामी दो जुलाई, तीन जुलाई एवं चार जुलाई को आयोजित होने वाले उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा (यू0पी0 टी0ई0टी0) परीक्षा को जनपद में शान्तिपूर्ण व नकलविहीन सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर सभी केन्द्र व्यवस्थापको/प्राचार्यो/सम्बन्धित सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटो के साथ बैठक कर तैयारियो के सम्बंध में समीक्षा की तथा शत प्रतिशत नकल विहीन, सुचितापुर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराने की हिदायत भी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केन्द्रो में लगाए जाने वाले सी0सी0टी0वी0 कैमरा पूरी तरह से क्रियाशील हो तथा कैमरे में सभी अभ्यार्थियो के चेहरे कवर होने चाहिए। परीक्षा केन्द्र के अन्दर किसी भी परीक्षार्थी के द्वारा किसी भी प्रकार मोबाइल, इलेक्ट्रानिक डिवाइस, ब्लूट्थ, स्मार्ट वाच आदि परीक्षा केन्द्र के अन्दर ले जाने पर पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। परीक्षा केन्द्र के गेट पर ही परीक्षार्थियो के तलाशी ली जाए तथा उनका बैग, मोबाइल आदि बनाए गए स्टांग रूम में सुरक्षित रखवाया जाए। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा देने के लिए आने वाले ऐसे परीक्षार्थियो जो एक दिन पूर्व जनपद में पहुंच रहे है उनके रूकने/रात्रि निवास के लिए नजदीकी किसी विद्यालय/सुरक्षित स्थान चिन्हित कर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि वे बसे अड्डो व रेलवे स्टेशन पर रात्रि निवास न करे यदि स्टेशनो पर कोई परीक्षार्थी आता है तो वहां की पुलिस की जिम्मेदारी तय की जाए कि उन्हें रूकने के स्थान पर भेजा जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक स्थान चिन्हित कर समाचार पत्रो के माध्यम से प्रचार प्रसार भी अवश्य सुनिश्चित कराएं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जनपद में शिक्षक पात्रता परीक्षा में कुल 7392 परीक्षार्थी शामिल होंगे सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए कुल 18 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है जिनमें एक डिग्री कालेज, 04 राजकीय विद्यालय, 13 अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। दिनांक 02 व तीन जुलाई को दोनो पालियो में तथा दिनांक 04 जुलाई को केवल प्रथम पाली में परीक्षा सम्पन्न कराई जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2:30 बजे सांय 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्र के अन्दर सभी परीक्षार्थी प्रातः 8:45 मिनट के पूर्व एवं द्वितीय पाली में 1:45 मिनट के पूर्व परीक्षा केन्द्र के अन्दर प्रवेश अवश्य कर ले उपरोक्त निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नही कराया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी गुलाब चन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह, संतोष ओझा, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, उप जिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार दीक्षित, बंदोबस्त अधिकारी चकबन्दी अशोक त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर संजीव यादव सहित सभी परीक्षा केन्द्रो के प्राचार्य व केन्द्र व्यवस्थापक उपस्थित रहें।



# इधर बन रही, उधर उखड़ रही...मऊ में एक सड़क ऐसी भी, पूछने पर जवाब- 'गांव वाली ऐसे ही बनती है'

**समाज जागरण**

मऊ के गालिबपुर ग्राम सभा में एक ऐसी सड़क बनी, जो आगे से बनती गई और पीछे से उखड़ती गई. गांव वालों ने मानक के अनुसार सड़क बनाने की मांग की. प्रदर्शन और हंगाामा काटा. सूचना विधायक को मिली तो वे भी वहां पहुंच गए और सड़क निमार्णा को रुकवा दिया. लोकल 18 से मुहम्मदाबाद गोहना विधानसभा के विधायक राजेंद्र कुमार ने बताया कि गालीबपुर में मंडी परिषद से सड़क निर्माण कराया जा रहा है, जो मानक के अनुरूप नहीं है. संबंधित अधिकारी को फोन करके चेतावनी दी गई है. ग्रामीण आदित्य कुमार बताते हैं कि शिकायत करने पर संबंधित कर्मचारी कह रहे हैं कि गांव की सड़क ऐसे ही बनाई जाती है.

मऊ. यूपी के मऊ में कमाल हो रहा है. यहां गालिबपुर ग्राम सभा में एक ऐसी सड़क बनी, जो आगे से बनती गई और पीछे से उखड़ती गई. इसको लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिली. उन्होंने प्रदर्शन करते हुए मानक के अनुसार सड़क बनाने की मांग की है. इसकी सूचना क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र प्रसाद को हुई, वे मौके पर पहुंचे और सड़क निर्माण कार्य को रुकवा दिया. लोकल 18 से मुहम्मदाबाद गोहना विधानसभा के विधायक राजेंद्र कुमार ने बताया कि गालीबपुर में मंडी परिषद से सड़क निर्माण कराया जा रहा है. जो सड़क का निर्माण कराया जा रहा है, मानक के अनुसार नहीं है. इसकी वजह से एक तरफ से सड़क बनती जा रही है और दूसरे तरफ से उखड़ती जा रही है.

**क्यों उखड़ रही गिट्टी**

विधायक ने बताया कि इसे देखते हुए संबंधित अधिकारी को फोन करके चेतावनी दी गई कि सड़क अगर बनाई जाए तो गुणवत्तापूर्वक बनाई जाए अन्यथा कार्य नहीं कराया जाएगा. सड़क निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है. अब इसकी जांच की जा रही है. जांच के बादी ही पिच रोड का निर्माण कार्य कराया जाएगा. सड़क पर मिट्टी के ऊपर ही गिट्टी डालने का कार्य किया जा रहा है.

# हरहुआ पीएचसी पर पल्स पोलियो की तैयारी पूरी, ड्यूटी पर बच्चों को खुराक पिलाई जाएगी

## गर्मी के मौसम को देखते हुए टीमों को विशेष सतर्कता बरतने का दिया गया निर्देश।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। पल्स पोलियो अभियान की सफलता के लिए रविवार को 0से 5 वर्ष तक के बच्चों को दो बूंद जिंदगी के ड्राप पिलाने की पीएचसी हरहुआ पर पूरी तैयारी कर ली गई है। पीएचसी प्रभारी हरहुआ डॉ0 सन्तोष कुमार के अनुसार रविवार को 110 बूथों व 8 मोबाइल दस्ते लगेंगे । वहीं अन्य दिनों में 79 टीमें 8 मोबाइल टीम ,22 सुपरवाइजर व 4 सेक्टर सुपरवाइजर की तैनाती की गई है। विगत बार कुल39539 बच्चों को ड्राप पिलाई गई थी। गर्मी को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इस बाबत आज एक प्री बैठक की गई।

# मत्स्य आधारित समेकित खेती मॉडल से सालाना लाखों की आय संभव

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। कृषि विज्ञान केन्द्र वराणसी में आयोजित मत्स्य आधारित समेकित कृषि प्रणाली मॉडल पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को कम लागत में बहुआयामी कृषि मॉडल अपनाकर आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. नवीन कुमार सिंह द्वारा प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए की गई। उन्होंने कहा कि मत्स्य आधारित समेकित कृषि प्रणाली छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए आय बढ़ाने का अत्यंत प्रभावी मॉडल है। उन्होंने मत्स्य पालन, जल



प्रबंधन एवं कृषि विविधीकरण की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की।प्रशिक्षण समन्वयक एवं केन्द्र के प्रसार वैज्ञानिक डॉ. राहुल कुमार सिंह ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से एक एकड़ मत्स्य आधारित समेकित कृषि प्रणाली मॉडल की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि मिश्रित मत्स्य पालन के साथ मशरूम उत्पादन एवं मधुमक्खी पालन को जोड़कर किसान अपनी आय के स्त्रोतों में विविधता ला सकते हैं और वार्षिक आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं।

इस अवसर पर शस्य वैज्ञानिक डॉ. अमितेश कुमार सिंह ने वर्मी कम्पोस्ट निर्माण की वैज्ञानिक विधि तथा उसके कृषि में उपयोग और लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं डॉ. पूजा सिंह ने अजोला उत्पादन एवं बत्तख पालन को समेकित कृषि प्रणाली में आय बढ़ाने के प्रभावी विकल्प बताते हुए किसानों को तकनीकी जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुनीब कुमार, कौशल विकास मिशन एवं साथ ही ग्रीन गांव पत्रिका के मुख्य संपादक ने भी किसानों को ग्रामीण उद्यमिता एवं कृषि नवाचार के प्रति प्रेरित किया।प्रशिक्षण के समापन अवसर पर किसानों को कृषि निवेश के रूप में मत्स्य पालन हेतु फिंगरलिंग (मछली बीज) निःशुल्क वितरित किए गए, जिससे किसान प्रशिक्षण में प्राप्त तकनीकी ज्ञान का उपयोग अपने खेतों पर व्यावहारिक रूप से कर सकें।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में केन्द्र के प्रक्षेत्र प्रबंधक राणा पियूष, देवमणि विश्वकर्मा सहित कुल 25 किसान प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान किसानों को आधुनिक तकनीकों, समेकित कृषि मॉडल एवं अतिरिक्त आय स्त्रोतों की व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई।कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को ॣएकीकृत कृषि अपनाओ, आय बढ़ाओॣ के लक्ष्य की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# कुत्तों के हमले से नीलगाय घायल, वन विभाग ने कराया उपचार

**समाज जागरण**

मीरजापुर /ड्रमंडगंज रेंज के गलरा गांव में शनिवार की सुबह कुत्तों के हमले से एक नीलगाय गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने नीलगाय का रेस्क्यू कर ड्रमण्डगंज रेंज में लाकर पशु चिकित्सक से उपचार कराया।बताया जा रहा है कि गलरा गांव के पास खेतों में चर रही नीलगाय पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। कुत्तों के हमले से नीलगाय बुरी तरह जख्मी हो गई और भाग नहीं सकी। ग्रामीणों ने नीलगाय को घायल हालत में देखकर वन विभाग को सूचना दी।



सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल नीलगाय को सुरक्षित स्थान पर ले गई। विभाग ने तत्काल पशु चिकित्सक को बुलाकर नीलगाय का उपचार कराया।वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नीलगाय के शरीर पर कई जगह गहरे घाव हैं। प्राथमिक उपचार के बाद नीलगाय की हालत में सुधार है। पूरी तरह स्वस्थ होने पर उसे वापस जंगल में छोड़ दिया जाएगा।ग्रामीणों ने वन विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

# जनहित संकल्प पार्टी ने मड़िहान तहसील पर सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

राजगढ़, मीरजापुर/ जनहित संकल्प पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आर. एस. पटेल के नेतृत्व में सोमवार को राजगढ़ के पटेल नगर तिराहे पर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके अलावा जय सरदार जय सरदार के नारे भी कार्यकताओं ने लगाई। इस दौरान जिला अध्यक्ष विक्रम पटेल एवं घोरावल विधानसभा प्रभारी डॉ. अरविंद पटेल सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

माल्यार्पण कार्यक्रम के उपरांत हजारों कार्यकताओं के साथ जनहित संकल्प पार्टी का काफिला मड़िहान तहसील के लिए रवाना हुआ। बड़ी संख्या में कार्यकताओं की मौजूदगी और वाहनों के कारण क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी सक्रिय रहा।

पार्टी का चुनाव चिन्ह टेंपो होने के कारण बड़ी संख्या में कार्यकर्ता टेंपो वाहनों के माध्यम से मड़िहान तहसील पहुंचे और पार्टी की नीतियों के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान कुंवर विक्रम सिंह, संतोष सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, अजय कुमार सहित हजारों कार्यकताओं ने तहसील पहुंचकर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को सौंपा।

इसके साथ ही पार्टी नेताओं ने घोषणा की कि आगामी 1 जुलाई को जनहित संकल्प पार्टी एवं सरदार सेना का काफिला राजगढ़ स्थित पटेल नगर तिराहे से सोनभद्र के लिए रवाना होगा। इस अभियान के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता ग्रामीणों, किसानों और युवाओं को जोड़ते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेंगे तथा हर वर्ग के हितों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

# देय महंगाई भत्ते की एक भी किस्त का भुगतान न होने से शिक्षकों में बढ़ रहा आक्रोश *

**समाज जागरण**

कटनी /शासकीय आदेशों का क्रियान्वयन जिले के शिक्षा विभाग में किस मंथरगति से होता है, इसका अनुमान शासन द्वारा कर्मचारियों के पक्ष में तीन प्रतिशत की दर से बढ़ी हुई महंगाई भत्ते की राशी का छः किस्तों में भुगतान प्रक्रिया को अभी तक चालू न करने से सहज ही लगाया जा सकता है। गत अप्रैल2026 में शासन द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों को बढ़ी हुई महंगाई से दो- दो हाथ करने में हो रही परेशानी को दूर करने की दृष्टि से जुलाई 2025 से तीन प्रतिशत की दर सेमहंगाई भत्ता बढ़ाने से जुड़ा आदेश प्रसारित किया गया था।



आदेश में स्पष्ट किया गया था, कि प्रदेश के समस्त कर्मचारियों को बढ़े हुये भत्ता का लाभ एक अप्रेल 2026 से नियमित उनके वेतन में जोड़कर दिया जायेगा। साथ ही जुलाई 2025 से लेकर मार्च 2026तक के बकाया राशी को छः समान किस्तों में बांटकर मई से लेकर अक्टूबर 2026 तक हर माह समान किस्तों में उसका भुगतान सुनिश्चित कराया जावेगा। लेकिन कटनी जिले के शिक्षा विभाग का दुर्भाग्य देखिये, कि पूरा मई और लगभग जून माह निकल जाने के बाद भी आज पर्यन्त तक महंगाई भत्ते के एरियर्स से जुड़ी कोई भी किस्त शिक्षकों के खाते में जमा नहीं कराई गयी।

तत संबंध में विभाग में चल रही मंथरगतीय शिक्षक हितैषी क्रिया प्रणाली पर गंभीर असंतोष व्यक्त करते हुये, अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ की कटनी इकाई द्वारा घोर निंदा की गयी है।संगठन के पदाधिकारियों ने जिले के जबाबदेय अधिकारीयों को आड़े हाथों लेते हुये, मध्य प्रदेश शासन द्वारा कर्मचारियों के आर्थिक हितों से जुड़े समय समय पर प्रसारित सभी आदेशों को गंभीरता से लेने की मांग उठाये हैं।संयुक्त मोर्चा प्रवक्ता कुंवर मार्तण्ड सिँह राजपूत ने स्पष्ट किया, कि किसी शिक्षक के नुकसान से जुड़ा आदेश जिस तरह वगैर विलंब के त्वरित क्रियान्वयन कर अंजाम तक पहुँचाया जाता है, ठीक उसी प्रकार उनके हित संवर्धन से जुड़े आदेशों का भी परिपालन समय सीमा में होना समय की मांग है।जिले के शिक्षकों के आक्रोश को देखते हुये,शासन की मंशानुसार उन्हें उनका वास्तविक वित्तीय लाभ घोषित माह में दिये जाने की वकालत करने वालों में संस्थापक पं. सरमन तिवारी,जिलाध्यक्ष आर. के. बत्रा, हरप्रीत सिँह ग्रोवर, सुनील मिश्रा, संजय मिश्रा, अखिलेश मेहरा सहित समग्र शिक्षक संगठन के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा (जरवाही)शामिल हैं।

# सिंगरौली : संदीप शाह , दीपेश शाह, प्रमोद शाह व विनोद शाह समेत अन्य पर अवैध बालू परिवहन रोकने पर कंपनी स्टाफ पर जानलेवा हमला , गाड़ियों में तोड़फोड़ का आरोप; FIR दर्ज

**समाज जागरण**

बैढन (सिंगरौली)। मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिला अंतर्गत बैढन थाना क्षेत्र में अवैध रेत (बालू) परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करने और रॉयल्टी चेक करने की कोशिश करने पर एक बड़ी वारदात सामने आई है। सहकार ग्लोबल कंपनी के फ्लाइंग सुपरवाइजर और उनके स्टाफ पर दबंगों द्वारा लाठी-डंडों और घूंसों से जानलेवा हमला किया गया। इस हमले में सुपरवाइजर को गंभीर चोटें आई हैं, वहीं कंपनी के दो वाहनों को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए चार नामजद आरोपियों सहित अन्य के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला पंजीकृत कर लिया है।

**रॉयल्टी मांगने पर शुरू हुआ विवाद**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी महाबीर सिंह (40 वर्ष), पिता रूकमन सिंह (मूल निवासी जिला मुरैना, हाल पता- बलियरी, बैढन) सहकार ग्लोबल कंपनी में फ्लाइंग सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दिनांक 20 जून 2026 को सुबह करीब 8:00 बजे जब वह अपने स्टाफ साथी बीर सिंह, मंगल जादौन, शालू सिंह और सुनील गुर्जर के साथ कंपनी की दो बोलेरो गाड़ियों (क्रमांक 24BH0803F एवं MP 13ZV6560) से गश्त पर निकले थे, तभी ग्राम सासन में संदीप शाह के घर के पास उन्होंने शिवपहाड़ी की तरफ से आ रहे दो बिना नंबर के हाईवा ट्रकों को रोका, जो कि रेत (बालू) से लोड थे। जब सुपर वाइजर ने चालकों से रेत परिवहन से संबंधित रॉयल्टी (टी.पी.) की मांग की, तो चालकों ने दस्तावेज देने से साफ मना कर दिया और तत्काल अपने गाड़ी मालिक को फोन लगा दिया।

**काले रंग की स्कार्पियो से पहुंचे दबंग, की जमकर मारपीट**

रॉयल्टी मांगने से नाराज होकर कुछ ही देर में दो काले रंग की स्कार्पियो वाहनों से सासन निवासी संदीप शाह, दीपेश शाह, प्रमोद शाह और विनोद शाह अपने अन्य साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। आते ही आरोपियों ने स्टाफ को मां-बहन की अत्यंत अभद्र और अश्लील गालियां देना शुरू कर दिया। जब सुपरवाइजर ने अपनी कंपनी का हवाला देते हुए गाड़ियों की चेकिंग की बात कही, तो आरोपियों ने लाठी, डंडों और घूंसों से उन पर हमला बोल दिया।

**वाहनों में तोड़फोड़, दी जान से मारने की धमकी**

दबंगों ने कंपनी की दोनों बोलेरो गाड़ियों पर लाठियां बरसाकर उनके सामने के शीशे और दरवाजे तोड़ दिए, जिससे कंपनी को लगभग 20,000 रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित सुपरवाइजर के माथे पर कटने का गहरा घाव आया है और पीठ व कमर में गंभीर चोटें लगी हैं। बीच-बचाव करने आए स्टाफ साथियों को देखकर आरोपियों ने धमकी दी कि "अगर दोबारा गाड़ी रुकवाई या रॉयल्टी चेक की, तो जान से मार देंगे" और वहां से फरार हो गए।

**पुलिस ने दर्ज किया मामला**

बैढन पुलिस ने सासन पुलिस चौकी के माध्यम से अपराध क्रमांक 0117/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 126(2), 296(b), 115(2), 351(3), 324(4), और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश सरगर्मी से की जा रही है।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री मती राधा तिवारी की अध्यक्षता में शक्ति केन्द्र प्रभारियों की बैठक

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पाली एवं ग्रामीण मंडल घुनघुटी की संयुक्त बैठक आज पाली सर्किट हाउस में बैठक संपन्न हुई इस बैठक में उमरिया जिला के संगठन प्रभारी श्री राजेंद्र पांडे की उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष श्रीमती राधा विजय तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शक्ति केन्द्रों को स्व स्फूर्त करना और उनके कार्यो में निखार लाना था। विदित होवे की भारतीय जनता पार्टी में शक्ति केन्द्र प्रभारियों का मुख्य दायित्व संगठन को मजबूत करना, जनता से उनका सीधा जुडाव रखना,



मतदाताओं से सतत संपर्क रखने के साथ ही सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना और उनको शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना है । अपने दायित्व के प्रति शक्ति केन्द्र प्रभारी सजग, सर्तक,और सक्रिय भूमिका अदा कर सकें इसके लिए इन कार्यकताओं में जान फूंकने के लिए इस संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। मालूम होवे चुनाव में इन शक्ति केन्द्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और असरकारी मानी जाती है।इस बैठक में भाजपा एस सी मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री दिलीप प्रजापति जी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री सरजू प्रसाद अग्रवाल जी , नेता सुदामा प्रसाद विश्वकर्मा जी पूर्व पार्षद बहादुर सिंह उर्फ कालिका सिंह जी पूर्व मंडल अध्यक्ष व एल्डरमैन प्रदीप सोनी जी और भाजपा के जिला उपाधयक्ष अमृत लाल जयसवाल जी, भाजपा नेत्री सह कोषाध्यक्ष श्री मती प्रेमलता बर्मन जी मंडल के महामंत्री विमल अग्रवाल जी मंडल के उपाध्यक्ष एवं नगर पालिका पाली एल्डरमैन कामता विश्वकर्मा जी पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रमोद साहू जी घुनघुटी मंडल अध्यक्ष अशोक नायक जी और उनकी टीम वार्ड नंबर 4 के वरिष्ठ नेता भोला विश्वकर्मा जी मंडल के उपाध्यक्ष गुलाब साहू जी देवी सिंह जी भीम सिंह जी कनिष्ठ नेता राजकुमार खरे गणेश जी शंकर सोनी जी प्रेम गुप्ता जी एल्डर मैन कमलभान सिंह जी समय लाल साहू जी शंकर पुरी जी सुरेश विश्वकर्मा जी किसन कोरी जी शिवम मिश्रा जी क्षेत्रपाल सिंह एवं समस्त कार्यकर्ता गण मौजूद रहे । बैठक में विभिन्न बिषयो पर विस्तार से चर्चा करते हुए शक्ति केन्द्रों को अधिक प्रभावशील बनाने के बारे में वरिष्ठ नेताओं ने मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन मंडल महामंत्री विमल अग्रवाल ने कुशलतापूर्वक किया।

# अनुसूचित जनजाति परिवारों को आवास एवं अनूपपुर में कृषि महाविद्यालय की स्थापना की मांग

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर। मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री रामलाल रौतेल ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से सौजन्य भेंट कर जनजातीय हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने जनजातीय परिवारों के लिए आवास स्वीकृति तथा अनूपपुर जिले में नवीन कृषि महाविद्यालय की स्थापना संबंधी मांग पत्र भी सौंपे।



आयोग अध्यक्ष श्री रौतेल ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय को भेजे पत्र में उल्लेख किया कि प्रदेश के अनेक अनुसूचित जनजाति परिवार आज भी सुरक्षित एवं पक्के आवास से वंचित हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र जनजातीय परिवारों को विशेष प्राथमिकता देते हुए नवीन आवास स्वीकृत करने का अनुरोध किया, जिससे दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में निवासरत परिवारों को सम्मानजनक जीवन और सामाजिक सुरक्षा प्राप्त हो सके।

इसके साथ ही केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय को सौंपे गए पत्र में अनूपपुर जिले में शासकीय कृषि महाविद्यालय स्थापित करने की मांग की गई। पत्र में बताया गया कि कृषि प्रधान एवं जनजातीय बहुल अनूपपुर जिले के विद्यार्थियों को कृषि शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूरस्थ शहरों का रुख करना पड़ता है। जिले में कृषि महाविद्यालय की स्थापना से स्थानीय युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कृषि शिक्षा, अनुसंधान, आधुनिक खेती का प्रशिक्षण तथा रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। साथ ही किसानों को उन्नत कृषि तकनीक एवं नवाचारों का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

श्री रौतेल ने आशा व्यक्त की कि केंद्र सरकार जनहित एवं जनजातीय समाज के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए दोनों मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेगी। इस दौरान जनजातीय क्षेत्रों के विकास एवं किसानों की उन्नति से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा हुई।

# जनजातीय विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर अवैध धरना-प्रदर्शन पर प्रतिबंध- हजारों छात्रों ने ली राहत की साँस

## अनूपपुर जिला प्रशासन का ऐतिहासिक निर्णय

**समाज जागरण**

अनूपपुर। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के हजारों छात्र-छात्राओं के लिए 26 जून 2026 का दिन एक ऐतिहासिक राहत लेकर आया। पुष्पराजगढ़ के अनुविभागीय दंडाधिकारी वसीम अहमद भट्ट द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत एक प्रतिषेधात्मक आदेश पारित किया गया है, जिसके तहत विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार तथा उसके 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, जुलूस, सभा या नारेबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही, मुख्य द्वार को बलपूर्वक बंद करने अथवा अवरुद्ध करने पर भी रोक लगाई गई है, ताकि विद्यार्थियों, कर्मचारियों, अधिकारियों एवं आमजन का निर्बाध आवागमन सुनिश्चित रहे। विवि के पीएचडी शोध छात्रद्वय रोहित श्रीवास एवं आयन ब्रह्मा द्वारा 19 जून 2026 को कुलसचिव को ज्ञापन प्रस्तुत किया गया था, जिसमें परिसर की शांति-व्यवस्था एवं छात्रों के भविष्य की रक्षा हेतु तत्काल हस्तक्षेप की माँग की गई थी। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी. एल. संतोष, मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, ज़िलाधीश हर्षल पंचोली तथा पुलिस अधीक्षक महोदय को भी प्रेषित की गई थी। अनूपपुर प्रशासन द्वारा त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही ने विश्वविद्यालय के हजारों छात्र-छात्राओं में हर्ष की लहर दौड़ा दी है। मुख्य द्वार बंद करने वाले असमाजिक तत्व जायेंगे जेल

रोहित श्रीवास एवं आयन ब्रह्मा ने बताया की विगत कई वर्षों से विश्वविद्यालय का यह संरक्षित परिसर एक गंभीर समस्या से जूझ रहा था। यह दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि कतिपय असामाजिक तत्वों द्वारा जब-तब केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार को बलपूर्वक बंद कर दिया जाता था, जिससे न केवल विद्यार्थियों का आवागमन बाधित होता था, अपितु एम्बुलेंस सहित आपातकालीन एवं स्वास्थ्य सेवाएँ भी अवरुद्ध हो जाती थीं। परिसर में निवासरत सैकड़ों परिवारों एवं हजारों छात्रों का जनजीवन तथा नागरिक सुरक्षा बार-बार संकट में पड़ती रही। 29 मई 2026 को भी इसी प्रकार विश्वविद्यालय प्रशासन के 26 मई 2026 के स्पष्ट प्रतिबंधात्मक आदेश की खुली अवहेलना करते हुए मुख्य द्वार पर बलपूर्वक ताला लगाकर अवैध धरना-प्रदर्शन किया गया था। स्मरणीय है कि जनजातीय विश्वविद्यालय भारत के माननीय राष्ट्रपति के संरक्षण में स्थापित, संसद के अधिनियम द्वारा निर्मित एक संरक्षित केंद्रीय परिक्षेत्र है। ऐसे संरक्षित परिसर में बिना अनुमति किसी भी प्रकार का धरना-प्रदर्शन अथवा मुख्य द्वार को अवरुद्ध करना प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है। प्रशासन के इस आदेश ने इस विधिविरुद्ध परंपरा पर विराम लगाने का मार्ग प्रशस्त किया है।

विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा पर आघात से हजारों छात्रों का भविष्य संकट में कुछ षड्यंत्रकारी प्रोफेसरों द्वारा प्रायोजित बनावटी एवं बार-बार झूठी जातिगत इन अवैध आंदोलनों ने विश्वविद्यालय की गौरवशाली प्रतिष्ठा को गहरी क्षति पहुँचाई है। जातिवाद एवं क्षेत्रवाद का रंग देकर तथा विभिन्न फर्जी आरोपों की आड़ में किए गए इन प्रदर्शनों ने संस्था की छवि को इस सीमा तक प्रभावित किया है कि यहाँ से उत्तीर्ण होने वाले लाखों पूर्व छात्रों तथा अध्ययनरत हजारों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है, यहाँ के छात्रों का प्लेसमेंट शून्य हो गया हाउ। शैक्षणिक संस्थान की साख ही उसके विद्यार्थियों की सबसे बड़ी पूँजी होती है, और उस साख का क्षरण समस्त छात्र समुदाय की सामूहिक क्षति है। यही कारण है कि प्रशासन का यह निर्णय छात्रों के लिए केवल व्यवस्था का प्रश्न नहीं, अपितु उनके भविष्य की रक्षा का प्रश्न है।

29 मई की फर्जी एवं लाखों में प्रायोजित आन्दोलन में सम्मिलित प्रोफेसरों की कॉल डिटेल्स की निष्पक्ष जाँच की माँग

रोहित श्रीवास एवं आयन ब्रह्मा ने माँग की है की 29 मई को फर्जी जातिवाद के आरोप से समाज में जहर घोला गया, गंभीर तथ्यों की सक्षम प्राधिकारी द्वारा तत्काल, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जाँच कराई जाए तथा दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। अवैध आंदोलनों के कथित वित्तपोषण, परिसर में मादक पदार्थों के कथित कारोबार, गोपनीय दस्तावेजों के कथित अनधिकृत अभिगम तथा संबंधित कॉल डिटेल्स एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों की निष्पक्ष जाँच कराई जाए, ताकि वास्तविक तथ्य प्रकाश में आ सकें और किसी भी निर्दोष व्यक्ति को मिथ्या आरोपों से प्रताड़ित न किया जा सके।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा ज़िलाधीश हर्षल पंचोली को छात्रों का आभार रोहित श्रीवास एवं आयन ब्रह्मा ने बताया की जिला प्रशासन का प्रस्तुत आदेश माननीय उच्चतम न्यायालय तथा गृह मंत्रालय भारत सरकार के अधिसूचना के स्थापित विधिक सिद्धांतों के अनुरूप है। जनजातीय विश्वविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं की ओर से हम पुष्पराजगढ़ के अनुविभागीय दंडाधिकारी वसीम अहमद भट्ट, ज़िलाधीश हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक महोदय, माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी. एल. संतोष तथा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। इस त्वरित एवं न्यायसंगत कार्यवाही ने छात्रों के मन में प्रशासन एवं विधि-व्यवस्था के प्रति विश्वास को सुदृढ़ किया है। छात्रों ने सक्षम प्राधिकारी 29 मई के प्रकरण से जुड़े समस्त गंभीर बिंदुओं की निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं समयबद्ध जाँच सुनिश्चित करने का माँग रखा है तथा भविष्य में आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रचलित विधि के अनुसार भारतीय न्याय संहिता, 2023 की संगत धाराओं के अंतर्गत कठोर कार्यवाही तथा तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजने की माँग की है, ताकि हजारों विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित रहे और संस्था की गौरवशाली परंपरा पुनर्स्थापित हो सके।

# राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने किसानों को वितरित किए अरहर व तिल के मिनिकिट, कम अवधि की फसलें अपनाने की दी सलाह

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह/नोहटा प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने शनिवार को नोहटा स्थित रानी अवंतीबाई लोधी प्रांगण में कृषि विभाग की योजना के तहत लघु एवं सीमांत किसानों को अरहर और तिल के बीज मिनिकिट वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने किसानों से मौसम की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कम अवधि एवं कम पानी में तैयार होने वाली फसलों की खेती अपनाने का आग्रह किया।




राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि प्रदेश सरकार वर्ष 2026 के खरीफ सीजन को "किसान कल्याण वर्ष" के रूप में मना रही है। सरकार का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने के साथ उन्हें मौसम के अनुरूप खेती के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना व्यक्त की जा रही है, इसलिए किसानों को अधिक अवधि वाली फसलों के बजाय कम अवधि और कम पानी में तैयार होने वाली फसलों का चयन करना चाहिए।

उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे मूंग, अरहर, उड़द, ज्वार, मक्का और बाजरा जैसी दलहनी एवं मोटे अनाज की फसलों की बुवाई करें। इन फसलों से कम पानी में भी बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है तथा किसानों को आर्थिक लाभ भी मिलेगा। राज्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कृषि विभाग के माध्यम से किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, तकनीकी मार्गदर्शन और विभिन्न योजनाओं का लाभ उपलब्ध करा रही है। उन्होंने किसानों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कृषि अधिकारियों ने किसानों को बीजों के उपयोग, बुवाई की विधि और फसल प्रबंधन से संबंधित आवश्यक जानकारी भी प्रदान की।

# नोहटा में राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी की विशेष जनसुनवाई, 56 आवेदन प्राप्त, अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने शनिवार को नोहटा स्थित अपने कार्यालय में विशेष जनसुनवाई आयोजित कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नागरिक अपनी शिकायतें और मांगें लेकर पहुंचे। इस दौरान कुल 56 लिखित आवेदन प्राप्त हुए, जबकि कई लोगों ने मौखिक रूप से भी अपनी समस्याएं रखीं। राज्यमंत्री श्री लोधी ने प्रत्येक आवेदक की समस्या गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कई मामलों का मौके पर ही निराकरण करने के निर्देश दिए। वहीं जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं था, उनके शीघ्र और प्रभावी निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



इस अवसर पर श्री लोधी ने कहा कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसी उद्देश्य से प्रत्येक शनिवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नोहटा कार्यालय में नियमित जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो रहा है। राज्यमंत्री ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा, "हमारा संकल्प है कि आने वाले समय में जबेरा विधानसभा प्रदेश की नंबर-एक विधानसभा बने। किसी भी नागरिक को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जनसुनवाई के माध्यम से लगातार समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।"

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ करते हुए संबंधित मामलों के शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया।

# हटा एसडीएम राकेश मरकाम ने स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण, पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों का लिया जायजा

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

हटा। आगामी 28 जून को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के उद्देश्य से हटा के एसडीएम राकेश मरकाम ने शनिवार को विकासखंड के कांटी, पाली एवं जामुन झिरिया गांवों का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं टीकाकरण व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री मरकाम सबसे पहले कांटी उपस्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां टीकाकरण सत्र का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मचारियों से ड्यू लिस्ट, टीकाकरण के लिए चिन्हित बच्चों की संख्या, वैक्सीनेशन की प्रगति तथा अभिलेखों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे तथा सभी रिकॉर्ड अद्यतन रखे जाएं। इसके बाद उन्होंने पाली उपस्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) से 28 जून को होने वाले पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान लक्षित बच्चों की संख्या, बूथों की व्यवस्था, दवा की उपलब्धता तथा माइक्रोप्लान की जानकारी लेते हुए अभियान के दौरान शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम



ने जामुन झिरिया गांव में चल रहे टीकाकरण सत्र का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्वास्थ्य अमले से बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, वैक्सीन की उपलब्धता तथा नियमित स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से कहा कि पल्स पोलियो अभियान के दौरान घर-घर पहुंचकर सभी पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाए, ताकि कोई भी बच्चा अभियान से छूटने न पाए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने स्वास्थ्य कर्मचारियों को अभियान के प्रति पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की दवा पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# केन-बेतवा लिंक परियोजना: अमझिर गांव में अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई, राजस्व-वन विभाग का संयुक्त अभियान

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

हटा/मड़ियादो। केन-बेतवा लिंक परियोजना के तहत पन्ना टाइगर रिजर्व के मड़ियादो बफर जोन को हस्तांतरित भूमि पर शनिवार को अमझिर गांव में प्रशासन ने बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान राजस्व, वन एवं पुलिस विभाग का संयुक्त अमला मौके पर मौजूद रहा। अभियान का नेतृत्व हटा तहसीलदार आलोक जैन ने किया। उनके साथ वन परिक्षेत्र अधिकारी जे.पी. मिश्रा, मड़ियादो थाना से उपनिरीक्षक सरदार सिंह सहित बड़ी संख्या में राजस्व एवं वन विभाग का अमला तथा पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों की मौजूदगी में चिन्हित अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की गई और पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत पन्ना टाइगर



रिजर्व के मड़ियादो बफर जोन को दी गई भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के उद्देश्य से यह संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान संबंधित भूमि की सीमाओं का सत्यापन कर अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है। अभियान के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# राकेश कृषि केंद्र का उर्वरक गोदाम सील, 600 बोरी NPK बिना बिल के मिली

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह/हटा। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निदेर्शानुसार जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने के लिए लगातार निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड हटा के राकेश कृषि केंद्र, रजपुरा का विकासखंड स्तरीय दल द्वारा निरीक्षण किया गया। उप संचालक कृषि जे.एल. प्रजापति ने बताया कि निरीक्षण के दौरान विक्रेता के गोदाम में 600 बोरी NPK उर्वरक बिना किसी वैध बिल या चालान के भंडारित पाई गई। विक्रेता आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके चलते यह मामला उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया। प्राथमिक जांच के आधार पर संबंधित गोदाम को तत्काल सील कर दिया गया तथा नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों के लिए



निर्धारित उर्वरकों की कालाबाजारी, अवैध भंडारण और अनियमित वितरण पर जिले में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिए हैं कि वे उर्वरकों का क्रय-विक्रय पूरी पारदर्शिता के साथ करें और सभी आवश्यक अभिलेख अद्यतन रखें, अन्यथा नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रभु श्रीराम भगवान शंकर की प्रशंसा किये बिना रह न पाये



प्रश्न उठता है, कि भगवान शंकर आखिर नासमझ थे क्या, जो प्रभु श्रीराम जी ने उन्हें समझाया? अथवा वे किसी उचित दिशा में नहीं बह रहे थे? यहाँ प्रभु श्रीराम जी की प्रभुता का दर्शन होता है। यहाँ वे भगवान शंकर को नहीं, अपितु आम जन मानस को संदेश दे रहे हैं।

भगवान शंकर ने अपने वैराग्य के माध्यम से समस्त संसार को बताया, कि कैसे अपने अतिप्रिय के बिछुडने के पश्चात स्वयं को संभाला जाता है। अगर हम भी संसार के जीव की भाँति हों, तो हम भी किसी मदिरा के नशे में धुत होकर यहाँ कहीं पड़े रहते। लेकिन हम अपने जीवन चरित्र द्वारा आपको समझाना चाह रहे हैं, कि जीवन में बड़े से बड़ा स्नेही भी क्यों न दूर हो जाये, तुम डगमगाना मत। रोना धोना भी मत। बस प्रभु के श्रीचरणों में स्वयं को समर्पित कर देना। आठों पहर उनके गुनगाण सुनना। फिर देखना आपका प्रत्येक पल पूजा हो जायेगा। क्योंकि इस मनुष्य जीवन की एक ही उपलब्धि है, कि हर श्वाँस के साथ हरि का सुमिरन किया जाये।

भगवान शंकर को प्रभु श्रीराम जी ने इतना कठिन व्रत करते देखा, तो वे उनकी त्याग तपस्या व महान व्रत की प्रशंसा किये बिना रह न पाये। श्रीराम जी को यह भक्ति भाव ही तो प्रसन्न करता है। इसी कारण भगवान श्रीराम भोले नाथ के समक्ष प्रगट हो गये-

'प्रगटे रामु कृतग्य कृपाला।
रुप सील निधि तेज बिसाला।
बहु प्रकार संकरहि सराहा।
तुम्ह बिनु अस ब्रतु को निरबाहा।।'

इसके पश्चात गोस्वामी तुलसीदास जी ने जो लिखा, उस पर थोड़ा चिंतन बनता है। गोस्वामी जी कहते हैं-

'बहुबिधि राम सिवहि समुझावा।
पारबती कर जन्मु सुनावा।।
अति पुनीत गिरिजा कै करनी।
बिस्तर सहित कृपानिधि बरनी।।'

अर्थात प्रभु श्रीराम जी ने भोले नाथ को बहुत प्रकार से समझाया। और श्रीपार्वती जी के पावन जन्म व उनकी महान करनी सुनाई।

प्रश्न उठता है, कि भगवान शंकर आखिर नासमझ थे क्या, जो प्रभु श्रीराम जी ने उन्हें समझाया? अथवा वे किसी उचित दिशा में नहीं बह रहे थे? यहाँ प्रभु श्रीराम जी की प्रभुता का दर्शन होता है। यहाँ वे भगवान शंकर को नहीं, अपितु आम जन मानस को संदेश दे रहे हैं। संदेश यह, कि संसार में आये हैं, तो निश्चित ही हमारा सर्वोपरि कार्य ईश्वर की आराधना ही है। संसार के प्रति वैराग्य होना, हमें भगवान के प्रति दृढ़ भाव देता है। किंतु संसारिक जीव के जीवन में केवल वैराग्य की ही महानता नहीं है। उसमें राग भाव का होना भी अति आवश्यक है। उसमें रुप, रस एवं रंग के प्रति आकर्षण ही समाप्त हो जायेगा, तो इस सृष्टि का विस्तार कैसे होगा? सृष्टि तो मानों रुक ही जायेगी। इसलिए सर्वप्रथम वैराग्य में दक्ष होने के पश्चात, हमें राग रंग में भी उतरना होगा। इसीलिए श्रीराम जी श्रीपार्वती जी के जन्म की गाथा व उनकी महान करनी सुनाते हैं।

यहाँ भी बड़ी विचित्र बात है, कि पहली बात तो भगवान शंकर चोटी के बैरागी। उस पर उन्हें अपनी दिवंगत पत्नी की यादों ने घेरा हुआ है। मन में जब ऐसे भावों की तरंगें चलायेमान हों, तो ऐसे में क्या भगवान शंकर को किसी अनजान स्त्री की बातों में रुचि उत्पन्न होगी? श्रीपार्वती जी महान व श्रेष्ठ होंगी तो होंगी, इससे उन्हें भला क्या वास्ता? किंतु श्रीराम जी हैं, कि उन्हें श्रीपार्वती जी की ही गाथायें सुनाये जा रहे हैं। मानों वे प्रयास कर रहे हों, कि हे भोलेनाथ! अब आप अपने जीवन चरित्र को केवल यहीं तक ही रोक कर न रखें। अपितु आगे भी संसार के कल्याण के लिए अपनी दिव्य लीलायें जीवंत रखें।

हमारे भोलेनाथ को भला क्या समझ आना था। वे जैसे थे, वैसे ही रहे। उनके मन में कोई राग उत्पन्न नहीं हुआ। श्रीराम जी जब उन्हें ऐसे अनासक्त भाव में देखा, तो उन्हें कहना ही पड़ा-

'अब बिनती मम सुनहु सिव जौं मो पर निज नेहु।
जाइ बिबाहहु सैलजहि यह मोहि मागें देहु।।'

अर्थात हे शिवजी! यदि मुझ पर आपका स्नेह है, तो अब आप मेरी विनती सुनिए। मुझे यह माँगें दीजिए, कि आप जाकर पार्वती जी के साथ विवाह कर लें।

# रोज एक अंजीर खाने से क्या होता है? जानें इसके फायदे

**अंजीर एक ऐसा सुपरफूड है, जो आपकी सेहत को कई तरह से फायदा पहुंचाता है. आज कल लोग अंजीर को काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं. लेकिन क्या रोजाना 1 अंजीर खा सकते हैं? इसे रोज खाने से क्या होगा? हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने के लिए पौष्टिक आहार का सेवन बेहद जरूरी है. खासकर अगर आप फल और सूखे मेवे को अपनी डेली डाइट में शामिल करते हैं, तो ये आपके शरीर को जरूरी पोषण और एनर्जी देते हैं. इन्हीं में से एक है अंजीर, अंजीर एक ऐसा फल है, जो अपने पोषक तत्वों और मेडिसनल प्रोपर्टीज की वजह से हजारों सालों से इस्तेमाल किया जा रहा है. चाहे ताजे अंजीर हों या सूखे अंजीर, इसका सेवन आपके शरीर को कई हेल्थ बेनिफिट्स देता है.**



अंजीर को ÷प्राकृतिक मिठाई÷ भी कहा जाता है क्योंकि इसका स्वाद मीठा और रसदार होता है. ये न केवल स्वाद में, बल्कि इसमें फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट, मिनरल्स और विटामिन भरपूर होते हैं. रोजाना एक अंजीर खाने से आप कई हेल्थ प्रॉबल्म्स से बच सकते हैं और अपनी सेहत को बेहतर बना सकते हैं. आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि अंजीर खाने से आपके शरीर को कौन-कौन से फायदे होते हैं और इसे कैसे अपने डाइट में शामिल करें.

## अंजीर के पोषण तत्व

अंजीर में कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, पोटैशियम, फाइबर, विटामिन ए, विटामिन के और बी-कॉम्प्लेक्स काफी ज्यादा पाए जाते हैं. साथ ही ये एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स का भी अच्छा स्रोत है. इन पोषण तत्वों से शरीर को कई तरीके के फायदे मिलते हैं.

## रोजाना एक अंजीर खाने के फायदे

### 1. पाचन में सुधार

अंजीर में फाइबर भरपूर पाया जाता है, जो आपके पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है. ये कब्ज, पेट दर्द और गैस जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में भी मदद करता है. साथ ही आपका पेट भी साफ रहता है.

2. वजन घटाने में मददगार

अंजीर में कम कैलोरी और ज्यादा फाइबर होता है, जो आपके पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराता ह. ये वजन घटाने के लिए एक बेहतरीन ऑप्शन है. वेट लॉस करने वाले लोग इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल कर सकते हैं.

### 3. हड्डियों को बनाएं मजबूत

अंजीर में कैल्शियम और मैग्नीशियम की हाई क्वांटिटी होती है जो हड्डियों को मजबूत बनाती है. ये ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं को दूर रखने में भी मदद करता है. अगर आपके जोड़ो में दर्द रहता हैं तो अंजीर आपको काफी फायदा करेगा.

### 4. एनीमिया से बचाव

अंजीर में आयरन भरपूर काफी ज्यादा होता है, जो शरीर में हीमोग्लोबिन के लेवल को बढ़ाने में मदद करता है. एनीमिया से पीड़ित लोगों के लिए ये बहुत फायदेमंद ह. इसलिए इसे अपनी डाइट का हिस्सा जरूर बनाएं.

### 5. हार्ट को हेल्दी बनाए

अंजीर का सेवन कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करता है और हार्ट डिजीज के जोखिम को कम करता है. ये पोटैशियम से भरपूर होता है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने में भी मदद करता है.

### 6. त्वचा के लिए फायदेमंद

अंजीर में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो त्वचा को चमकदार और जवान बनाए रखने में मदद करते हैं. ये त्वचा पर झुर्रियों और डार्क स्पॉट्स को कम करता है. साथ ही इसे खाने से आपकी स्किन लंबे समय तक ग्लोइंग और जवां रहती है.

## कैसे करें अंजीर का सेवन?

रोजाना सुबह एक अंजीर खाने से सबसे ज्यादा फायदा मिलता है. इसके अलावा आप इसे रात को दूध के साथ भी खा सकते हैं. इससे हड्डियां मजबूत होती हैं और नींद बेहतर आती है. इसके अलावा भूख लगने पर अंजीर को हेल्दी स्नैक्स के रूप में भी खाया जा सकता है. आप इसे बादाम, अखरोट और किशमिश के साथ मिलाकर खाएं.

# सरैया स्थित स्वदेश संस्था का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, सोलर उपलब्ध कराने का दिया आश्वासन

**पंकज कुमार पाठक,**
**समाज जागरण**

पदमाः हजारीबाग के उपायुक्त हेमंत सती ने शनिवार को पदमा प्रखंड के सरैया स्थित गैर सरकारी संस्था (एनजीओ) स्वदेश द्वारा संचालित पदमा वुड क्राफ्ट केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्था की गतिविधियों और वहां उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। इस दौरान संस्था की ओर से उपायुक्त के समक्ष सीएमसी मशीन, सीएफसी भवन की चारदीवारी निर्माण एवं जनरेटर उपलब्ध कराने की मांग रखी गई। मांगों पर विचार करते हुए उपायुक्त ने संस्था को सोलर सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया और कहा कि संस्था के विकास एवं



स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन हरसंभव सहयोग करेगा।
मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी निधि रजवार, अंचल अधिकारी मोतीलाल हेम्ब्रम, उपप्रमुख सत्येंद्र राणा, सरैया मुखिया शांति देवी, स्वदेश संस्था के सचिव सुधीर कुमार, पंचायत सेवक संत किशोर तथा रोजगार सेवक संत सरोज पाठक समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।संस्था के निरीक्षण उपरांत उपायुक्त हेमंत सती ने प्रखंड कार्यालय, नवनिर्मित गोदाम भवन,राम नारायण हाई स्कूल,राजा किला(लक्ष्मी निवास पैलेस) आदि स्थानों का भी दौरा किया।

# विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल की बैठक में संगठन विस्तार पर मंथन, नए पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

**पंकज कुमार पाठक,**
**समाज जागरण**

बरहीः बरही स्थित मनोकामेश्वर शिव मंदिर परिसर में बीते शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केसरी ने की, जबकि संचालन प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने किया।
बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन कुमार, जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंहा, जिला मंत्री अरविंद मेहता, जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता एवं जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन के विस्तार, मजबूती तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।
संगठन को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नई जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। बजरंग दल में सोनू केसरवानी एवं संजय केसरी को सहसंयोजक, रोहित कुमार को धर्म प्रसार प्रमुख, अभय कुमार




को सह मंत्री, धर्मेंद्र कुमार को सुरक्षा प्रमुख, रवि शंकर साहू को सत्संग प्रमुख तथा शिवम कुमार को विद्यार्थी प्रमुख का दायित्व दिया गया।
वहीं, विश्व हिंदू परिषद की दुर्गा वाहिनी में पलक कुमारी को प्रखंड संयोजिका, संतुष्टि केसरी को सह संयोजिका, रिया कुमारी को बल संस्कार केंद्र प्रमुख, विशाखा कुमारी को विद्यार्थिनी प्रमुख तथा संध्या ठाकुर को शक्ति साधना केंद्र प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई।
बैठक में प्रदीप चंद्रवंशी, मनोज कुमार वर्मा, मुन्ना सोनी, अभय कुमार, रोहित कुमार, धर्मेंद्र यादव, प्रदीप कुमार कुशवाहा, दिनेश पंडित, धर्मेंद्र कुमार प्रजापति, चंदन केसरी, संजय राणा, विजय कुमार राणा, रमेश कुमार यादव, सागर कुमार, सुरेंद्र यादव, जयप्रकाश प्रजापति, इंद्रदेव गुप्ता, शिवम कुमार, अर्चना ठाकुर, पल्लवी केसरी, रिया कुमारी राणा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।
बैठक के अंत में संगठन की मजबूती, सामाजिक समरसता एवं हिंदू समाज के हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# बाल संस्कार केंद्र शिक्षिकाओं की कार्यशाला आयोजित, जुलाई पाठ्यक्रम पर हुई चर्चा

**पंकज कुमार पाठक,**
**समाज जागरण**

बरहीः डॉ. बसंत दिगंबर आगासे स्मृति सेवा संस्थान द्वारा संचालित बाल संस्कार केंद्र की शिक्षिकाओं की जून माह की कार्यशाला शनिवार को होटल आकाश पैलेस, गया रोड, बरही में आयोजित की गई। कार्यशाला में क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव ने बीते माह की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जुलाई माह के पाठ्यक्रम के अनुसार बच्चों को सुभाषित, बोधकथा, कविता, योग, व्यायाम एवं खेल का अभ्यास कराने का निर्देश दिया।
बैठक में प्रत्येक माह के दूसरे




मंगलवार को संस्कार केंद्र में विशेष उत्सव आयोजित करने पर भी चर्चा हुई। हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव के अवसर पर बाल संस्कार केंद्रों में बच्चों को छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रेरक कहानियां सुनाई गईं। इस दौरान डॉ. बिनोद साव ने बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़े कई उपयोगी सुझाव दिए। कार्यशाला का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ।

# भारतीय फिनटेक कंपनियों की नजर अब ग्लोबल मार्केट पर, स्ट्राइप-पेपाल की तर्ज पर दुनिया भर में लाइसेंस लेने की होड़

**समाज जागरण**

भारत की वित्तीय तकनीकी (फिनटेक) कंपनियां दुनिया के कुछ सबसे तेजी से बढ़ने वाले बाजारों में लाइसेंस हासिल करने पर विचार कर रही हैं। ये कंपनियां अपने मौजूदा सीमा पार कारोबार से आगे बढ़कर डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचे का विस्तार करना चाहती हैं।
उत्तर अमेरिका, पश्चिम एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के बाजारों में अपनी मौजूदगी बनाने के बाद फिनटेक कंपनियां अब इन बाजारों में सीधे काम करने, अपने मौजूदा सीमा पार कारोबार को आगे बढ़ाने और कई देशों में अपनी पहुंच बनाने की कोशिश कर रही हैं। यह एक ऐसी रणनीति है जिसे स्ट्राइप और पेपाल जैसी वैश्विक भुगतान कंपनियों ने अपनाया है।
भारत की फिनटेक कंपनी स्काईडो टेक्नोलॉजीज ने बीते मंगलवार को बताया था कि उसे कनाडा में भुगतान लाइसेंस मिला है। भारत के बाहर किसी देश में कंपनी को मिला यह पहला लाइसेंस है। स्काईडो के सह-संस्थापक मोविन जैन ने पहले बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया था, ह्यहम वैश्विक कंपनी बनना चाहते हैं। हमने भारत से शुरूआत की क्योंकि हम इस बाजार को अच्छी तरह जानते हैं लेकिन अब हम कनाडा जैसे उत्तर अमेरिकी देशों में भी अपना कारोबार बढ़ाना चाहते हैं। हम कनाडा में ग्राहकों को उनके बी2बी भुगतान की जरूरतों के लिए सेवाएं दे पाएंगे।ह्व
कंपनी ने अपने बयान में कहा कि कनाडा एक रणनीतिक बाजार है और यह लाइसेंस कनाडा और भारत के बीच दो-तरफा भुगतान प्रवाह को सक्षम करेगा, जिसमें स्थानीय संग्रह और भुगतान शामिल हैं। साथ ही यह




अंतरराष्ट्रीय संग्रहों से परे सीमा-पार भुगतान सेवाओं की व्यापक श्रृंखला का भी विस्तार करेगा।
रेजरपे, कैशफ्री पेमेंट्स, स्काईडो, एक्सफ्लो पेमेंट्स इंडिया, ब्रिस्कपे जैसी फिनटेक कंपनियों के पास भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के भुगतान एग्रीगेटर-सीमा-पार लाइसेंस हैं। एक्सफ्लो के सह-संस्थापक और सीईओ अश्विन भटनागर ने कहा, हम दो आयामों में लाइसेंस के बारे में सोचते हैं। एक, हम भारत में कितनी गहराई तक जा सकते हैं और दूसरा हम कितने वैश्विक हो सकते हैं? आज, हमारे पास भुगतान एग्रीगेटर लाइसेंस, कनाडा में लाइसेंस और अमेरिका में मनी सर्विस कारोबार का पंजीकरण है।
भटनागर ने बताया कि कंपनियां सिंगापुर, दुबई, आयरलैंड या हॉन्ग कॉन्ग जैसे देशों में मंजूरी हासिल करने की संभावनाओं पर और विचार कर सकती हैं।
भारत में केंद्रीय बैंक से परिचालन लाइसेंस मिलने के बाद देश से बाहर कारोबार खड़ा करने में समय लगाने के बाद अब फिनटेक कंपनियां वैश्विक बाजार पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। इस उद्योग के अधिकारियों ने बताया कि कारोबार के शुरूआती साल उत्पाद बनाने में ही बीत गए और देश से बाहर विस्तार के मौकों के लिए काफी संसाधन जुटाने तक इंतजार करना पड़ा। हालांकि लाइसेंस हासिल करना सरल है मगर बाजार में अपनी पैठ बनाना कहीं मुश्किल है।
भारतीय फिनटेक कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहले से जमी-जमाई स्थानीय कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना होगा। जैन ने कहा, विदेश के बाजार में बहुत होड़ है। यह बाजार पिछले 10 से 20 वर्षों से मौजूद है। हम बड़ा कारोबार बनाना चाहते हैं और उत्तर अमेरिका (जो दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है) में अपना काम बढ़ाते हैं तो इससे हमारे कुल कारोबार के मौके 10 गुना बढ़ जाएंगे।
अन्य फिनटेक अधिकारियों ने बताया कि कंपनियां अपनी वैश्विक विस्तार की योजनाओं का मूल्यांकन एक-एक करके हर बाजार के हिसाब से कर रही थीं क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने के लिए कई तरह के नियमों और दिशानिर्देशों का पालन करना पड़ता है।

# असम तिनसुकिया को अल्फा स्वाधीन दहलाने के मंसूबे को तिनसुकिया पुलिस ने किया नाकाम।

## अल्फा स्वाधीन के दो कट्टर सदस्य को भारी मात्रा में अस्त्र-शस्त्र और गोला बारूद के साथ गिरफ्तार किया।

**तिनसुकिया, असम**
**समाज जागरण।**

प्रतिबंधित संगठन अल्फा स्वाधीन के आतंकी हमले के साथ दहशत फैलाने के मंसूबे को नाकाम करते हुए की तिनसुकिया पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अल्फा स्वाधीन के दो कट्टर एवं सक्रिय सदस्य से भारी मात्रा में अस्त्र-शस्त्र और गोला बारूद एवं आपत्ति जनक दस्तावेज के साथ गिरफ्तार किया गया।
इस संदर्भ में आज विस्तृत जानकारी देने हेतु तिनसुकिया जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में तिनसुकिया जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मयंक कुमार द्वारा जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय)मृण्मय दास और तिनसुकिया जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(क्राइम)दिनेश प्रताप सिंह राठौर की उपस्थिति में एक पत्रकार सम्मेलन को संबोधित किया गया। पत्रकारों को संबोधित करते हुये संपूर्ण विवरण प्रस्तुत करते हुए वरिष्ठ जिला पुलिस अधीक्षक मयंक कुमार ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर तिनसुकिया पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों की सहायता से आज जागुन क्षेत्र लेखापानी थाना अंतर्गत में एक विशेष अभियान चलाकर प्रतिबंधित संगठन अल्फा स्वाधीन के दो सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया।जिनकी पहचान तिनसुकिया जिले के पानीतोला निवासी एसएस सेकंड लेफ्टिनेंट सियोर असम उर्फ हुमेनज्योति बरुआ (27 वर्ष),बाघजान थाना अंतर्गत करदो गुड़ी निवासी एसएस सेकंड लेफ्टिनेंट मनोज असम उर्फ पापू मोरान (30 वर्ष) के रूप में हुई है।जिनके पास से 2 एके-56 राइफल,2 हैंड ग्रेनेड,एके की 172 जीवित कारतूस,दवाइयों का किट,सिरिंज और आपतीजनक पदार्थ,जंगल में जीवित रहने के लिए खाद्य सामग्री,बैकपैक तथा अन्य अपति जनक सामग्री बरामद की गई




है।पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रारंभिक जांच में पता चला है कि अल्फा ने इन दोनों कैडरों को तिनसुकिया शहर में निर्दोष लोगों को निशाना बनाकर मारने तथा लोगों के बीच दहशत फैलाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। मालूम हो कि जिले में धन उगाही के पत्र व्यापारियों अल्फा स्वाधीन द्वारा दी गई है। उन्होंने आगे बताया की योजनाबद्ध कार्यप्रणाली से यह संकेत मिलता है कि क्षेत्र को अस्थिर करने और सार्वजनिक शांति भंग करने के उद्देश्य से बाहरी तत्वों का प्रभाव एवं समर्थन इसमें शामिल हो सकता है।दोनों अल्फा कैडर वर्ष 2018 से अल्फा स्वाधीन से जुड़े हुये है।पुलिस ने इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत लेखापानी थाना में केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई से एक बड़ी आतंकी वारदात टालने में सफलता मिली है। वही उन्होंने बताया कि पिछले बर्ष काकोपथार सेना छावनी में आक्रमण में दोनों की संलिप्तता होने के साथ ही असम पुलिस के कमांडो कैंप पर हमला और जागुन स्थित एक क्रशर फैक्टरी से एक कर्मचारी के अपहरण की घटना में भी इनकी संलिप्तता है।उन्होंने आने वाले समय में तिनसुकिया के लोगों को सचेत रहने को अपिल की और कोई भी सुचना मिलते ही पुलिस से सम्पर्क करने का आह्वान किया। फिलहाल पुलिस एवं सेना की कमीयाबि से तिनसुकिया के लोगों ने राहत की महसूस कर रहे हैं पर आने वाले समय की चिंता सता रही है।

# आकाशीय बिजली गिरने से दुधारू भैंस और बछड़े की मौत, पशुपालक की आजीविका पर संकट

**पंकज कुमार पाठक,**
**समाज जागरण**

पदमाः प्रखंड के पिंडारकोन पंचायत अंतर्गत नचनबे गांव में शनिवार देर दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से एक दुधारू भैंस और उसके बछड़े की मौत हो गई। इस घटना के बाद पशुपालक अंगेश यादव के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।
जानकारी के अनुसार, शनिवार को अचानक तेज बारिश के साथ हुए वज्रपात की चपेट में आने से अंगेश यादव की दुधारू भैंस और उसके बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से पशुपालक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।
अंगेश यादव ने बताया कि उनके परिवार की रोजमर्रा की जरूरतें मुख्य रूप से दूध बेचकर ही पूरी होती थीं।



भैंस की मौत से उनकी आजीविका पर गहरा संकट खड़ा हो गया है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।
ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित पशुपालक को उचित मुआवजा और सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि वह इस आर्थिक संकट से उबर सके।

# शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस पर स्वराज और आत्मसम्मान का संदेश

**पंकज कुमार पाठक, समाज जागरण**

बरहीः जेष्ठ शुक्ल त्रयोदशी एवं हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव के अवसर पर शनिवार को शिवाजी व्यावसायी शाखा, बरही में छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर उत्तर-पूर्व क्षेत्र



के सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए शिवाजी महाराज के जीवन, वीरता और स्वाभिमान पर प्रकाश डाला।
उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज एक महान योद्धा, कुशल रणनीतिकार और हिन्दवी स्वराज के संस्थापक थे। उनका जीवन आत्मसम्मान, साहस और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है।
कार्यक्रम मंडल कार्यवाह राहुल राणा, शाखा कार्यवाह एवं मुख्य शिक्षक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भामाशाह विद्या मंदिर, विश्व हिन्दू परिषद, भाजपा सहित विभिन्न संगठनों के 54 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# कुकड़ू में सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न, विजेता टीमों को मेडल व ट्रॉफी देकर किया गया सम्मानित

**समाज जागरण, संवाददाता**

चांडिल : कुकड़ू प्रखंड के चौकेगोड़िया फुटबॉल मैदान में आयोजित प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग आयु वर्गों में हिस्सा लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।
अंडर-12 वर्ग में उत्क्रमित मध्य विद्यालय कूदा कन्या की टीम ने बालक और बालिका दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर-15 वर्ग का खिताब उत्क्रमित मध्य विद्यालय हाईतिरुल के नाम रहा। वहीं अंडर-17 बालक वर्ग में +2 उच्च विद्यालय सिरूम और बालिका वर्ग में जेवीएवी कुकड़ू की टीम विजेता बनी।
समापन समारोह के दौरान सभी विजेता एवं उपविजेता टीमों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उत्क्रमित मध्य विद्यालय लेटेमदा की टीम के







बेहतरीन प्रदर्शन की भी प्रशंसा की गई।
इस मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार जोशी ने कहा कि सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के साथ-साथ विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर की ऐसी प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को भविष्य में बड़े मंच तक पहुंचने का अवसर देती हैं। कार्यक्रम में बीपीओ सुचित्रा महतो, बीआरपी सुनील कुमार महतो, शिक्षक कृतु मुर्मू, विचंडित सिंह मुंडा, त्रिलोचन कुमार, संजय कुमार, लक्ष्मण महतो, सुमित बारला, तारामणि कश्यप, पद्मा कुमारी, सोमचांद मुर्मू, कुमार विष्णु, सुभाष चंद्र महतो, नरोत्तम महतो, बीरेंद्र नाथ महतो समेत बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# राज्यों के पूंजीगत व्यय में आई सुस्ती, 20 राज्य ने दो महीने में खर्च किया बजट का सिर्फ 5.86% हिस्सा

## CAG के विश्लेषण के अनुसार, मई में सुधार के बावजूद चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में 20 राज्यों का पूंजीगत व्यय पिछले साल की तुलना में सुस्त रहा है

<

**समाज जागरण**

इस वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में 20 राज्यों के पूंजीगत व्यय में आनुपातिक रूप से कमी आई है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के मासिक खातों के विश्लेषण के अनुसार इन राज्यों ने बजट में कुल आवंटित 10 लाख करोड़ रुपये में से 58,636 करोड़ या 5.86 प्रतिशत का इस्तेमाल किया। हालांकि राज्यों ने बीते वर्ष की इस अवधि में 6.21 प्रतिशत का पूंजीगत व्यय किया था।



इन राज्यों का पूंजीगत व्यय भले ही वित्त वर्ष 26 के 9.29 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 27 में 10 लाख करोड़ रुपये हो गया लेकिन सापेक्ष रूप से वास्तविक खर्च में लगभग 1.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
इस वित्त वर्ष के दूसरे महीने में तेजी के संकेत मिले। राज्यों ने मई में सामूहिक रूप से लगभग 39,267 करोड़ रुपये खर्च किए और यह पिछले साल मई में खर्च किए गए लगभग 35,864 करोड़ रुपये से लगभग 9.5 प्रतिशत अधिक है। मई में सामूहिक रूप से खर्च राशि अप्रैल की सुस्त रफ्तार के बाद कुछ हद तक बेहतरी का संकेत देती है। अप्रैल में इस्तेमाल का स्तर वित्त वर्ष 26 के उसी महीने की तुलना में असल आंकड़ों के हिसाब से 11 प्रतिशत कम था। केरल ने पहले दो महीनों में अपने पूंजीगत व्यय का 29.35 प्रतिशत उपयोग करके चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया, इसके बाद हरियाणा 22.46 प्रतिशत पर रहा। आंध्र प्रदेश (11.38 प्रतिशत) और हिमाचल प्रदेश (10.25 प्रतिशत) में 10 प्रतिशत से ऊपर उपयोग दर थी।
झारखंड 0.05 प्रतिशत पर शुद्ध-नकारात्मक क्षेत्र में बना रहा झ्र दो महीने बाद भी संचयी नकारात्मक पूंजीगत व्यय दर्ज करने वाला एकमात्र राज्य था। दूसरी ओर त्रिपुरा ने अपने आवंटन का केवल 0.34 प्रतिशत उपयोग किया जबकि मेघालय (1.55 प्रतिशत), उत्तराखंड (1.67 प्रतिशत), और महाराष्ट्र (1.85 प्रतिशत) भी सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वालों में से थे। पूंजीगत खर्च के हिसाब से भारत के तीन सबसे बड़े राज्य झ्र उत्तर प्रदेश (2.98 प्रतिशत), तमिलनाडु (3.92 प्रतिशत) और कर्नाटक (3.96 प्रतिशत) झ्र पूंजीगत व्यय के मामले में पिछड़ते रहे। इसमें सबसे अधिक बजट वाले राज्य उत्तर प्रदेश ने शुरूआती दो महीनों में अपने लगभग 1.78 लाख करोड़ रुपये के वार्षिक पूंजीगत व्यय आवंटन का 3 प्रतिशत से कम खर्च किया। विशेष रूप से महाराष्ट्र और ओडिशा झ्र दोनों ने अप्रैल में शुद्ध नकारात्मक पूंजीगत व्यय दर्ज किया था जबकि ये मई में सकारात्मक दायरे में आ गए। महाराष्ट्र ने मई में लगभग 2,530 करोड़ रुपये खर्च किए जबकि ओडिशा ने लगभग 2,425 करोड़ रुपये बुक किए। इससे अप्रैल के घाटे की भरपाई से परे भी खर्च हुई।
राजस्व व्यय तेज गति से बढ़ा। इसके तहत पहले दो महीनों में 20 राज्यों ने वित्त वर्ष 27 के बजट में आवंटित कुल पूंजीगत व्यय 48.99 लाख करोड़ रुपये में से 5.70 लाख करोड़ रुपये या 11.64 प्रतिशत खर्च किया। हिमाचल प्रदेश ने सर्वाधिक 16.42 प्रतिशत का उपयोग किया। इसके बाद आंध्र प्रदेश 15.86 प्रतिशत, तेलंगाना 14.28 प्रतिशत, केरल 14.21 प्रतिशत और राजस्थान 13.21 प्रतिशत पर रहे। झारखंड (5.54 प्रतिशत), बिहार (9.07 प्रतिशत), मेघालय (9.22 प्रतिशत) और महाराष्ट्र (9.36 प्रतिशत) सबसे धीमी गति से खर्च करने वालों में से थे।

# SME IPO में करने जा हैं निवेश? सिर्फ GMP देखकर न फंसें, नुकसान से बचने के लिए इन फैक्टर्स का भी रखें ध्यान

**समाज जागरण**

जब मुख्य कंपनियों के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का बाजार सूना रहा है, उस समय छोटे और मझोले उद्यमों (एसएमई) के आईपीओ ने अच्छा दमखम दिखाया है। मई 2026 में एसएमई एक्सचेंजों पर 12 आईपीओ सूचीबद्ध हुए, जो अप्रैल के 7 एसएमई आईपीओ के आंकड़े से बहुत ज्यादा हैं।

### क्या हैं एसएमई आईपीओ

ये आईपीओ छोटे और मझोले आकार की कंपनियों के लिए होते हैं। वे नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) इमर्ज और बीएसई एसएमई जैसे एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होते हैं। निर्गम के बाद इनकी चुकता पूंजी यानी पेड-अप कैपिटल 25 करोड़ रुपये से ज्यादा नहीं हो सकती। इन कंपनियों का कारोबार सामान्य कंपनियों के मुकाबले कम समय से चल रहा होता है।
ट्रेडजिनी के सीओओ त्रिवेश डी कहते हैं, एक्सचेंज इनकी अच्छी




तरह से जांच करता है और मार्केट मेकर (शेयर खरीदने और बेचने वाले) सूचीबद्ध होने के बाद बुनियादी लिक्विडिटी उपलब्ध कराते रहते हैं।
निवेशकों को एसएमई और मुख्य एक्सचेंज के आईपीओ यानी मेनबोर्ड आईपीओ के बीच बुनियादी अंतर पहचानना आना चाहिए। प्राइम डेटाबेस ग्रुप के प्रबंध निदेशक प्रणव हल्दिया बताते हैं, एसएमई आईपीओ में आम तौर पर सूचीबद्ध होने के बाद कम तरलता होती है, ज्यादा उठापटक होती है और कम विश्लेषक तथा संस्थाएं इन पर नजर रखती हैं।
रीसर्जेंट इंडिया के प्रबंध निदेशक ज्योति प्रकाश गाडिया कहते हैं, मेनबोर्ड रिटेल आईपीओ के मुकाबले यहां ज्यादा शेयरों के लिए आवेदन होता है और लॉट साइज भी बड़ा होता है। इस तरह निवेशक ज्यादा रकम लगा सकते हैं। सूचीबद्ध होने के बाद इनमें सही कीमत पर पहुंचना मुश्किल होता है क्योंकि ट्रेडिंग के लिए कम शेयर उपलब्ध होते हैं। हल्दिया का कहना है, ह्यमेनबोर्ड आईपीओ आम तौर पर बड़ी और रसूख वाली कंपनियों के होते हैं, जो सख्त पात्रता नियमों का पालन करती हैं और अधिक सूचनाएं (डिसक्लोजर) देती हैं। मेनबोर्ड आईपीओ में पूंजी अधिक होती है, लाभ देने की क्षमता ज्यादा होती है और अधिक सार्वजनिक शेयरधारिता भी रखनी पड़ती है। उनमें लिक्विडिटी ज्यादा होती है और बड़ी संख्या में निवेशक उन पर नजर रखते हैं।

# बिहार पुलिस सिपाही लिखित परीक्षा, 10 केंद्रों पर 4,693 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



27 जून। बिहार पुलिस दूरसंचार (वितंतु) एवं तकनीकी अराजपत्रित संवर्ग में सिपाही (प्रचालक) पद पर चयन हेतु 28 जून को आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर शनिवार को समाहरणालय स्थित महानंदा सभागार में उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार झा की अध्यक्षता में प्रशासनिक पदाधिकारियों, केंद्राधीक्षकों एवं संबंधित कर्मियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि परीक्षा का संचालन केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं अनुशासन के साथ कराया जाएगा। उन्होंने सभी दंडाधिकारियों, केंद्राधीक्षकों एवं पुलिस पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक अभ्यर्थी की पहचान का सावधानीपूर्वक सत्यापन किया जाए। प्रवेश पत्र, आधार कार्ड एवं फोटो का मिलान, बायोमेट्रिक सत्यापन तथा फ्रिस्किंग की प्रक्रिया आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप अनिवार्य रूप से पूरी की जाए। किसी भी प्रकार की शंका होने पर तत्काल वरीय अधिकारियों को सूचित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उप विकास आयुक्त ने बताया कि परीक्षा 28 जून को एक पाली में दोपहर 12 बजे से अपराह्न 2 बजे तक आयोजित होगी। जिले के 10 परीक्षा केंद्रों पर कुल 4,693 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। अभ्यर्थियों का प्रवेश सुबह 10 बजे से 11 बजे तक ही कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुबह 11 बजे के बाद किसी भी परिस्थिति में किसी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

उन्होंने केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों के बाहर माइकिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया जाए तथा प्रश्नपत्र निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अभ्यर्थियों की उपस्थिति में ही खोला जाए। रोल नंबरवार बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए रोल नंबर सूची परीक्षा केंद्र परिसर के प्रमुख स्थानों पर चस्पा करने का भी निर्देश दिया गया।

बैठक में बताया गया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जाएगी। महिला अभ्यर्थियों की तलाशी महिला दंडाधिकारी एवं महिला पुलिस बल तथा पुरुष अभ्यर्थियों की तलाशी पुरुष दंडाधिकारी एवं पुरुष पुलिस बल द्वारा ली जाएगी। मोबाइल फोन सहित सभी प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रवेश पर पूर्ण रोक रहेगी।

परीक्षा के सफल संचालन एवं प्रभावी निगरानी के लिए दो उड़नदस्ता दल, पांच जोनल दंडाधिकारी-सह-समन्वय प्रेक्षक तथा 10 स्टैटिक दंडाधिकारी-सह-प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी अधिकारियों को परीक्षा अवधि के दौरान नियमित भ्रमण कर आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में परीक्षा केंद्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास विधि-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने तथा सोशल मीडिया की सतत मॉनिटरिंग करने पर भी जोर दिया गया।

परीक्षा की निष्पक्षता एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में परीक्षा अवधि के दौरान भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा प्रभावी रहेगी।

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय, किशनगंज में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06456-225152 जारी किया गया है, जिस पर परीक्षा से संबंधित आवश्यक सूचना एवं शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

# मुहर्रम ड्यूटी में लापरवाही पर महिला सिपाही निलंबित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

27 जून। मुहर्रम पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था ड्यूटी में कथित लापरवाही बरतने के आरोप में किशनगंज पुलिस की महिला सिपाही अनुप्रिया कुमारी (बकल संख्या-853) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर करीब 12:15 बजे शहर में मुहर्रम पर्व के मद्देनजर विधि-व्यवस्था का जायजा लेने के दौरान सौदागर पट्टी चौक पर तैनात महिला सिपाही अनुप्रिया कुमारी ड्यूटी के समय मोबाइल एवं ईयरफोन का उपयोग करती मिलीं। आरोप है कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बुलाए जाने के बावजूद उन्होंने तत्काल ध्यान नहीं दिया और अपने कर्तव्य के प्रति अपेक्षित सतर्कता नहीं दिखाई।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मुहर्रम जैसे संवेदनशील पर्व के दौरान पुलिस मुख्यालय एवं जिला स्तर से ड्यूटी के समय मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अनावश्यक उपयोग पर स्पष्ट रोक के निर्देश जारी हैं। इसके बावजूद निर्देशों की अवहेलना किए जाने को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए संबंधित महिला सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। मामले की विभागीय जांच के लिए पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) को दो दिनों के भीतर विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। वहीं, निलंबित महिला सिपाही को सात दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।

# पटना के दुल्हिन बाजार में शिक्षा के मंदिरों पर चोरों का धावा, बच्चों के निवाले पर किया हाथ साफ

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वे शिक्षा के मंदिरों को भी निशाना बना रहे हैं। शुक्रवार की रात चोरों ने क्षेत्र के तीन अलग-अलग गांवों के विद्यालयों में धावा बोलकर बच्चों के मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) के लिए रखे गए अनाज और कीमती सामानों पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना के बाद से क्षेत्र के शिक्षकों और अभिभावकों में भारी आक्रोश है। चोरों ने सोची-समझी साजिश के तहत एक ही रात में तीन विद्यालयों को अपना निशाना बनाया। कूकरी बीघा स्थित प्राथमिक विद्यालय की प्रधान शिक्षिका रिभा कुमारी जब शनिवार की सुबह स्कूल पहुंचीं, तो उन्होंने रसोईघर का दरवाजा टूटा हुआ पाया। वहां से बच्चों के भोजन के लिए रखे गए करीब 3 क्विंटल चावल गायब थे। वहीं, महाबलीपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय की प्रधान शिक्षिका अमृता कुमारी ने बताया कि उनके विद्यालय के कमरों का ताला तोड़कर चोरों ने 6.5 क्विंटल चावल के अलावा तीन पंखे भी चोरी कर लिए। तीसरी घटना कटैया पर स्थित न्यू प्राथमिक विद्यालय में हुई, जहां प्रधान शिक्षक अवधेश कुमार ने विद्यालय पहुंचकर देखा कि कमरे का ताला तोड़कर एक बोरी चावल और एक गैस सिलेंडर की चोरी कर ली गई है। यह कोई पहली बार नहीं है जब दुल्हिन बाजार क्षेत्र के विद्यालय चोरों के निशाने पर आए हैं। पिछले ही सप्ताह कूकरी बीघा के आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक विद्यालय से चावल की चोरी हुई थी। इससे पूर्व लाला भदसारा भलुआ, रकसिया और जीआईडी गांव के विद्यालयों में भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। लगातार हो रही इन वारदातों से स्पष्ट है कि चोरों में पुलिस का कोई डर नहीं बचा है।घटना की सूचना मिलते ही संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने दुल्हिन बाजार थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है, लेकिन अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूलों में कीमती सामान और अनाज की सुरक्षा के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं है, जिसका फायदा चोर उठा रहे हैं। फिलहाल, इन घटनाओं के बाद से स्कूलों में मध्यान भोजन की व्यवस्था भी चरमरा गई है, जिससे बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए स्थानीय प्रशासन को इन विद्यालयों की सुरक्षा के लिए रात्रि प्रहरी (नाइट गार्ड) की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करनी चाहिए।

# पटना के रूपापुर में ससुराल में विवाहिता की नृशंस हत्या

## ड्रम में मिला शव; आरोपी फरार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पियरपुरा थाना अंतर्गत रूपापुर गांव में एक विवाहिता की हत्या का दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां ससुराल वालों ने कथित तौर पर विवाहिता की हत्या कर शव को एक ड्रम में बंद कर दिया और मौके से फरार हो गए। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।मृतका की पहचान खिरिमोड थाना क्षेत्र के सिद्धिपुर गांव निवासी कामेश्वर पासवान की पुत्री चंदा कुमारी उर्फ वैष्णवी कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, वैष्णवी की शादी महज दो महीने पहले ही रूपापुर निवासी खदेरन पासवान के पुत्र अभिषेक कुमार के साथ धूमधाम से हुई थी। शादी के बाद से ही वह ससुराल में रह रही थी। परिजनों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व वैष्णवी ने फोन कर अपनी आपबीती सुनाई थी। उसने अपने मायके वालों से गुहार लगाई थी कि उन्हें जल्द से जल्द यहां से ले चलें, क्योंकि ससुराल वाले उसे जीवित नहीं रहने देंगे। दुर्भाग्यवश, उस समय किसी ने उसकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया। शुक्रवार की शाम जब वैष्णवी की मां को अचानक अपनी बेटी की चिंता हुई और वह उससे मिलने रूपापुर गांव पहुंची, तो वहां का मंजर देख दंग रह गई। घर के सभी सदस्य फरार थे। मां के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण और मायके के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। घर की तलाशी लेने पर एक ड्रम के भीतर वैष्णवी का शव बंद मिला। सूचना पाकर पियरपुरा थाना पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स अस्पताल भेज दिया है।पियरपुरा थाना पुलिस ने बताया कि फिलहाल परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है, लेकिन पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए गहन जांच कर रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। हत्या के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल, ससुराल पक्ष के सभी लोग फरार हैं, जिससे मामला पूरी तरह संदिग्ध बना हुआ है।

# पटना के दुल्हिन बाजार में मकान की सफाई के दौरान मजदूर की संदिग्ध मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र स्थित नवीनगर गांव में शनिवार को काम के दौरान एक मजदूर की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार, मोकिमपुर गांव निवासी हरिवंश ठाकुर का पुत्र मनोज ठाकुर (मजदूरी) शनिवार को नवीनगर गांव में पप्पू शर्मा के नवनिर्मित मकान में सफाई का कार्य कर रहा था। काम के दौरान ही अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और देखते ही देखते उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक की मौत इतनी अचानक हुई कि उसे संभलने का मौका तक नहीं मिला।घटना की सूचना मिलते ही परिजन बदहवास स्थिति में घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि भीषण गर्मी और लू की चपेट में आने के कारण मनोज की जान गई है। हालांकि, घटना के बाद मौके पर पहुंची दुल्हिन बाजार थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पालीगंज अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। इस संबंध में दुल्हिन बाजार थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत थाने में प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। फिलहाल, इस घटना से मृतक के गांव और परिवार में मातम पसरा हुआ है।

# पटना के धनरुआ में 12 महीने का मानदेय न मिलने पर आशा कार्यकर्ताओं का फूटा गुस्सा, स्वास्थ्य सेवाएं ठप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ जिले के धनरूआ में पिछले 12 महीनों से लंबित मानदेय और राज्यांश की राशि के भुगतान की मांग को लेकर शनिवार को धनरूआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) परिसर में आशा एवं आशा फैसिलिटेटरों का आक्रोश खुलकर सामने आया। बिहार राज्य आशा एवं आशा फैसिलिटेटर संघ के बैनर तले दर्जनों कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और सरकार व स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहीं आशा फैसिलिटेटर लक्ष्मी कुमारी ने बताया कि धनरूआ प्रखंड की सभी आशा एवं आशा फैसिलिटेटर 22 जून से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार पर हैं। बावजूद इसके, अब तक उनके बकाया मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने दो-टूक कहा कि जब तक पूरी बकाया राशि खातों में नहीं पहुंच जाती, तब तक सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों में कोई सहयोग नहीं दिया जाएगा।प्रदर्शनकारियों ने बताया कि 11 मई को पटना में सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष भी उन्होंने प्रदर्शन किया था। उस समय संबंधित समिति ने 15 जून तक भुगतान का स्पष्ट आश्वासन दिया था। आवंटन जारी होने के बावजूद राशि खातों में नहीं आने से कार्यकर्ताओं में भारी रोष है।आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि लगातार एक साल से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कई महिलाएं कर्ज लेकर अपना और परिवार का पेट पालने को मजबूर हैं। बार-बार गुहार लगाने के बाद भी अधिकारियों द्वारा उपेक्षा किए जाने से उनमें काफी हताशा है। हड़ताल के कारण धनरूआ प्रखंड की स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। टीकाकरण, संस्थागत प्रसव और गर्भवती महिलाओं की एएनसी (ANC) जांच जैसे महत्वपूर्ण कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं। प्रदर्शन में लक्ष्मी कुमारी, नीरू कुमारी, रीता कुमारी, सुनीता कुमारी, मालती कुमारी, किरण कुमारी समेत बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता शामिल रहीं। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# पटना में सोना खरीदने के बहाने बुलाकर 1.5 करोड़ की लूट, डॉक्टर समेत तीन गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना के बोरिंग रोड स्थित 'गिन्नी ज्वेलर्स' के मालिक से सोना खरीदने के नाम पर करीब 1.5 करोड़ रुपये मूल्य का एक किलो सोना लूटने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक डॉक्टर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान डॉ. मनोज कुमार, बांके बिहारी और अमन कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, गिरोह के सदस्यों ने एक सोची-समझी साजिश के तहत ज्वेलर्स के मालिक सचिन कुमार गुप्ता को सोना खरीदने का झांसा दिया। शुरूआत में आरोपी ने खुद को डॉक्टर बताकर विश्वास जीता और दुकानदार को पाटलिपुत्र स्थित शिवलोक अपार्टमेंट के एक फ्लैट में बुलाया। दुकानदार अपने स्टाफ के साथ वहां पहुंचा, जहां सोना देखने के बहाने उसे फ्लैट के अंदर ले जाया गया।

आरोप है कि वहां एक तथाकथित 'सोनार' ने सोने की शुद्धता जांचने के नाम पर उसे कटवाया और एन.के. सिंह नामक व्यक्ति को सौंप दिया। इसी बीच, कुछ नकाबपोश बदमाश फ्लैट में घुस आए और दुकानदार, डॉक्टर व अन्य मौजूद लोगों को एक कमरे में बंद कर दिया। बदमाशों ने सभी के मोबाइल फोन छीन लिए और एक किलो सोना व नोटों से भरा बॉक्स लेकर फरार हो गए। वारदात के बाद आरोपी डॉक्टर मनोज और बांके बिहारी ने दुकानदार से मिलकर एक सप्ताह में रकम लौटाने का आश्वासन दिया, जिससे उनकी संलिप्तता पर संदेह गहरा गया। दुकानदार सचिन गुप्ता ने 24 जून को शास्त्रीनगर थाने में मामला दर्ज कराया, जिसके बाद पुलिस ने डॉ. मनोज, बांके बिहारी और अमन को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि डॉ. मनोज मूल रूप से दुल्हिन बाजार का निवासी है, जो वर्तमान में कंकड़बाग में रह रहा है। बांके बिहारी सीवान का रहने वाला है और पटना के पाटलिपुत्र में रहता है, जबकि अमन एक छात्र है। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी एन.के. सिंह सहित अन्य बदमाश अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। इस घटना ने राजधानी के व्यवसायियों में दहशत पैदा कर दी है। पुलिस मामले के हर पहलू की गहराई से जांच कर रही है।

# पटना में ड्यूटी पर लौट रहे अमीन की रेल ट्रैक पर मिली लाश

## पिता ने लूटपाट के बाद हत्या का लगाया आरोप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ वैशाली जिले के विदुपुर अंचल में कार्यरत अमीन शेखर सुमन की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। 22 जून को उनका शव राजेंद्र नगर टर्मिनल क्षेत्र के पोल संख्या 239 के पास रेल ट्रैक पर मिला। इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के पिता संजीव कुमार ने लूटपाट का विरोध करने पर अपराधियों द्वारा चलती ट्रेन से धक्का देकर हत्या किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। मूल रूप से नवादा जिले के मेसकौर निवासी संजीव कुमार ने बताया कि उनका बेटा शेखर सुमन 20 जून को छुट्टी बिताकर घर आया था। 21 जून को वह वापस अपनी ड्यूटी पर लौटने के लिए निकला था। तिलैया स्टेशन से उसने दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस पकड़ी थी, जहां उनके दादा अनिल कुमार ने उसे ट्रेन में बैठाया था। अगले दिन उन्हें स्थानीय दफादार द्वारा बेटे का शव मिलने की दुखद सूचना मिली। राजेंद्र नगर टर्मिनल जीआरपी में दर्ज कराए गए बयान में पिता संजीव कुमार ने दावा किया कि उनके बेटे के साथ अपराधियों ने लूटपाट की कोशिश की और विरोध करने पर उसे चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं, जीआरपी इंचार्ज दीपनारायण प्रसाद ने बताया कि शव के पास से ही मृतक का मोबाइल और बैग मिल गया है, जिसे परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला चलती ट्रेन से गिरकर मौत होने का प्रतीत होता है, लेकिन परिजनों के लिखित बयान के आधार पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल, जीआरपी पूरे मामले की वैज्ञानिक तरीके से जांच कर रही है। घटना के कारणों का सही पता लगाने के लिए शेखर सुमन के मोबाइल नंबर का सीडीआर निकलवाया जा रहा है ताकि उनके आखिरी समय की लोकेशन और बातचीत का ब्यौरा मिल सके। पुलिस का कहना है कि जांच रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। अमीन की इस तरह मौत से उनके सहकर्मियों और परिवार में गहरा शोक व्याप्त है।

# पटना के मसौढ़ी में दहेज हत्या के आरोपियों के घर पुलिस ने चस्पा किया इश्तेहार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ दहेज हत्या के एक मामले में फरार चल रहे पति और सास पर कानूनी शिकंजा कसता जा रहा है। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के जिलालबिघा गांव में दहेज लोभी पति और सास के घर पुलिस ने शनिवार को न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार चस्पा किया। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित अवधि के भीतर आरोपी आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके घर की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि 21 मई को जहानाबाद के भगवान खंधा निवासी विमलेश कुमार ने मसौढ़ी थाना में अपनी पुत्री माधुरी देवी (21) की हत्या और शव गायब करने का मामला दर्ज कराया था। विमलेश कुमार के अनुसार, उनकी पुत्री का विवाह 11 मार्च 2024 को जिलालबिघा निवासी सूरज कुमार उर्फ गुड्डू के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वाले मसौढ़ी में जमीन खरीदने के लिए पांच लाख रुपये दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर माधुरी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। परिजनों ने बताया कि 15 मई को माधुरी ने फोन कर अपनी आपबीती सुनाई थी और प्रताड़ना की जानकारी दी थी। अगले दिन जब मायके वाले चिंतित होकर बेटी के ससुराल पहुंचे, तो वहां का मंजर देख दंग रह गए। ससुराल के दरवाजे पर ताला जड़ा था और पति व सास समेत सभी सदस्य फरार थे। ग्रामीणों से मिली जानकारी के बाद परिजनों को आशंका हुई कि माधुरी की हत्या कर शव को ठिकाने लगा दिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मसौढ़ी थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि मुख्य आरोपी पति सूरज कुमार और सास रिंकू देवी घटना के बाद से ही फरार चल रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शनिवार को कोर्ट के आदेशानुसार उनके आवास पर इश्तेहार चिपका दिया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि यह कानून की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यदि आरोपी जल्द से जल्द पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो पुलिस बल के साथ पहुंचकर घर की कुर्की की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस कार्रवाई से इलाके के अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# पटना के टिलहरी में डॉ. राम मनोहर लोहिया खेल क्लब भवन का शुभारंभ, बच्चों की प्रतिभा को मिलेगी नई उड़ान

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के मनेर स्थित सिंघाड़ा पंचायत के टिलहरी गांव में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'डॉ. राम मनोहर लोहिया खेल क्लब भवन' का भव्य शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन जदयू नेता सह एमएलसी रविंद्र कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के लिए यह खेल भवन एक सशक्त माध्यम साबित होगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए एमएलसी रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि राज्य सरकार के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन पंचायत स्तर पर विकास कार्यों के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि यह खेल भवन पूर्ण रूप से पंचायत के बच्चों के लिए समर्पित है। भवन निर्माण पूरा होने के बाद इसे पंचायत को सौंप दिया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इस खेल भवन के बनने से स्थानीय बच्चे खेल प्रतियोगिताओं के लिए न केवल मजबूत बनेंगे, बल्कि वे भविष्य में पंचायत स्तरीय प्रतिस्पर्धाओं से आगे बढ़कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर (नेशनल लेवल) तक अपनी पहचान बना सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान एमएलसी रविंद्र कुमार सिंह ने जदयू के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पौधरोपण किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उपस्थित ग्रामीणों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष अभिषेक आनंद, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रजनीश कुमार, नगर अध्यक्ष बलराम कुमार और पूर्व मुखिया अखिलेश सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और खेल प्रेमी मौजूद थे। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए एमएलसी का आभार व्यक्त किया और इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया।

# अगले हफ्ते खुलेगा कमाई का पिटारा, टाटा-महिंद्रा-बजाज समेत 46 कंपनियां बांटेगी डिविडेंड

## आने वाले हफ्ते में टाटा, बजाज और महिंद्रा जैसी 46 बड़ी कंपनियां 49 घोषणाओं के साथ अपने शेयरधारकों को बंपर डिविडेंड का मुनाफा बांटने जा रही हैं

**समाज जागरण**

भारतीय शेयर बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों के लिए जून का आखिरी और जुलाई का पहला हफ्ता बेहद मुनाफेदार साबित होने वाला है। अगर आप भी शेयरों से होने वाली नियमित और सुरक्षित कमाई यानी डिविडेंड पर नजर रखते हैं, तो आपके पोर्टफोलियो में शामिल कई कंपनियों के शेयर आपको बड़ी खुशखबरी देने वाले हैं। आने वाले दिनों में देश की 46 जानी-मानी कंपनियां अपने निवेशकों को मुनाफे का हिस्सा बांटने जा रही हैं। इस लिस्ट में टाटा, महिंद्रा, बजाज, बायोकॉन और रेमंड जैसे बड़े कॉरपोरेट घरानों से लेकर कई बेहतरीन मिडकैप और स्मॉलकैप कंपनियां शामिल हैं। चूंकि इस आधिकारिक सूची में कुछ कंपनियां फाइनल डिविडेंड के साथ-साथ स्पेशल डिविडेंड भी दे रही हैं, इसलिए अगले कुछ दिनों में कुल 49 बार डिविडेंड का भुगतान निवेशकों के खातों के लिए प्रोसेस किया जाएगा। इस सूची में जो तारीखें दी गई हैं, वे कंपनियों की आधिकारिक एक्शन डेट (प्रभावी एक्स-डिविडेंड तारीख) हैं।

# स्टैनफोर्ड ड्रॉपआउट्स ने किया कमाल! Zepto के ऑटोमेटेड वेयरहाउस कैसे बदल रहे हैं क्विक-कॉमर्स का भविष्य

**समाज जागरण**

बेंगलूरु के बाहर पांच फुटबॉल मैदान के आकार का एक वेयरहाउस। इसमें ग्रे टी-शर्ट और चौकोर काले फ्रेम वाला चश्मा पहने एक 23 वर्षीय युवक खड़ा है। उसके हाथ में बारकोड रीडर है। उससे वह अरहर दाल के पैकेट स्कैन कर रहा है। उसके आसपास रोबोट और इंसान तालमेल के साथ काम कर रहे हैं। स्वचालित मशीनें वजन और आकार के हिसाब से आलू और प्याज की छंटाई कर रही हैं। उपकरण न्यूजीलैंड, पोलैंड और यहां तक कि स्थानीय खेतों से आए सेब के करारेपन और संतरों में चीनी अंश का परीक्षण कर रहे हैं।

पुट टु लाइट स्टेशन उन पिकर्स को दिशा-निर्देश फ्लैश करते हैं जो टमाटर, ब्रेड और डिटर्जेंट के क्रेटों को डिलिवरी ट्रकों तक ले जा रहे हैं। यह युवक जेप्टो का सह-संस्थापक और अध्यक्ष (तकनीक और उत्पाद) कैवल्य वोहरा है। यह इकाई कुछ हद तक वेयरहाउस और कुछ हद तक लैबोरेटरी जैसी है, जहां भारत के क्विक-कॉमर्स की तेजी को आकार दिया जा रहा है।

वोहरा ने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले आदित पलिचा के साथ मिलकर तब जेप्टो की स्थापना की थी, जब वे दोनों किशोर ही थे। दोनों बचपन के दोस्त थे जिन्होंने स्टैनफोर्ड का कंप्यूटर साइंस प्रोग्राम छोड़ दिया और साल 2021 में वैश्विक महामारी के दौरान कंपनी बनाने के लिए भारत लौट आए।